सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:37

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.5 न्यू | 22.0 अधि |
| धर्मशाला | 5.9 न्यू | 22.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79223.11 |
| निफ्टी | 24004.75 |
| सोना | 79,200 |
| चांदी | 92,444 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




विराट कोहली फिर नाकाम

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 4 जनवरी 2025 | 21 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 17, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सपा सांसद जियाउर्रहमान की गिरफ्तारी पर रोक



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जामा मस्जिद में सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के मामले में आरोपी सांसद जियाउर्रहमान बर्क की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। हालांकि, अदालत ने समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद बर्क के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने से इनकार कर दिया। संभल में बर्क पर सर्वेक्षण के खिलाफ हिंसा भड़काने के आरोप में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

### हत्या मामले में राम रहीम से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के हत्या मामले में बरी किए जाने के खिलाफ दायर सीबीआई की याचिका पर डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम से जवाब मांगा है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार ने नोटिस जारी कर बरी किए गए चार लोगों से भी जवाब मांगा है। 28 मई, 2024 को चार लोगों को बरी किया था, जिसके खिलाफ सीबीआई ने याचिका दायर की थी।

### राजस्थान के उदयपुर में सड़क हादसे में 6 की मौत



**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में शुक्रवार को गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रेलर और टेंपो की बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में ऑटो में सवार छह लोगों की मौत हो गई। ट्रेलर चालक ट्रेलर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। इस हादसे का सीएम भजनलाल शर्मा ने संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। उदयपुर सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है।

### हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक आठ जनवरी को

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आठ जनवरी को राज्य सचिवालय में होगी। बैठक में कई अहम फैसले होंगे। बैठक में अगले बजट की तैयारियों पर चर्चा हो सकती है। नववर्ष में राज्य मंत्रिमंडल की यह पहली बैठक होगी। वार्षिक बजट में विधायकों की प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू की अध्यक्षता में दो दिवसीय बैठकें 3 और 4 फरवरी को को प्रदेश सचिवालय में होंगी। बैठकों में विधायकों से 2025-26 के लिए संसाधन जुटाने और बेहतर प्रशासन के बारे में प्राप्त सुझावों पर भी चर्चा होगी।

# पेयजल घोटाले में एक्सईएन समेत 10 अधिकारी सस्पेंड

## ठेकेदार ब्लैकलिस्ट; विजिलेंस जांच के लिए लिखा पत्र, बाइक व कार में ढोया था पानी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**सुक्खू** सरकार ने शुक्रवार को ठियोग में पेयजल सप्लाई घोटाले में 10 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। साथ ही पानी की सप्लाई करने वाले ठेकेदारों को भी ब्लैकलिस्ट करने के आदेश दिए हैं।

जलशक्ति विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी डॉ. ओंकार चंद शर्मा ने सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर (एसई) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के बाद यह कार्रवाई की। साथ ही विजिलेंस के एडीजीपी को डिटेल इंक्वायरी के लिए लेटर लिखा है। सस्पेंड किए गए अधिकारियों में मत्याना डिवीजन के एक्सईएन अशोक कुमार भोपाल, कसुम्प्टी डिवीजन के एक्सईएन बसंत सिंह, मत्याना के एसडीओ परनीत ठाकुर, कोटी के एसडीओ राकेश कुमार, वर्तमान में कोटगढ़ में तैनात एसडीओ विवेक शर्मा, ठियोग के जेई मस्त राम ब्राक्टा, लाफूघाटी के जेई सुरेश कुमार, मत्याना के जेई नीम चंद, रिटायर्ड जेई सुदर्शन और धरेच फागू के जेई सुनील कुमार शामिल हैं। पूर्व माकपा विधायक राकेश सिंघा ने ठियोग में एक करोड़ 13 लाख रुपए का पानी लोगों को टैंकर से पिलाने के दावे को गलत बताया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि पानी बाइक, ऑल्टो कार के-10, होंडा सिटी कार और हॉर्टीकल्चर डायरेक्टर की बोलेरो में ढोया गया। एक मोटरसाइकिल पर 11 चक्कर में 22 हजार लीटर पानी ढोया गया। इसकी एवज में 23 हजार रुपए का भुगतान किया गया।

शिमला में हार्टिकल्चर डायरेक्टर की बोलेरो जीप से 15 हजार लीटर पानी सप्लाई किया गया। इसके बदले 94 हजार की रकम ठेकेदार को दी गई। घोटाले के आरोपों पर ठियोग के कांग्रेस विधायक कुलदीप राठौर ने कहा था कि भ्रष्टाचार व विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वह स्वयं गुणवत्ता की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। एक्सईएन और डीसी को इस पूरे मामले की जांच करने को कहा गया है।



### ठेकेदार को पेमेंट की तो दिखा गबन

**राकेश** सिंघा ने आरटीआई की सूचना का हवाला देते हुए कहा था कि ठियोग में जलशक्ति विभाग ने इस साल गर्मी के दौरान लोगों को पानी पिलाया है और जब इसकी पेमेंट ठेकेदार को की गई, तो उसमें बड़ा गबन लग रहा है। उन्होंने मुख्य सचिव से इसकी जांच और उचित कार्रवाई की मांग की थी। ऐसा नहीं होने पर उन्होंने सचिवालय के घेराव की चेतावनी भी दी थी।

### एक माह में कर दिया ठेकेदार को भुगतान

**ठेकेदार** को पानी की सप्लाई के पैसे का भुगतान एक महीने के भीतर कर दिया गया। अधिकारियों ने भी बिना जांच के बिल का भुगतान किया। ठियोग क्षेत्र में पानी की हर साल भारी किल्लत रहती है, लेकिन घोटाले के चलते लोगों को राहत नहीं मिल पाई। घोटाले की उच्च स्तरीय जांच की जाए।

### एक दिन में 1000 किलोमीटर वाहन की दिखाई रनिंग

**सिंघा** ने कहा कि जलशक्ति विभाग ने बाइक पर भी लोगों को पानी पिलाया है। बिल लेने के लिए जब ठेकेदार ने बिल प्रोड्यूस किए तो बाइक, ऑल्टो कार के-10, होंडा सिटी कार और हॉर्टीकल्चर डायरेक्टर की बोलेरो जैसी गाड़ियों के नंबर दिए गए। एक दिन में ही एक गाड़ी को 500 से 1000 किलोमीटर रनिंग दर्शाई गई, जो पहाड़ों में संभव ही नहीं है। हर साल ठियोग में पानी की सप्लाई के लिए 10-12 लाख रुपए खर्च होते थे, लेकिन 2024 में यह आंकड़ा अचानक एक करोड़ के पार पहुंच गया। कई ऐसे वाहन नंबर भी दिखाए गए, जो अस्तित्व में है ही नहीं। यहां तक कि कुछ इलाकों में जहां सड़कें तक नहीं हैं, वहां भी वाहनों से पानी की सप्लाई दिखाई गई।

# ऑनलाइन मिलेंगे ग्रामीण क्षेत्रों के उत्पाद: सीएम सुक्खू

## स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के लिए ई-कॉमर्स वेबसाइट का किया शुभारंभ



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग की ओर से विकसित ई-कॉमर्स वेबसाइट himira.co.in का शुभारंभ किया। इसके माध्यम से प्रदेश के 44 हजार स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 3,50,000 से अधिक ग्रामीण महिलाओं की ओर से तैयार किए गए उत्पादों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

महिलाओं की ओर से बनाए उत्पादों को बाजार उपलब्ध करवाएगी और इनके उत्पाद को खरीदने के लिए कोई भी कहीं से भी ऑनलाइन ऑर्डर कर सकेगा। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आय सृजन के अधिक अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सात फूड वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया।

फूड वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

### उत्पादों की बिक्री के लिए उपलब्ध करवाएंगे दुकानें

**सीएम** ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के अवसर उपलब्ध करवाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने मिशन के तहत आर्थिक रूप से स्वावलंबी महिलाओं की सफलता की प्रेरक कहानियों की एक पुस्तिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिम-ईरा महिला सशक्तिकरण की एक मिसाल है और आने वाले समय में इसे और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने सभी स्वयं सहायता समूहों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने को कहा ताकि उन्हें अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों और अन्य गणमान्यों को भी हिम-ईरा से बने उत्पाद उपहार स्वरूप प्रदान किए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि हिम-ईरा के उत्पादों को प्रदर्शित करने और उनकी बिक्री के लिए सरकार, सरकारी भवनों में इन उत्पादों के लिए एक समर्पित दुकान उपलब्ध करवाएगी।

### संपन्न लोगों से बिजली सब्सिडी छोड़ने का आह्वान

**सुक्खू** ने पूर्व भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि चुनावों के दृष्टिगत पूर्व भाजपा सरकार ने अंतिम छह माह में बिना बजट प्रावधान के योजनाएं शुरू कीं, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ा। उन्होंने सुविधा संपन्न लोगों से स्वेच्छा से बिजली की सब्सिडी छोड़ने का आह्वान किया।

# सीबीआई ने एक लाख रिश्वत लेते धरा ट्राई का सीनियर अधिकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** में कार्यरत केबल ऑपरेटर की शिकायत पर भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) दिल्ली के सीनियर अधिकारी को सीबीआई ने रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सीनियर रिसर्च ऑफिसर नरेंद्र सिंह रावत ने शिकायतकर्ता से एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।



केबल ऑपरेटर ने इसकी शिकायत सीबीआई से की। सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी सीनियर रिसर्च ऑफिसर नरेंद्र सिंह रावत को एक लाख रुपए रिश्वत के साथ रंगे हाथों दिल्ली के नरौजी नगर से गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने केबल ऑपरेटर की शिकायत पर पहली जनवरी को दिल्ली में ही एफआईआर की थी।

### आरोपी के ग्रेटर नोएडा आवास पर डाली रेड

सीबीआई ने आरोपी अधिकारी के ग्रेटर नोएडा स्थित आवास और उसके कार्यालय पर भी छापेमारी की और मामले से जुड़े दस्तावेज और फाइलें जब्त की हैं। इस अधिकारी ने सिरमौर जिले के केबल सेवाएं संचालित करने के लिए भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के एक लाइसेंस धारक केबल ऑपरेटर को उसका लाइसेंस रद्द करने की धमकी दी थी। इसके एवज में उससे एक लाख रुपए की डिमांड की गई थी।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव

### सीएम आतिशी के खिलाफ अलका लांबा लड़ेंगी चुनाव



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपनी तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस बार पार्टी ने सिर्फ एक ही नाम का ऐलान किया है।

कांग्रेस ने कालकाजी सीट से अलका लांबा को टिकट दिया है। इस सीट से आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की सीएम आतिशी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस अलाकमान ने उनकी उम्मीदवारी को पहले ही मंजूरी दे दी थी।

# रानीताल में बरेली की बुजुर्ग महिला की गला दबाकर हत्या

## बेटा और बहू बच्चों के साथ फरार; जांच में जुटी पुलिस

अनंत ज्ञान, रानीताल (कांगड़ा)

**कांगड़ा** के रानीताल के तहत भंगवार पंचायत के बांध गांव में वीरवार रात एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की पहचान 65 वर्षीय मुन्नी देवी निवासी बरेली (यूपी) के रूप में हुई है।

मृतका 20 साल से अपने बेटे नेकपाल और बहू के साथ रह रही थी। बताया जा रहा है कि महिला रात को अपनी बेटी के पास ज्वालामुखी रोड में आई हुई थी और रात लगभग 10 बजे के करीब उसका बेटा नेकपाल नशे की हालत में यहां पहुंचा और मां को रानीताल अपने घर ले गया। सुबह महिला अपने बिस्तर पर मृत पाई गई। पुलिस जांच में मृतका के गले पर निशान पाए गए हैं। मृतक महिला का बेटा और उसकी बहू और दो बच्चे मौके से फरार हैं। जानकारी के अनुसार 4 महीने पहले नेकपाल की दो बेटियों की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी, उनकी मौत का रहस्य आज भी बरकरार है। हरिपुर थाना प्रभारी व रानीताल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।



**रानीताल** में महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। फॉरेंसिक टीम घटना स्थल पर भेजी गई है व महिला की मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से महिला के मौत के कारणों का खुलासा होगा। रिपोर्ट के आधार पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी।

-बीर बहादुर, एएसपी, कांगड़ा।

### भगदड़ मामले में अल्लू अर्जुन को मिली जमानत



**हैदराबाद।** हैदराबाद के संध्या थियेटर में भगदड़ मामले में शुक्रवार को अभिनेता अल्लू अर्जुन को बड़ी राहत मिली है। नामपल्ली कोर्ट ने अल्लू अर्जुन की नियमित जमानत याचिका मंजूर कर ली है। 4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थियेटर में अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग रखी गई थी। इस दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी और 1 बच्चा घायल हो गया था। अदालत ने अभिनेता को 50-50 हजार रुपए की दो जमानत राशि जमा करने का निर्देश दिया।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पेंशनरों ने वित्तीय लाभों की अदायगी न हो पाने पर जताया आक्रोश -पेज 2
- री रडोह के डबललेन पुल का निर्माण कार्य बजट के कारण रुका -पेज 6
- सलोगड़ा डंपिंग साइट से निकाला 70 हजार टन लिगेसी वेस्ट -पेज 12
- दिल्ली में बढ़ा प्रदूषण, ग्रैप-3 की पाबंदियां फिर लागू -पेज 13
- विकेट ऐसा था कि आक्रामक खेलने की मनोदशा में नहीं था: पंत -पेज 14


# चंदन गुप्ता हत्याकांड : सभी 28 दोषियों को उम्रकैद की सजा

एजेंसी, लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश का चर्चित चंदन गुप्ता हत्याकांड में एनआईए कोर्ट का फैसला आ गया है। सभी दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बता दें कि वीरवार को अनुपस्थित रहा सलीम शुक्रवार को न्यायालय में हाजिर हुआ। दोनों पक्षों की तरफ से सजा के बिंदु पर बहस पूरी होने के बाद अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कासगंज जिले में 26 जनवरी 2018 को तिरंगा यात्रा निकालने के दौरान हुए दंगे में चंदन गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता ने 20 आरोपितों के खिलाफ नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उसके बाद पुलिस ने कुल 31 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। इस मामले में अभियोजन की तरफ से 18 गवाहों को पेश किया गया। वहीं, बचाव पक्ष की तरफ से 23 गवाह पेश किए गए थे। देशद्रोह की धारा 124ए पर सुनवाई नहीं हुई, क्योंकि इसे सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित कर रखा है। एक आरोपित अजीजुद्दीन की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी, जिसके बाद उसकी कार्रवाई समाप्त कर दी गई। मुकदमे के दो आरोपित नसरुद्दीन और असीम कुरैशी को न्यायालय ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।

### गरियाबंद में मुठभेड़ में तीन नक्सली किए ढेर



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को नक्सल प्रभावित गरियाबंद जिले में सुरक्षाबल के जवानों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराया है। सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ नक्सल प्रभावित सोरनामाल जंगल में हुई है। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और स्पेशल टास्क फोर्स की टीम संयुक्त कार्रवाई के लिए सर्चिंग पर निकली थी, इस दौरान नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। नक्सलियों के फायरिंग का जवानों ने जवाब दिया है। वहीं, नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में 'प्रेशर बम' में विस्फोट होने से सुरक्षाबल के तीन जवान घायल हो गए हैं।

# बिलासपुर में 6 .64 ग्राम चिट्टे के साथ पुलिस जवान गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**बिलासपुर** जिले में एक पुलिस जवान से 6.64 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। सदर थाना टीम ने इस मामले में पुलिस जवान सहित एक और युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

एक अन्य युवक भी गिरफ्तार

पुलिस जवान बिलासपुर में विजिलेंस डिपार्टमेंट में कार्यरत था और कुछ समय पहले ही शिमला विभाग के लिए तबादला हुआ था, लेकिन अभी तक ज्वॉइनिंग नहीं दी थी। पुलिस ने उक्त पुलिस कर्मचारी के संदर्भ में शिमला निदेशालय को सूचित कर दिया है। गौर रहे कि सदर थाना की टीम वीरवार देर रात बागी बिनौला गांव के समीप पैट्रोलिंग पर थी। इस दौरान वहां खड़े ट्रक में युवक बैठे हुए थे। चेकिंग के दौरान ट्रक (एचपी 24 सी-4303) के डेशबोर्ड से 6.64 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने कुलदीप कुमार (35) और विशाल ठाकुर (32) निवासी बिनौला को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले भी बिलासपुर जिले में पुलिस का एक कर्मचारी चिट्टे के साथ पकड़ा गया था। एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया एक आरोपी शिमला पुलिस विभाग में बतौर चालक के पद पर कार्यरत है।

**श्रद्धा** शिमला के जाखू मंदिर में माथा टेककर सांसद पत्नी प्रियंका गांधी के लिए की विशेष पूजा

# रॉबट वाड्रा बोले-धर्म के नाम पर न हो राजनीति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**कांग्रेस** की राष्ट्रीय महासचिव एवं वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबट वाड्रा शुक्रवार को शिमला के हनुमान मंदिर जाखू पहुंचे। उन्होंने यहां विशेष पूजा कराई। इस दौरान रॉबट वाड्रा ने कहा कि मैं शिमला अकसर आता रहता हूं। यह हमारा घर है। उन्होंने उनके लिए जाखू मंदिर में आकर प्रार्थना करना बहुत जरूरी था। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि आपस में भाईचारा बना रहे। देश में धर्म की राजनीति नहीं होनी चाहिए। वह मस्जिदों में होने वाले सर्वे के खिलाफ हैं। हमें अपने देश में सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए।



### बोले- संसद में जनता की आवाज उठाती रहेगी प्रियंका

वाड्रा ने कहा कि देश में राहुल और प्रियंका बहुत मेहनत कर रहे हैं। वे सभी को साथ लेकर चलने की राजनीति कर रहे हैं। गांधी परिवार भेदभाव की राजनीति नहीं करता। प्रियंका सांसद बनी हैं और उन्हें उम्मीद है कि संसद में महिलाओं की सुरक्षा, किसानों व समाज के सभी वंचित वर्गों की आवाज उठाती रहेगी। वह उन मुद्दों को उठा रही हैं, जिनसे भाजपा बचना चाहती है और सार्वजनिक चर्चा में पारदर्शिता ला रही हैं।

### स्व. डॉ. मनमोहन के नाम पर किसी विश्वविद्यालय का रखा जाए नाम

**दिल्ली** यूनिवर्सिटी के एक कालेज का नाम वीर सावरकर रखने से उपजे विवाद से जुड़े सवाल पर वाड्रा ने कहा कि दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह उच्च शिक्षित व अच्छे प्रधानमंत्री थे। उन्हें आर्थिक सुधारों और परमाणु समझौते के लिए याद किया जाता रहेगा। डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर किसी विश्वविद्यालय का नाम रखने की योजना बनाई जाती है, तो वह इसका सम्मान करेंगे। बता दें कि प्रियंका गांधी 3 दिन पहले ही शिमला पहुंची हैं, जबकि रॉबट वाड्रा और उनके बच्चे 5 दिन पहले शिमला पहुंच गए थे। इस बीच वाड्रा शुक्रवार जाखू मंदिर पहुंचे। शिमला से लगभग 14 किलोमीटर दूर छराबड़ा में प्रियंका गांधी ने पहाड़ी शैली में अपना घर बना रखा है। वाड्रा ने शक्ति स्थल जैसे अधिक प्रमुख स्थल के बजाए निगमबोध घाट पर सिंह का अंतिम संस्कार करने के निर्णय पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि उनके कद का एक नेता अन्य लोगों की तुलना में बड़ी विरासत का हकदार है।

# उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ 3 मामलों की एक साथ होगी सुनवाई

## न्यूयॉर्क की अदालत ने दिए आदेश, उद्योगपति के खिलाफ लगे हैं रिश्वतखोरी के आरोप

एजेंसी, नई दिल्ली



**न्यूयॉर्क** की अदालत ने उद्योगपति गौतम अडानी और अन्य के खिलाफ 265 मिलियन अमरीकी डॉलर की रिश्वतखोरी के आरोप में चल रहे तीन मामलों की सुनवाई एक साथ करने का आदेश दिया है।

अदालत ने कहा कि इन मामलों की सुनवाई एक संयुक्त मुकदमे में एक साथ की जाएगी। जिन मामलों को एक साथ जोड़ा गया है, उनमें यूएस बनाम अडानी व अन्य (अडाणी के खिलाफ आपराधिक मामला), प्रतिभूति व विनिमय आयोग (एसईसी) बनाम अडाणी एवं अन्य (अडानी के खिलाफ दीवानी मामला) और एसईसी बनाम कैबनेस (अन्य आरोपियों के खिलाफ दीवानी मामला) शामिल हैं। न्यायालय के अनुसार यह निर्णय न्यायिक दक्षता को बढ़ावा देने और परस्पर विरोधी अनुसूचियों से बचने के लिए लिया गया है। सभी मामलों को जिला न्यायाधीश निकोलस जी गरौफिस को सौंपा जाएगा, जो अडानी के खिलाफ आपराधिक मामले की भी सुनवाई कर रहे हैं। न्यायालय के कर्मचारियों को मामलों का पुन: आवंटन करने का निर्देश दिया गया है। अमेरिकी अभियोजकों ने आरोप लगाया था कि यह तथ्य उन अमेरिकी बैंकों और निवेशकों से छिपाया गया था, जिनसे अडानी समूह ने सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए धन जुटाया था। दूसरी ओर अडानी समूह ने आरोपों को 'निराधार' बताते हुए खंडन किया है और कहा कि हम एक कानून का पालन करने वाला संगठन हैं, हम सभी कानूनों का पूरी तरह से पालन करते हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि अभियोग आरोपों पर आधारित हैं, और दोषी साबित होने तक प्रतिवादियों को निर्दोष माना जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### सलौनी के पास अनियंत्रित होकर ट्रक लुढ़का



**अनंत ज्ञान, भोटा।** बड़सर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले सलौनी कस्बे के पास वीरवार देर रात एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया है। इस हादसे में ड्राइवर बाल-बाल बच गया है। ट्रक ड्राइवर ईंटें उतारने के लिए ट्रक को बैक कर रहा था कि अचानक से अनियंत्रित हो गया और सड़क के किनारे लुढ़क गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में ट्रक चालक को कोई चोट नहीं आई है। इस मामले को लेकर भोटा पुलिस चौकी प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस के पास इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई है।

### हमीरपुर में लोहड़ी और गोवर्धन पूजा पर छुट्टी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिलाधीश अमरजीत सिंह ने वर्ष 2025 के दौरान जिला हमीरपुर में दो लोकल छुट्टियों की सूची जारी कर दी है। आदेश जारी करते हुए जिलाधीश ने बताया कि जिला हमीरपुर में इस साल सोमवार 13 जनवरी को लोहड़ी और बुधवार 22 अक्तूबर को गोवर्द्धन पूजा के उपलक्ष्य पर स्थानीय अवकाश रहेगा।

### बिन बारिश के गिरा डंगा, क्वालिटी पर उठे सवाल



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** हमीरपुर से आवाहदेवी मंडी बन रहा नेशनल हाइवे-3 पर शुक्रवार सुबह संगरोह बाईपास पर बिन बारिश के डंगा गिर गया। बाईपास अभी पूर्ण भी नहीं हुआ है। इससे पहले भी नेशनल हाइवे के कई डंगे गिर चुके हैं। ग्राम पंचायत समीरपुर के प्रधान चंद्रमोहन ने बताया कि डंगा गिरने से बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना के समय लोग खेतों में काम कर रहे थे। उन्होंने काम की क्वालिटी को लेकर सवाल उठाए और निर्माण कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच की जाए। इससे पहले भी कोट, समीरपुर और आवाह देवी में निर्माण कंपनी द्वारा लगाए डंगे गिर चुके हैं। इस बारे निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर ने बताया कि निर्माण कंपनी की गाड़ी की टक्कर से डंगा गिर गया। इस बारे पूरी जानकारी जुटाई जा रही है।

### बलडूहक में पेड़ से गिरा व्यक्ति, मौत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन की बलडूहक में पेड़ से गिरने से एक 59 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है। जिससे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार बलडूहक के गांव चठियार का विजय कुमार पुत्र रोशन लाल पेड़ से गिर गया। गंभीर हालत में उसे नादौन अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर भेज दिया है।

### एसपी हमीरपुर आज मेधावी छात्रों को नवाजेंगे

**अनंत ज्ञान, नादौन।** महर्षि विद्या मंदिर गगाल में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जो कि मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित करेंगे।

### स्टाफ नर्स के 28 पदों पर होगी बैचवाइज भर्ती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्सों के 28 पदों को भरने के लिए बैचवाइज भर्ती प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस भर्ती में सामान्य वर्ग के 12 पदों के लिए दिसंबर 2010 तक के बैच की अभ्यर्थी पात्र हैं। सामान्य इडब्ल्यूएस वर्ग के 3 पदों के लिए दिसंबर 2012 तक के बैच, अनुसूचित जाति के 4 पदों के लिए जून 2011 तक के बैच, अनुसूचित जाति बीपीएल के एक पद के लिए दिसंबर 2016 तक के बैच, अनुसूचित जाति डब्ल्यूएफएफ के एक पद के लिए दिसंबर 2017 तक के बैच, अन्य पिछड़ा वर्ग के 5 पदों के लिए दिसंबर 2012 बैच, अन्य पिछड़ा वर्ग बीपीएल के एक पद के लिए दिसंबर 2014 बैच और अनुसूचित जनजाति के एक पद के लिए दिसंबर 2015 तक के बैच की अभ्यर्थी पात्र होंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थी का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए। उन्होंने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे नजदीकी रोजगार कार्यालय में जाकर सूची में अपना नाम देख लें। अगर सूची में उनका नाम नहीं है तो वे 10 जनवरी से पहले विभाग की वेबसाइट ईईएमआईएस.एचपी.एनआईसी.इन पर अपने नाम दर्ज करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए नजदीकी रोजगार कार्यालय या जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में संपर्क कर सकते हैं।

### सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जाहू।** स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खरवाड़ में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसमें स्कूल के बच्चों और अध्यापकों ने शुक्रवार को सड़क पर रैली निकाली गई जिसमें पाठशाला के उप प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा, राज कुमार, राकेश चन्द, किशोर कुमार, अनिल कुमार, सागर सिंह, प्रकाश, कुलदीप, कमलेश, कल्पना और मीना कुमारी इत्यादि अध्यापकों ने रैली में भाग लिया और लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में अवगत करवाया और सड़क नियमों की पालना करने के लिए आग्रह किया गया।

### महिलाओं को दिए मशरूम की खेती के टिप्स



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा हमीरपुर के निकटवर्ती गांव समराला की महिलाओं के लिए आयोजित दस दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस शिविर में गांव की 35 महिलाओं ने मशरूम की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर के समापन अवसर पर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर मुख्यातिथि और जिला अग्रणी प्रबंधक टीसी नमन्याल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अस्मिता ठाकुर ने महिलाओं से कहा कि आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से अपना उद्यम स्थापित कर सकती हैं। घर में ही मशरूम का प्लांट लगाकर वे अच्छी आय अर्जित कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि मशरूम के उत्पादन, विपणन और प्रसंस्करण की प्रक्रिया में कई महिलाओं को घर में ही अच्छा रोजगार मिल सकता है। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं के लिए काफी लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं। टीसी नमन्याल ने महिलाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि महिलाएं बैंकों की ऋण योजनाओं और विभिन्न विभागों की सब्सिडी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने उद्यम लगा सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ डिजिटल बैंकिंग की प्रक्रियाओं से भी अवगत करवाया और डिजिटल ठगों से सावधान रहने की अपील की। इस अवसर पर वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, प्रशिक्षण शिविरों के मूल्यांकनकर्ता सोमदत्त शर्मा और देवीराम, आरसेटी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### नघुं गांव के खुशी राम शर्मा का निधन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन की चिल्लियां पंचायत के गांव नघुं के 93 वर्षीय खुशी राम शर्मा का निधन हो गया है। जिससे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। पूर्व निर्देशक डॉक्टर ओपी शर्मा, पूर्व सचिव सुरेंद्र कुमार, उप-निरीक्षक पवन कुमार, दीनानाथ, मनोज कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

### ब्याड़ में पूर्व सैनिकों व आश्रितों का जांचा स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बड़सर उपमंडल के बिझड़ ब्लॉक के ब्याड़ गांव में ईसीएचएस की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में जालंधर से मान मेडिसिटी अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं दी। टीम में शामिल चिकित्सकों डॉ. आरएस सैनी, डॉ. विपिन पॉल व डॉ. रितु ने पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों का स्वास्थ्य जांचा। शिविर में सभी प्रकार के टेस्ट भी निशुल्क हुए। मरीजों को चिकित्सकों की टीम दवा भी निशुल्क उपलब्ध करवाई। सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर भगवानदास ने चिकित्सकों, पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों का आभार जताया।

## 'तनाव' के माहौल में हमीरपुर जिला भाजपा का ढांचा

# संगठनात्मक चुनावों के दौर में नेताओं के चेहरों पर छाई 'मायूसी'

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

पार्टी के संगठनात्मक ढांचे की जिस मजबूती के लिए इन दिनों हमीरपुर जिले के भाजपा नेताओं का 'कुनबा' एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए उलझा हुआ है। उसमें उनके चेहरों पर छाई हुई मायूसी भी साफ नजर आ रही है। खेमेबाजी में उलझी यह लड़ाई पार्टी की जड़ों में 'तनाव' का माहौल असरदार तरीके से परोस रही है।

मसला जिलाध्यक्ष और पेंडिंग चल रहे पांच मंडलाध्यक्षों की तैनाती से जुड़ा हुआ है। जिसमें दोनों धड़े अच्छी-खासी अंदरुनी फाइटिंग में अभी नहीं तो कभी नहीं का 'दम' भरने में कोई चूक नहीं छोड़ रहे। इसीलिए लेट लतीफी का दौर जारी है। अब केवल घोषणा होनी है। कब होगी, कैसे होगी? इसी की फिक्र में एक-दूसरे से इन नेताओं की जुबान भी अब अंदरुनी पीड़ा को ब्यां कर रही है। वैसे भी इस जिला की भाजपा का ढांचा मुकम्मल तौर पर अब जिस नए अंदाज में 'हिचकोले' खा रहा है। नेताओं की परंपरागत राजनीति सवालों के घेरे में उलझी हुई है।

**जिलाध्यक्ष और पांच मंडलाध्यक्षों की तैनाती में खींचतान का पेंच बरकरार**

यह स्थिति वाक्य ही, इसकी भीतरी 'चूलों' में ऐसे तनाव को परोस रही है, जिससे ढांचे का रूप स्वरूप क्या होगा? उस पर मुकम्मल असमंजस का दौर हावी नजर आ रहा है। गुटों में बंटे इन नेताओं के समर्थक जिस 'तनाव' के दौर से गुजरते हुए नजर आ रहे हैं, लग रहा है अब भाजपा की राजनीति में कुछ खतरनाक होने जा रहा है। समर्थकों को उम्मीद है कि उनके अपने-अपने नेता 'चमक' दिखाने में निश्चित रूप में कामयाब होंगे, लेकिन इस खतरनाक इंतजार का दौरा सिमटने का नाम नहीं ले रहा। वहीं, जिलाध्यक्ष के चुनाव के लिए ऐलान हो गया है। जिलाध्यक्ष देशराज शर्मा ने बताया कि 5 जनवरी को नॉमिनेशन होगी और 6 को चुनाव होंगे। (अनंत ज्ञान)

### खतरनाक बन चुका है मंडलाध्यक्ष का चुनाव

**बड़सर** में एक मंडल अध्यक्ष का चुनाव खतरनाक बन चुका है। अब यहां भी केवल घोषणा होनी है। बाजी किसके हाथ लगेगी? बस इसी की नई फिकर नेताओं को 'अभी नहीं तो कभी नहीं' में पिरोए हुए हैं। यहां भाजपा का ढांचा अब मुकम्मल तौर पर नई करवटें ले रहा है। वैसे भी पिछले कुछ सालों से भाजपा की अंदरुनी जड़ें, यहां पर जिस अंदाज में काटकर वृक्ष को सुखाने का काम हुआ है, उसमें अब नई आहुति डाले जाने की रस्म अदायगी शेष बची हुई है। यहां अब कांग्रेस से आए नेता और विधायक इंद्रदत्त लखनपाल को अपने हिसाब की राजनीति के घोड़े पर सवार होना है। यही बड़े नेताओं की खींचतान के हिस्से की बड़ी वजह है।

### नए नेताओं की वजह से बदला माहौल पुराने नेताओं को नहीं आ रहा 'रास'

सुजानपुर में तो वैसे भी नेताओं के लिए राजनीति का सुकून अजीबो-गरीब ही रहा है, क्योंकि अब यहां की भाजपा को पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के माहौल में ढलना है। 'चुनौती' का दौर राष्ट्रीय नेतृत्व की वजह से यहां अब उन्हीं के पाले में दिख रहा है। इसी वजह से मंडल के दो अध्यक्षों की तैनाती में बहुत कुछ बदलेगा? इसकी उम्मीद ज्यादा नहीं है। हमीरपुर सदर सदर सीट पर निश्चित रूप में नई राजनीतिक पारी की शुरुआत करने वाले विधायक आशीष शर्मा भी अपने माहौल की 'करवटें' लेने में कोई कसर छोड़ रहे हों, ऐसा कतई नजर नहीं आ रहा। इसी वजह से यहां भी दोनों मंडल अध्यक्षों की तैनाती को लेकर ऊहापोह का दौर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। राजनीति के इस खेल को अपने माहौल में ढालने के लिए जिला में नेताओं की नई तिकड़ी का हिस्सा बने आशीष और उनके समर्थकों के हौंसले पस्त नहीं हुए हैं, इसीलिए मंडलाध्यक्षों की तैनाती में देरी का माहौल और दौर जारी है।

## पेंशनरों ने वित्तीय लाभों की अदायगी न हो पाने पर जताया आक्रोश



**अनंत ज्ञान, नादौन**

विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम की बैठक शुक्रवार को नादौन में संपन्न हुई, जिसमें पेंशनर्स की मांगों व समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पेंशनरों ने वित्तीय लाभों की अदायगी न हो पाने को लेकर आक्रोश जताया। बैठक की अध्यक्षता फोरम की नादौन इकाई के अध्यक्ष राज कुमार चौधरी ने की।

बैठक में हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने पेंशनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि विद्युत बोर्ड में वित्तीय कुप्रबंधन के चलते पेंशनर्स के एरियर को लेकर 2022 के आदेश भी लागू नहीं हो पाए हैं और इसके बाद 75 साल से ऊपर व नीचे की आयु वाले पेंशनर्स को लेकर जो भी आदेश जारी हुए हैं, पूर्णतया लागू नहीं हो पाए हैं। यहां तक कि आज 35-38 साल तक विभाग में सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को उनके वित्तीय लाभों की अदायगी भी नहीं हो पा रही है। ऐसा घटनाक्रम पिछले डेढ़ साल से चल रहा है और मई 2023 से लेकर आज तक जो भी ड्राइंग लिमिट पेंशनर्स से संबंधित है, फाइनेंस विंग में लंबित पड़ी हैं, जबकि ठेकेदारों की पिक एंड चूज के आधार पर हर महीने करोड़ों रुपए की पेमेंट हो रही हैं। खरवाड़ा ने विद्युत बोर्ड में वित्तीय अनियमताओं के लिए निदेशक वित्त को जिम्मेदार ठहराते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू से न्यायिक जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इतिहास में इस तरीके का सौतेला व्यवहार पेंशनर्स के साथ कभी नहीं हुआ जो पिछले डेढ़ साल से हो रहा है। बैठक में फोरम के सचिव विधि चंद सनोरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगत राम, कोषाध्यक्ष पृथ्वी चंद सहित काफी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## सात ग्राम चिट्टे समेत दो व्यक्ति गिरफ्तार



**एसके शर्मा, जाहू।** भोरंज पुलिस के द्वारा नशा गिरोह को पकड़ने के लिए चलाए गए अभियान में 7 ग्राम चिटटे के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। भोरंज पुलिस के द्वारा लझयाणी के जंगल अक्ष्य संख्याण पुत्र विधि सिंह गांव व डाकघर अमन तहसील भोरंज व अक्षय शर्मा पुत्र विजय पाल गांव मसेरडू डाकखाना डिडवीं टिक्कर तहसील व जिला हमीरपुर को 7 ग्राम चिटटे के साथ धर दबोचा। भोरंज पुलिस थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ने बताया कि दोनों युवक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। पुलिस के शक होने पर इनकी तलाश ली गई तो इनके पास चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## नगर परिषद हमीरपुर के रिक्त अध्यक्ष पद के चुनाव करवाने को लेकर डीसी से मिले पार्षद

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



बेशक नगर परिषद हमीरपुर को नगर निगम का दर्जा मिल चुका है, बकायदा इसकी अधिसूचना भी 23 दिसंबर को जारी की जा चुकी है, लेकिन मौजूदा पार्षदों का कार्यकाल अभी बाकी है। जब तक नगर निगम पूरी तरह से अस्तित्व में नहीं आ जाता या प्रशासनिक अधिकारी यहां विराजमान नहीं होता, तब तक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षद अपना कार्यकाल पूरा करेंगे और विकास कार्य करते रहेंगे।

बता दें कि पार्षदों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर हाई कोर्ट से आदेश जारी होने के बाद 26 दिसंबर को बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष के पक्ष में 4 और विरोध में 7 मत पड़े थे, जिससे अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था। इसी रिक्त पद को भरने के लिए शुक्रवार को नगर परिषद हमीरपुर के वार्ड 3 से डिंपल बाला, वार्ड 4 से संदीप भारद्वाज, वार्ड 6 से सुदेश भारद्वाज, वार्ड 8 से विनय कुमार, वार्ड 9 से पुष्पा शर्मा, वार्ड 10 से सुशील कुमार व वार्ड 11 से वकील सिंह ने एडीएम राहुल चौहान से मिले और नगर परिषद में रिक्त हुए अध्यक्ष पद के चुनाव करवाने को लेकर बैठक आयोजित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इन चुनावों के लिए एक माह है और इसी बीच बैठक आयोजित कर चुनाव करवाने होंगे, क्योंकि सारी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कई महीनों से विभिन्न कारणों से नगर परिषद में किए जा रहे विकास कार्यों को लेकर कोई भी बैठक आयोजित नहीं की गई। अध्यक्ष पद का चुनाव होने से सारे पेंडिंग कार्य पूरे हो जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## समाज को नशे के खिलाफ जागरूक करने में निभाएं भूमिका : प्रो. शशि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आज समाज को नशा मुक्त बनाने में हर व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी होगी। अगर आपके परिवार या आसपास कोई व्यक्ति नशा करते है, तो उसे नशे से बाहर निकालना भी हमारा कर्तव्य है। यह बात हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने कही। प्रो. धीमान ने शुक्रवार को हमीरपुर जिला के निजी स्कूल ट्विंकल स्टार पब्लिक स्कूल घनेड़ के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान में सभी सक्रिय भूमिका निभाएं, जिससे एक बेहत्तर समाज का निर्माण हो सकें। साथ ही शिक्षकों से भी आग्रह किया वे भी विद्यार्थियों को समय-समय पर समाज के प्रति उनके दायित्व और नैतिक मूल्यों के बारे में अवगत करें। कुलपति ने कहा कि समाज के सर्वांगिण विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पूरे देश में लागू की जा रही है, जिसका उद्देश्य भावी पीढ़ी का संपूर्ण विकास है। विद्यार्थियों में भाषा, विज्ञान, खेल और कौशल को विकसित करने में शिक्षा नीति योगदान देगी।

## पहचान स्पेशल स्कूल के छात्र विशेष ने बनाया मुख्यमंत्री सुक्खू का स्कैच



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पहचान स्पेशल स्कूल हमीरपुर में पढ़ रहे छात्र विशेष ने मुख्यमंत्री सुक्खू का स्कैच बनाया है। यह विशेष छात्र दिव्यांग है और चेतना शर्मा द्वारा चलाए गए स्पेशल स्कूल में पढ़ता है। स्कूल में बच्चों को हर प्रकार के क्षेत्र के लिए तैयार किया जाता है, जिसमें हर बच्चे में अद्भुत प्रतिभाएं छिपी हुई है। पहचान स्पेशल स्कूल दिव्यांग बच्चों के लिए चलाया जा रहा है जिसमें बच्चे की स्कैच बनाने की कला अदभुत और अकल्पनीय है। यह स्कूल जिला हमीरपुर की सासन पंचायत के सलासी में स्थित है।

## मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीशियन के 25 पदों पर बैचवाइज भर्ती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्वास्थ्य विभाग में मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीशियन ग्रेड-2 के 25 पदों पर भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों के कोटे से बैचवाइज भर्ती प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस भर्ती में सामान्य वर्ग के भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए 15 पद, अन्य पिछड़ा वर्ग के भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए 3 पद, अनुसूचित जाति के भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए 5 पद और अनुसूचित जनजाति के भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए 2 पद रखे गए हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भूतपूर्व सैनिकों के जिन पात्र बच्चों ने अभी तक अपने नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं करवाए हैं, वे 10 जनवरी से पहले विभाग की वेबसाइट ईईएमआईएस.एचपी.एनआईसी.इन पर अपने नाम दर्ज करवा दें।

## नेता प्रतिपक्ष को प्रदेश हित से अधिक कुर्सी की लालसा : प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



नेता प्रतिपक्ष द्वारा विधानसभा चुनाव करवाने के ब्यान पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि जयराम इस प्रकार के वक्तव्य देकर हास्य के पात्र बन रहे हैं, क्योंकि उनकी तथा भाजपा की लोकप्रियता और कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली पर हाल ही में भाजपाइयों के षड्यंत्रों के परिणामस्वरूप हुए 9 विधानसभा उपचुनावों में जनता अपना मत व्यक्त कर चुकी है। कौशल ने कहा कि जयराम के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने प्रदेश को कंगाली के कगार पर पहुंचा दिया और अब जब मुख्यमंत्री प्रदेश के आर्थिक हालात सुधारने के मद्देनजर जनता का सहयोग लेने का प्रयास कर रहे हैं तो जयराम राजनीति कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि उन्हें प्रदेश हित से ज्यादा कुर्सी की लालसा है। उन्होंने जयराम को चुनौती दी कि यदि उन्हें अपनी और भाजपा की लोकप्रियता पर इतना ही अहंकार है तो अपने विधायकों से त्यागपत्र देकर दोबारा चुनाव लड़ें।

## सावित्री पब्लिक स्कूल में मेधावी स्टूडेंट्स किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सावित्री पब्लिक स्कूल हमीरपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह के मुख्यातिथि रोहित शर्मा एसडीएम सुजानपुर तहसील व जिला हमीरपुर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन हमीरपुर जिला के टाउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की प्रबंधक श्रीमती डेजी शर्मा ने मुख्यातिथि के साथ दीप प्रज्वलित करके की। इसके पश्चात बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें छात्राओं द्वारा सबसे पहले मां सरस्वती वंदना की प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात नर्सरी कक्षा के नन्हे मुन्ने इट्स होली हॉलीडे पर झूमते हुए नजर आए जो सबको अपनी और मोहित कर रहे थे। पहली कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा लोक नृत्य रंगीलो मारो ढोलना पर अपना योगदान प्रस्तुत किया जो पूरे राजस्थान की संस्कृति को प्रस्तुत कर रहा था। इसके अलावा अन्य कक्षाओं के छात्रों ने भी अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। अध्यापिका स्वाति कौशल ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 170 बच्चों को उनकी योग्यता के अनुसार गोल्ड मेडल, 70 बच्चों को सिल्वर व 35 बच्चों को ब्रांज मेडल और प्रमाण पत्र देकर नवाजा गया। वर्ष 2023-24 की दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में भावना जानू ने प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान तेजस्विनी शर्मा 95 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान और वंशिका राय अंक हासिल कर तृतीय स्थान हासिल किया वह अन्य छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर स्कूल को गौरवान्वित किया। इन सभी को समझ में सम्मानित किया इस सत्र में सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार दसवीं कक्षा की अर्पिता ठाकुर को दिया गया।

## भोरंज में धूमधाम से मनाया जाएगा लोहड़ी पर्व

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



लोहड़ी के उपलक्ष्य पर इस बार भोरंज के मिनी सचिवालय परिसर में विशेष आयोजन किया जाएगा और इस पर्व को उपमंडल स्तर पर धूमधाम से मनाने की परंपरा शुरू की जाएगी। इसके अलावा 26 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज के परिसर में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह भी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। एसडीएम शशिपाल शर्मा ने शुक्रवार को यहां मिनी सचिवालय में उपमंडल स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक करके दोनों कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की।

उन्होंने कहा कि उत्सव और त्योहार हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। ये आपसी भाईचारे एवं सौहार्द को बढ़ावा देते हैं और एक-दूसरे के साथ मिलने-जुलने के अवसर भी प्रदान करते हैं। एसडीएम ने कहा कि भोरंज उपमंडल में कोई बड़ा मेला या उत्सव आयोजित नहीं किया जाता है। इसलिए, लोहड़ी के उपलक्ष्य पर 13 जनवरी की शाम को मिनी सचिवालय के परिसर में यह पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को भोरंज स्कूल में प्रात: 11 बजे मुख्यातिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और परेड आयोजित की जाएगी। बैठक में तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, नायब तहसीलदार पृथ्वी चंद आदि उपस्थित थे।

## रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसो. की बैठक में पेंशनर्स होंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नादौन**

रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक यशपाल साहित्य सदन नादौन में आयोजित की गई, जिसमें 6 जनवरी को सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 80, 85, 90, 95 व 100 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पेंशनर्स को एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

समारोह में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान पीडी शर्मा ने की। बैठक में एसोसिएशन के महासचिव विजय चैधरी, जगदेव सिंह, डीएस मिन्हास, जेएन ठाकुर, प्रीतम चंद, मोती राम, सुरेश रतन, आरसी शर्मा, शिव कुमार डोगरा, अमर चंद, विश्म्बर लाल, यशपाल राणा, ओम प्रकाश, डाक्टर कुलदीप गढ़वाल, जगदीश शर्मा, सुभाष बस्सी, रविन्द्र कौशल, ओम प्रकाश आनंद, रतन चंद, केहर सिंह, नानक चंद, मनोहर लाल शर्मा, रविन्द्र पुरी, सुदेश जस्वाल, बलदेव सिंह आदि उपस्थित रहे।

एसोसिएशन के महासचिव विजय चौधरी ने बताया कि समारोह बारे रूपरेखा तैयार की तथा विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। उन्होंने पेंशनर्स से आग्रह किया है कि वे प्रात: 11 बजे समारोह स्थल नादौन में पहुंचकर शोभा बढ़ाएं।

**राजनीति** | प्रदेश की जनता के साथ हो रहा खिलवाड़, पूर्व विधायक ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की

## घोटाले विकास के दावों को खोखला कर रहे साबित: राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में पानी की सप्लाई को लेकर सामने आए घोटाले पर सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने चुटकी लेते हुए पूछा है कि कहीं यह काम सुक्खू सरकार के मित्रों का तो नहीं है और कहीं उन्हें ही तो सप्लाई के ठेके नहीं दिए गए थे।

राजेंद्र राणा ने प्रेस बयान में कहा कि समाचार पत्रों में अन्य वाहनों सहित उन स्कूटरों, मोटरसाइकिल और हीरो होंडा कारों के बाकायदा नंबर प्रकाशित हुए हैं जिन पर पानी की सप्लाई दर्शाई गई है और यह सरकार की नाक तले बहुत बड़ी धांधली तथा घोटाला है। राजेंद्र राणा ने इस पर कटाक्ष करते हुए इसे प्रदेश सरकार की अक्षमता और भ्रष्टाचार का जीता-जागता उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि सरकारी दस्तावेजों में सैकड़ों गैलन पानी को मोटरसाइकिल, स्कूटरों व कारों पर सप्लाई दिखाया गया है। यह न केवल आम जनता के साथ धोखा है, बल्कि सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार का घिनौना चेहरा भी उजागर करता है।

राणा ने आरोप लगाया कि इस घोटाले ने राज्य में बुनियादी सुविधाओं के प्रबंधन की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि पानी जैसी प्राथमिक आवश्यकता की पूर्ति में भी घोटाले किए जा रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं देने में पूरी तरह विफल रही है। इस प्रकार के घोटाले प्रदेश में विकास के दावों को खोखला साबित करते हैं।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रदेश की जनता के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ हो रहा है। राणा ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार इस मामले पर जल्द कार्रवाई नहीं करती है, तो जनता सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# आईजीएमसी में 600 आउटसोर्स कर्मी हड़ताल पर, स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई

## 132 आउटसोर्स कर्मियों को नौकरी से निकालने पर भड़के साथी कर्मचारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईजीएमसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू के बैनर तले आईजीएमसी अस्पताल के सफाई, वार्ड अटेंडेंट, सुरक्षा कर्मी, ईसीजी, मैस, लॉन्ड्री, डेटा एंट्री ऑपरेटर, ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट आदि छः सौ आउटसोर्स कर्मी 132 आउटसोर्स कर्मियों को बिना कारण गैर-कानूनी तरीके से नौकरी से निकालने के खिलाफ हड़ताल पर उतर गए। हड़ताल के कारण अस्पताल में ऑपरेशन नहीं हो पाए। सफाई व्यवस्था पूर्णतः ठप्प रही। ओपीडी भी काफी तौर पर प्रभावित रही व डॉक्टरों को स्वयं ही चतुर्थ श्रेणी कर्मियों का कार्य करना पड़ा।

ईसीजी व लॉन्ड्री का कार्य पूरी तरह बाधित रहा। इमरजेंसी के सिवाए अस्पताल के सभी कार्य ठहर गए। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर निकाले गए मजदूरों को तुरंत बहाल न किया गया तो आंदोलन तेज होगा व हड़ताल आगे बढ़ेगी।




आउटसोर्स कर्मियों ने अस्पताल परिसर में ही मोर्चा बांध लिया व धरने पर बैठ गए। इस दौरान मजदूरों से बातचीत के लिए एडीसी शिमला व थाना प्रभारी सदर आए परंतु आंदोलनकारी मजदूरों ने हड़ताल खत्म करने से इंकार कर दिया। यूनियन ने अस्पताल के प्रधानाचार्य, अतिरिक्त निदेशक व चिकित्सा अधीक्षक से तत्काल मांगों का समाधान मांगा है। यूनियन ने 132 मजदूरों की तत्काल बहाली की मांग की है। इसके तहत हड़ताल, धरने प्रदर्शन, राजभवन, सचिवालय, महात्मा गांधी प्रतिमा, उपायुक्त कार्यालय मार्च व अधिकारियों के घेराव होंगे।

**डॉक्टरों को स्वयं ही चतुर्थ श्रेणी कर्मियों का कार्य करना पड़ा**

प्रदर्शन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिलाध्यक्ष कुलदीप डोगरा, जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, आउटसोर्स यूनियन महासचिव दलीप सिंह, विवेक कश्यप, राम प्रकाश, रंजीव कुठियाला, यूनियन अध्यक्ष वीरेंद्र लाल, महासचिव नोख राम, कोषाध्यक्ष सीता राम, निशा, सरीना, सुरेंद्रा, उमा, विद्या, प्रवीण, भूमि, वनीता, राजेंद्र, धनी राम, संजीव, सुनीता, सुशीला, लेख राज, जगत राम, वंदना, चमन, सुनीता, विद्या गाजटा, उमा, सन्नी, संदीप, हीरा लाल सहित सैंकड़ों मजदूर शामिल रहे।

# रिज मैदान पर अर्धनग्न अवस्था में झूमते नजर आए पर्यटक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में इन दिनों विंटर कार्निवाल चल रहा है। ऐसे में यहां पर पर्यटक डांस करते हुए तो नजर आ रहे है, लेकिन साथ ही सैलानी हुड़दंग मचाते नजर आए है। यह मामला गुरुवार रात का है। एक तरफ शिमला विंटर कार्निवाल में मशहूर गायक सतिंदर सरताज स्टेज पर रंग जमा रहे थे वहीं, दूसरी ओर कुछ युवा सैलानी अचानक कपड़े उतारकर नाचने लगे।

इसका वीडियो मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने शूट किया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी इसकी जमकर आलोचना हो रही है। लोग मुख्यमंत्री के उस बयान की आलोचना कर रहे हैं, जिसमें झूमने वालों को होटल तक छोड़ने की बात कही गई थी। भारतीय जनता पार्टी भी सरकार की ओर से मिली कथित छूट को लेकर सवाल खड़े कर रही है।

हिमाचल भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश में हालात बेहद गंभीर है। कोई दिसंबर महीने में यहां आकर सिर पर शराब की बोतल लेकर नाच रहा है, तो कोई अर्धनग्न अवस्था में रिज पर डांस कर रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह कहते हैं कि कोई हुड़दंग करे, तो उसे होटल पर छोड़कर आएं। बिंदल ने कहा कि इसकी वजह से हिमाचल प्रदेश की छवि देश भर में खराब हो रही है।



**मुख्यमंत्री सुक्खू के बयान की हो रही आलोचना**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का काम अब सिर्फ अपने बयानों से पलटना रह गया है। 24 दिसंबर को शिमला विंटर कार्निवाल की शुरुआत के दौरान शिमला में मीडिया के साथ बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा था कि हिमाचल प्रदेश अतिथियों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। कोई भी अगर झूम जाए, तो उसे झूमने देना है। यह नहीं कि उसे हवालात में बंद कर देना है। शिमला विंटर कार्निवाल पर्यटकों के आतिथ्य के लिए तैयार है। मैंने पुलिस वालों को भी निर्देश दिए हैं कि जो परिवार के साथ भी झूमने वाले आ जाते हैं, उन्हें भी प्यार से होटल तक छोड़ना है।

भारत और हिमाचल प्रदेश की संस्कृति अतिथि देवो भवः वाली है। आपसी मेल मिलाप और भाईचारे के साथ इस विंटर कार्निवाल का आनंद उठाना है। वहीं एक-दो दिन पहले कुछ पर्यटक दिन के समय हाथ में शराब की बोतल उठाकर नाचते हुए नजर आए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम कार्यालय स्वीकृत करने के लिए जताया सीएम का आभार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला ग्रामीण विधानसभा के सुन्नी क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने सुन्नी में उपमंडलाधिकारी कार्यालय स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुन्नी क्षेत्र के लोग उपमंडलाधिकारी कार्यालय खोलने के लिए लंबे समय से मांग कर रहे थे। वर्तमान प्रदेश सरकार ने हाल ही में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में क्षेत्र के लोगों की मांग को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि यह एसडीएम कार्यालय क्षेत्र के लोगों के सरकारी कामकाज को समयबद्ध पूरा करने में भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। ग्रामीणों क्षेत्रों में लोगों के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, सुन्नी क्षेत्र की विभिन्न पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### दलाईलामा बाइलाकुप्पे तिब्बती बस्ती के लिए रवाना

**संजय अग्रवाल, मैक्लोडगंज।** तिब्बती आध्यात्मिक नेता 14वें दलाई लामा शुक्रवार को धर्मशाला से कांगड़ा हवाई अड्डे के रास्ते दक्षिण भारत कर्नाटक के बाइलाकुप्पे तिब्बती बस्ती के लिए रवाना हो गए। मुख्य तिब्बती मंदिर से एस्कॉर्ट कारों द्वारा अपनी यात्रा शुरू करने वाले दलाई लामा को केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, मठवासियों और आम लोगों ने गर्मजोशी से विदाई दी, जो मंदिर के पास की सड़कों पर धर्मशाला से निचले हिस्से तक उनके सम्मान के लिए खड़े थे। तिब्बती भिक्षुओं, भिक्षुणियों, आम लोगों और स्कूली बच्चों सहित सैकड़ों भक्त सड़क के दोनों ओर खड़े, और दलाई लामा का स्वागत करने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए औपचारिक स्कार्फ, धूपबत्ती और प्रार्थना झंडे पकड़े हुए थे। (अनंत ज्ञान)



### हिमाचल देशभर में बदनामी की कगार पर : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार लगातार ऐसे कृत्य कर रही है, जिससे हिमाचल प्रदेश, देशभर में बदनामी के कगार पर खड़ा हो गया। हिमाचल प्रदेश अपनी सुंदरता, देवी देवताओं एवं उन वीर सपूतों के लिए जाना जाता है, जिन्होंने अपना सर्वस्व देश की रक्षा के लिए किया लिए न्योछावर कर दिया, परंतु पिछले दो साल में एक के बाद एक सरकार ऐसे काम कर रहे, जिससे हिमाचल अलग अलग प्रकार से सुर्खियों में है। आजकल हिमाचल इस बात के लिए सुर्खियों में है कि दिसंबर के महीने में लोग सिर के ऊपर बोतलें रखकर, कपड़े उतार कर और नंग अवस्था में नृत्य करते हुए दिखाई देते हैं। मुख्यमंत्री यह कहते हैं कि कोई हुड़दंग करे, कोई झूमे, कोई कुछ भी करे उसको प्रशासन उसके होटल पहुंचा करके आएगा। बिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री केवल जनता का ध्यान भटकाने के लिए एवं बरगलाने के लिए बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं।



### जरूरी मरम्मत के चलते चौपाल में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** उपमंडल चौपाल के अंतर्गत आने वालें क्षेत्र चौपाल, सरैन, चंबी मड़ावग, देवत, ठंठा मझोटली, थाना, बौधना, धवास, खदर, लिंगजार, चंबी, ननहार, बदलावग, झीना,

अनंत ज्ञान बिजली बंद

कुरना, माटल, कफरोना खौल, जुब्बड़, टपरोली, पबास, अलाइसना, कोटि, धुरला, मकडोग, दशोली, पुजारली, कुजवी आदि के आस पास क्षेत्र में, 66 केवी जतोग-गुम्मा- सेंज-हल्ली लाइन में आवश्यक कार्य जैसे पेड़ की शाखाओं की कटाई, 66 केवी सबस्टेशन लास्टाधार में आवश्यक कार्य जैसे ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत, जम्पर को ठीक करना इत्यादी एवं 22 केवी एच टी लाइन चौपाल, सरैन, चंबी, झिकनीपुल में आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु 5 जनवरी को विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल चौपाल हिमांशु नैनवाल ने बताया कि मौसम के अनुकूलता शट डाउन किया जाएगा।

### राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की हिमाचल सरकार को दो टूक, कहा-

# राजभवन किसी के चुनावी वादे पूरे करने के लिए नहीं

**अनंत ज्ञान, शिमला**

अपनी दो टूक बातों के लिए पहचान रखने वाले राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि राजभवन किसी नेता के चुनावी वादे पूरे करने के लिए नहीं है। राज्यपाल ने यह बयान राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के उस बयान पर पलटवार करते हुए दिया, जिसमें उन्होंने राजभवन की ओर से नौतोड़ मामलों को मंजूरी न देने की बात कही थी।



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि नौतोड़ मामलों को लेकर राज भवन ने अपना जवाब दे दिया है। कुछ विषयों को लेकर आपत्ति थी, इसे लेकर जवाब मांगा गया है। अब तक राज्य सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं मिला है। राजभवन ने यह कभी नहीं कहा कि हम नौतोड़ से अलग हैं, लेकिन राजभवन नियमों की परिधि में रहकर ही काम करेगा। राजभवन की ओर से राज्य सरकार से पूछा गया है कि इसमें कितने लोग शामिल हैं।

राजभवन ने इसे लेकर इस संबंध में नामों की भी जानकारी मांगी है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि अगर किन्हीं नाम को गलत तरीके से दिखाया जाएगा, तो राजभवन इसके लिए जिम्मेदार नहीं है। वे नियमों के बाहर जाकर काम नहीं करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन किसी के चुनावी वादे पूरे करने के लिए नहीं है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी भले ही राजभवन का सम्मान न करें, लेकिन राजभवन उनका सम्मान करता है। राजस्व मंत्री ने पद की शपथ यहीं ली है। राज्यपाल ने कहा कि वे सरकार के मंत्री हैं, ऐसे में जब भी वार्ता के लिए आना चाहें, तो आ सकते हैं।

### जगत सिंह नेगी ने क्या था?

**बता** दें कि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से सुक्खू सरकार में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी नाराज नजर आए थे। नौतोड़ संबंधी मंत्रिमंडल के प्रस्ताव को मंजूरी न मिलने से नेगी ने नाराजगी जाहिर की थी।



राजस्व मंत्री के मुताबिक, राजभवन में डेढ़ साल से ज्यादा समय से यह प्रस्ताव लटका हुआ है। नेगी का कहना था कि एक बार फिर से राज्यपाल से मुलाकात कर प्रस्ताव को मंजूरी दिलवाने की कोशिश करेंगे, अगर फिर भी सकारात्मक परिणाम नहीं मिलते हैं, तो संविधान में दिए गए शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। राजस्व मंत्री ने कहा था कि अगर जरूरत पड़ी, तो जनता के साथ मिलकर सड़कों पर भी उतरेंगे।

# 80 साल के दादा ने नाबालिग पोती से किया दुष्कर्म, आरोपी फरार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के तहत आने वाले उपमंडल चिडगांव क्षेत्र में एक शर्मसार और सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक 80 साल के बुजुर्ग ने अपनी 15 साल की नाबालिग पोती से दुष्कर्म किया। रिश्तों को शर्मशार करने वाली इस घटना के करीब एक सप्ताह बाद पीड़िता के पिता ने इसे लेकर पुलिस में शिकायत दी है।

पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध दुष्कर्म की धाराओं व पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया है। मामले का खुलासा होने पर आरोपित घर से फरार चल रहा है।

पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपित के बेटे ने उसके खिलाफ चिड़गांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दी है। शिकायत में कहा



गया है कि 15 दिसंबर की शाम 8:15 बजे के करीब उसकी नाबालिक पुत्री अपने दादा के साथ घर के अंदर खाना बनाने गई।

इस दौरान दादा ने जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपित ने नाबालिग को किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी।

रोहड़ू के डीएसपी प्रणव चौहान ने बताया कि शिकायत के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## हिमाचल प्रदेश के हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों ने विश्वभर में बनाई पहचान: नेगी



**अनंत, ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने नई दिल्ली के दिल्ली हाट में हिम महोत्सव का शुभारंभ किया, जिसका आयोजन हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से किया गया है।

**राजस्व मंत्री ने हिम महोत्सव का किया शुभारंभ**

यह महोत्सव 1 से 15 जनवरी, 2025 तक नई दिल्लीी के दिल्ली हाट में आयोजित किया जा रहा है, जहां कारीगरों द्वारा हिमाचली हस्तशिल्प और बुनकर उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए 60 स्टॉल लगाए गए हैं। हिमाचली धाम और हिमाचली सांस्कृतिक कार्यक्रम महोत्सव का विशेष आकर्षण होंगे। पर्यटन विभाग, भाषा कला एवं संस्कृति विभाग और हिमाचल प्रदेश राज्य हथकरघा एवं हस्तशिल्प निगम लिमिटेड संयुक्त तौर पर इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं।

राजस्व मंत्री नेगी ने कहा कि प्रदेश में बने उत्पाद वैश्विक तौर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। यह आयोजन एनसीआर के लोगों को हिमाचल प्रदेश के उत्कृष्ट हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रदेश का लोक संगीत और लोक नृत्य दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं।

## राज भवन पर हमला सोची समझी साजिश: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अब सरकार द्वारा राजभवन पर निशाना साधा जा रहा है। राजभवन की गरिमा है जिसे जानबूझकर तार- तार करने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और इस तरह की गंदी राजनीति को रोकना चाहिए।



इस तरह हर संस्था के खिलाफ राजनीति प्रदेश के हित में नहीं है। किसी भी प्रकार का बयान राजभवन के खिलाफ देने के पहले नेताओं को अवश्य सोचना चाहिए। मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी है कि वह अपने नेताओं को काबू में रखें और राजभवन को अपनी राजनीति का हिस्सा न बनाएं।

लोगों द्वारा राज भवन पर यह हमला सोची समझी साजिश के तहत किया जा रहा है इसलिए मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी है कि वह ऐसे लोगों पर लगाम लगाए।

# बॉलीवुड सिंगर आलम गिर खान ने मौका-मौका गाकर मचाया धमाल

## रिज मैदान पर विंटर कार्निवाल में बच्चों ने भी दी रंगारंग प्रस्तुति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के रिज मैदान पर विंटर कार्निवाल में शुक्रवार शाम को बॉलीवुड सिंगर आलम गिर खान ने धमाल मचाया। आलम गिर खान ने मौका-मौका गाने में रंगारंग प्रस्तुति दी। वहीं छोटे बच्चों ने भी बेहतरीन प्रस्तुति दी।



इसके अलावा अनुज शर्मा, योगेश मुकुल और रोहिणी शर्मा ने भी दर्शकों को खूब नचाया। रिज मैदान पर पर्यटक विंटर कार्निवाल का लुत्फ उठा रहे है। वैसे तो शिमला में न्यू ईयर को लेकर भीड़ जुटी थी, लेकिन अब विंटर कार्निवाल को लेकर पर्यटकों की भीड़ जुट गई है। वहीं कारोबारी के चेहरे भी खिल गए है।

कारोबारी की खूब कमाई हो रही है। शहर में पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों ने ली राहत की सांस ली है। दिन के समय में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे है, जिसको देखने का पर्यटक सहित स्थानीय लोग लुत्फ उठा रहे है।

## नाटक 'गज फुट इंच' का मंचन

गेयटी थियेटर में नगर निगम शिमला द्वारा भाषा संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वधान में आयोजित शिमला विंटर कार्निवाल थियेटर फेस्टिवल में नाटक ' गज फुट इंच ' का मंचन हास्य विनोद से भरपूर रहा। नाटक के दौरान कलाकारों के अभिनय से दर्शकों के हंसी के फव्वारे छुटे जो लेखक के पी सक्सेना के हास्य व्यंग्य को सार्थक कर गए । संजय सूद के निर्देशन में इस नाटक को, जिस विनोद पूर्ण रूप से दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, वह वाकई चुनौती पूर्ण कार्य था, जिसमें निर्देशक संजय सूद के निर्देशन और अभिनय के साथ-साथ सभी कलाकारों ने अपने अभिनय कौशल से का परिचय दिया। नाटक में भारतीय समाज में धन कमाने की लोभी प्रवृत्ति के कारण व्यक्तित्व के दमन पर व्यंग्य किया गया है।





राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन शिमला से राज्य रेडक्रॉस के माध्यम से कुल्लू जिला के बंजार उपमंडल स्थित तांदी गांव में लगी भीषण आग से प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री का वाहन रवाना किया। उन्होंने पांच जिलों के लिए शीतकालीन राहत सामग्री के पांच अन्य वाहनों को भी रवाना किया।

## विपक्ष के आरोप निराधार : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधायक मलेंद्र राजन और अजय सोलंकी ने विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और भाजपा नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार निरंतर हिमाचल प्रदेश के कल्याण और विकास की दिशा में कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं के हवा-हवाई वक्तव्य पिछले दो वर्षों में कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई नीतियों और परिवर्तनकारी पहलों के बारे में विपक्ष की समझ और जागरूकता की कमी को दर्शाते हैं। इन नेताओं ने वास्तविक प्रगति को स्वीकार करने के बजाय निराधार आलोचनाओं के साथ जनता को गुमराह करने का विकल्प चुना है।

विधायकों ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल के महज 15 माह के भीतर पांच गारंटियां पूरी की हैं, जिनमें पुरानी पेंशन योजना की बहाली भी शामिल है, जिससे प्रदेश के 1.36 लाख से अधिक कर्मचारियों को लाभ मिला है। इसके अलावा, सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाया है।

**भुंडा महायज्ञ** दूसरे दिन तक एक लाख से अधिक लोगों ने टेका माथा

# बकरालू देवता ने निभाई शिखा पूजन की रस्म

**दशमी रावत, रोहड़ू**

रोहड़ू के दलगांव में भुंडा महायज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार को तीन महत्वपूर्ण रस्में निभाई गई। इन रस्मों को देखने के लिए भारी जनसैलाब उमड़ा। दलगांव में बकरालू देवता के मंदिर के प्रांगण में तिल धरने को जगह नहीं रही।

भुंडा महायज्ञ में दूसरे दिन तक एक लाख से अधिक लोग पहुंच चुके थे। श्रद्धालुओं की इतनी अधिक भीड़ रही कि लोगों के फोन चलने बंद हो गए और नेटवर्क भी फ्रीज हो गया। पहली रस्म के अंतर्गत देवता महेश्वर, देवता बौंद्रा, मेजबान देवता बकरालू के मध्य धूड पीटने की रस्म निभाई गई। इस रस्म को देवता महेश्वर ने सिर लगाकर सफलतापूर्क संपन्न किया।

इस दौरान तीनों देवताओं के साथ पहुंचे हजारों देवलुओं ने जयकारे लगाए और तलवारों, डंडे व खुखरी की ताल पर नृत्य किया। वहीं दूसरी रस्म



के अंतर्गत रंटाडी के मोहरिष (महर्षि) देवता ने फेर दलगांव मंदिर प्रांगण से शुरू किया। रंटाडी खूंद के हजारों देवलुओं ने अस्त्र-शस्त्र, रणसिंगा, करनाल एवं ढोल नगाड़ों के साथ चौंरी के साथ फेर की रस्म शुरू की। दलगांव की परिक्रमा में रंटाडी खूंद को लगभग तीन घंटे का समय लगा। फेर की परिक्रमा पूरी करने के बाद तीसरी महत्वपूर्ण रस्म शिखा पूजन मेजबान देवता बकरालू ने पूरी की।

शिखा पूजन के अंतर्गत दलगांव में बकरालू देवता के तीन मंदिरों की छत पर चढ़कर माली (गुर) व ब्राह्मणों ने चारों दिशाओं में मंत्रोचारण कर रस्म को पूरा किया। (अनंत ज्ञान)



### आज होगी बेडा रस्म

शनिवार को बेडा सूरत राम 9वीं बार बरुत पर चढ़कर अपनी परीक्षा पास करेंगे। इस दौरान देश व प्रदेश के लाखों लोग बेडा को बरुत पर उतरते हुए देखने उमड़ेंगे, जिसमें से बहुत सारे लोग बेडा को बरुत पर उतरते हुए पहली बार भी देखेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### बैजनाथ उपमंडल के तहत आज पावर कट

**पंकज दीक्षित, पपरोला।** विद्युत उपमंडल बैजनाथ के तहत आने इलाकों में शनिवार को मरम्मत कार्य के चलते बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग के सहायक अभियंता दान सिंह वर्मा ने बताया कि 33,11 केवी सब-स्टेशन बौजनाथ में 5 एमवीए टीएफ नंबर 3 के मरम्मत कार्य के चलते बिजली आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान बिजली बंद

### कलाकारों ने बताई सरकार की योजनाएं



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सौजन्य से शिव भोले कलामंच के कलाकारों ने उपमंडल फतेहपुर की पंचायत हाड़ा के परोबढ़ चौक पर सरकार की योजनाएं बताईं। इस दौरान कलाकार प्रकाश बग्गा, राज कुमार राज, नीरज, दिशान कपूर, साहिल, जस्सी, सक्षम, रितिका, पिंकी, शशि बाला ने नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से सरकार द्वारा शुरू की गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के साथ अन्य योजनाओं का गुणगान किया। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पंचायत व संबंधित विभाग से भी संपर्क करें।

### खैरा स्कूल में पोक्सो एक्ट बारे दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा में चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट जिला कांगड़ा ने बच्चों को अपनी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट के जिला समन्वयक मनमोहन चौधरी ने बच्चों को पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, ड्रग अब्यूज, आत्म रक्षा, गुड टच बैड टच, साइबर सेफ्टी और सिक्योरिटी और हिमाचल सरकार द्वारा बच्चों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा ने चाइल्ड हेल्पलाइन टीम का धन्यवाद और आभार प्रकट किया। इस दौरान स्कूल स्टाफ व स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सहकारी सभा सचिव के लिए इंटरव्यू 15 को

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** बड़ोह क्षेत्र के तहत सहकारिता में बड़ा नाम कमा रही सदवूं सानी सहकारी सभा में सचिव और चौकीदार के एक-एक पद के लिए 15 जनवरी को इंटरव्यू होंगे। यह जानकारी सहकारी सभा के सचिव सुरेंद्र सूद ने दी। सुरेंद्र सूद ने बताया कि सचिव पद के लिए 12 आवेदन आए हैं, जबकि चौकीदार पद के लिए चार आवेदन मिले हैं। इंटरव्यू में सहकारी सभा की समिति के दो मेंबर्ज कमेटी उपप्रधान मदन, सदस्य सुरजीत सिंह शामिल होंगे। इस इंटरव्यू में सहकारी सभा प्रधान बलविंद्र सिंह बबलू शामिल नहीं होंगे। सहकारी सभा सचिव सुरेंद्र सूद ने बताया कि सभी आवदेकों को मूल दस्तावेजों के साथ सहकारी सभा कार्यालय आना होगा। इंटरव्यू में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी।

# प्राइवेट प्ले वे स्कूलों के आगे सरकारी आंगनबाड़ी केंद्र फेल

## आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की संख्या में दर्ज की गई कमी, बच्चों को प्ले वे स्कूलों में दाखिल करवा रहे अभिभावक

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा में सरकारी आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रति बच्चों के अभिभावकों का रुझान कम होता नजर आ रहा है। अभिभावक अपने छोटे बच्चों को निजी प्ले वे स्कूलों में भेजना ज्यादा पसंद कर रहे हैं, जबकि सरकारी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की संख्या में कमी आई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के आंकड़े बताते हैं कि जिला में संचालित किए जा रहे निजी प्ले वे स्कूलों में 35 हजार के करीब बच्चे हैं, जबकि सरकारी स्तर पर चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों में यह आंकड़ा 10 हजार का है। हालांकि पहले

**जिले में प्ले वे स्कूलों में 35 हजार तो आंगनबाड़ी केंद्रों में 10 हजार बच्चे**



आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 साल के बच्चों की संख्या अधिक रहती थी, लेकिन प्ले वे स्कूल के प्रचलन से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की संख्या में कमी दर्ज की गई है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार शर्मा का कहना है कि निजी क्षेत्रों में प्ले वे स्कूल और प्री नर्सरी कक्षाओं सहित कुछ सरकारी स्कूलों में चल रही प्री नर्सरी कक्षाओं की वजह से आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 साल आयु के बच्चों की संख्या में कमी आई है। उनके अनुसार कई अभिभावक अन्य लोगों की देखादेखी बच्चों को सरकारी आंगनबाड़ी से निकालकर निजी प्ले वे स्कूलों में दाखिल करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि निजी प्ले वे स्कूल से अभिभावक अपने बच्चों को ड्रापआउट नहीं करवा पाते, जबकि सरकारी आंगनबाड़ी केंद्र से निकालकर बच्चों को जरूर निजी प्ले वे स्कूल में दाखिल करवाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# प्रत्येक गांव को सड़क से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता : पठानिया

## बसनूर डाकघर से शीतला माता मंदिर संपर्क मार्ग का किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सड़कें ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और आर्थिक समृद्धि की भाग्यरेखाएं होती हैं और प्रदेश सरकार राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए युद्ध स्तर पर सड़कों का निर्माण व उन्नयन कार्य कर रही है।

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शुक्रवार को शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बसनूर में बसनूर डाकघर से शीतला माता मंदिर तक लगभग 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 1 किलोमीटर लंबी संपर्क सड़क का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव को सड़क सुविधा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है।





उन्होंने कहा कि सड़कें न केवल परिवहन का माध्यम हैं, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक विकास का भी आधार हैं। केवल सिंह पठानिया ने भूमि पूजन के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों में बेहतर सड़क, स्वास्थ्य तथा शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों में विकास कार्यों के लिए किसी भी स्तर पर धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने आम जनमानस को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं तथा कार्यक्रम आरंभ किए हैं इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण स्तर तक पात्र लोगों तक पहुंचे इस के लिए उपयुक्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और हर व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए वह लगातार प्रयासरत रहेंगे। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रेहलु, दुर्गेला, बागड़ू और बसनूर में लो वोल्टेज की समस्या का हल कर दिया गया है।

**कहा, शाहपुर विस क्षेत्र के विकास में आड़े नहीं आएगी धन की कमी**

उन्होंने कहा कि दुर्गेला स्कूल के निर्माण कार्य को पुरा करने के लिय 25 लाख रुपए भी दिए हैं। पठानिया ने कहा कि शीतला माता मंदिर में जनवरी माह में हैंडपंप लगाया जाएगा, ताकि पेयजल की समस्या का समाधान हो सके।

### जनसमस्याएं भी सुनीं

उपमुख्य सचेतक ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में जनसमस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही उनका समाधान सुनिश्चित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शेष बची जनसमस्याओं का भी निराकरण जल्द से जल्द किया जाए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत राणा, प्रधान बसनूर, दुर्गेला, समस्त वार्ड सदस्य, शीतला माता मंदिर कमेटी के सदस्य, तहसीलदार शाहपुर, महिला मंडल के सदस्य, अधिशाषी अभियंता एवं एसडीओ लोक निर्माण विभाग, अधिशाषी अभियंता विधुत व जल शक्ति, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित क्षेत्र के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### उपमुख्य सचेतक पठानिया ने तिब्बती धर्मगुरु से की भेंट

# गगल एयरपोर्ट विस्तारीकरण से धर्मशाला को मिलेगी वैश्विक पहचान : दलाईलामा



**अनंत ज्ञान, गगल**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शुक्रवार को गगल हवाई अड्डे पर तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा से भेंट कर सरकार की ओर से नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उपमुख्य सचेतक ने बताया कि धर्मगुर दलाईलामा ने धर्मशाला को पर्यटन राजधानी बनाने के सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गगल एयरपोर्ट का विस्तारीकरण होने से धर्मशाला एक विश्व स्तरीय टूरिस्ट गंतव्य के रूप में अपनी पहचान कायम करेगा। इसके साथ ही देश तथा विदेश से उनसे मिलने आने वाले लोगों तथा भिक्षुओं को भी यातायात की बेहतर सुविधा मिलेगी।

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि धर्मगुरु दलाईलामा के साथ करीब एक घंटे तक विभिन्न विषयों पर विस्तार से बातचीत हुई तथा इस दौरान दलाईलामा को वर्तमान सरकार द्वारा राज्य के विकास के लिए उठाए जा रहे विभिन्न कदमों की भी जानकारी प्रदान की गई। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि वर्तमान सरकार कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए कृतसंकल्प है इस के लिए विश्व स्तरीय चिड़ियाघर, पौंग बांध में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए तत्परता के साथ कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर भी मिल सकें। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बेहतरीन सड़क सुविधा के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि पर्यटन परियोजनाओं की मॉनिटरिंग स्वयं मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू सुनिश्चित कर रहे हैं।

### हरियाल में रिटायर्ड सूबेदार की सड़क हादसे में मौत

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पठानकोट-मंडी हाइवे पर स्थित गांव हरियाल मार्केट में वीरवार की देर शाम को सड़क हादसे में सेवानिवृत्त सेना जवान की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सेवानिवृत्त सूबेदार मस्त राम शर्मा निवासी गांव बासा रैहन के रूप में हुई है। हादसे की जानकारी देते हुए मृतक के बेटे संजय शर्मा ने बताया कि वह अपनी पत्नी मोनिका शर्मा दोनों सेवानिवृत्त पिता मस्त राम शर्मा का चेकअप करवाने मिल्ट्री अस्पताल पठानकोट गए थे। यहां चेकअप करवाने के बार कुछ घरेलू सामान कैंटीन से खरीदने के बाद गाड़ी में सवार होकर घर लौट रहे थे। बीच रास्ते गांव हरियाल मार्केट आते ही पिता ने गाड़ी रुकवाकर कुछ घरेलू सामान खरीदने के लिए मार्ग की दूसरी ओर दुकान पर जाने को कहा। पिता की बात मानते हुए पत्नी गाड़ी में ही बैठी रही, जबकि वह अपने पिता के साथ सड़क क्रॉस करने लगा। अभी उनकी नजर एक और गई ही थी कि तेज रफ्तार टिप्पर उनकी ओर आते हुए दिखा, वह अपना बचाव करने के साथ पिता का बचाव कर पाते रफ्तार में टिप्पर ने उनकी आंखों के सामने पिता को कुचल दिया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी शिकायत उन्होंने स्थानीय पुलिस थाना मामून में कर दी है। पुलिस ने बयानों के आधार पर टिप्पर को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)



मृतक मस्त राम शर्मा की फाइल फोटो

### जिला परिषद सदस्य ध्रुव ने खैरा में बांटे डस्टबिन



डरोह। सुलह विधानसभा क्षेत्र के जिला परिषद बारी वार्ड 25 की पंचायत खैरा में जिला परिषद सदस्य बारी वार्ड नंबर 25 ध्रुव चौधरी ने जिला परिषद निधि से पंचायत प्रधान, उपप्रधान एवं वार्ड मेंबर्स की उपस्थिति में 400 परिवारों, वेटरनरी, हेल्थ सब सेंटर एवं आंगनबाड़ी में स्वच्छता अभियान के तहत डस्टबिन बांटे। इस कार्यक्रम में खैरा पंचायत के निवासी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### गाड़ी से 15 पेटी देसी शराब और दो पेटी बीयर बरामद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

पुलिस थाना बैजनाथ को के तहत अवैध शराब की एक बड़ी खेप पकड़ने में सफलता हासिल हुई है। थाना प्रभारी मनीष कुमार के अनुसार थाना क्षेत्र के गश्त के दौरान पुलिस पार्टी ने धरेड मोड पर एक गाड़ी से 15 पेटी देसी शराब और दो पेटी बीयर की बरामद की है। गाड़ी को कब्जे में भी लिया गया है तथा आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गाड़ी चालक जयसिंहपुर क्षेत्र का रहने वाला है। अन्य मामलों में चढ़ियार के डोली गांव में में चाय की दुकान से देसी शराब की आठ बोतल, रक्कड़ में सात बोतल देसी शराब की बरामद की है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि एसपी कांगड़ा के निर्देशों पर क्षेत्र से हर सूरत में नशा माफिया के खिलाफ कमर कसी जा रही है। पुलिस की यह कार्रवाई आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी।

# रोड सेफ्टी नियमों का पालन कर बचाएं अनमोल जीवन : एडीएम

## कर्मचारियों को दिलाई यातायात नियमों की अनुपालना की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

एडीएम डॉ. हरीश गज्जू ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में सभी कर्मचारियों को यातायात नियमों की अनुपालना को लेकर शपथ दिलाई। एडीएम डॉ. हरीश गज्जू ने कहा कि जिला भर में 31 जनवरी तक यातायात नियमों की अनुपालना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वीरवार को विभिन्न स्तरों पर कर्मचारियों तथा नागरिकों को यातायात नियमों की अनुपालना के लिए शपथ दिलाई गई है।

एडीएम ने कहा कि यातायात नियमों की पालना को लेकर सभी को एक आदत विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, मोबाइल पर बात न करने और गति सीमा का उल्लंघन न करने जैसे नियमों को आदत में शामिल करने की जरूरत है।



उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है और उसे बचाने के लिए यातायात नियमों का पालन करके ही जागरूकता लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि माहभर चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के बीच सड़क सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने और सड़क दुर्घटना के मामलों को कम करना है। उन्होंने लोगों को यातायात नियमों की अनुपालना के लिए प्रेरित करने के लिए अधिकारियों द्वारा स्वयं उदाहरण प्रस्तुत किए जाने पर भी जोर दिया।

एडीएम ने युवाओं से निजी तौर पर यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा को लेकर अन्यों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए सभी संबंधित विभागों को और बेहतर तालमेल से कार्य करते हुए जन भागीदारी से अभियान को सफल बनाने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है।

# केंद्रीय तिब्बती शिक्षा विभाग ने की स्कूल लीडरशिप कॉन्फ्रेंस की शुरुआत

## मुख्य शिक्षकों में नेतृत्व क्षमताओं का होगा विकास : तेनजिन दोरजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के शिक्षा विभाग द्वारा कॉलेज फॉर हायर तिब्बती स्टडीज सारा में तीन दिवसीय स्कूल लीडरशिप कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। ग्लोबल अफेयर्स कनाडा द्वारा वित्तपोषित इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य स्कूल प्रिंसिपलों और मुख्य शिक्षकों की नेतृत्व क्षमताओं को बढ़ाना है। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के कालोन थरलाम डोलमा चांगरा ने की और इसमें शिक्षा विभाग के अकादमिक अनुभाग के प्रमुख तेनजिन दोरजी, शिक्षा विभाग के अवर सचिव त्सेरिंग यांगकी और भारत और नेपाल के तिब्बती स्कूलों के प्रिंसिपल और मुख्य शिक्षक शामिल हुए। प्रतिनिधियों में तिब्बती चिल्ड्रेंस विलेज स्कूलों, संभोता तिब्बती स्कूल सोसायटी, तिब्बती होम स्कूल, मसूरी और नेपाल के तिब्बती स्कूलों के प्रमुख शामिल थे।



शिक्षा विभाग के अकादमिक अनुभाग के प्रमुख तेनजिन दोरजी ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें कॉन्फ्रेंस के उद्देश्यों का अवलोकन किया गया और प्रभावी स्कूल नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए इसके महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने तीन दिवसीय कार्यक्रम के लक्ष्यों और संरचना पर प्रकाश डाला, जिसे प्रतिभागियों को अपने संस्थानों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए उपकरणों और रणनीतियों से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया है। अपने उद्घाटन भाषण में शिक्षा कलोन थरलम डोलमा चांगरा ने तिब्बती युवाओं की शिक्षा के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने तिब्बती स्कूलों के भविष्य को आकार देने और समग्र शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में मजबूत नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। शिक्षा कलोन थरलम डोलमा ने शैक्षणिक संस्थान की समग्र सफलता सुनिश्चित करने में स्कूल नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल के नेताओं को शिक्षकों और छात्रों दोनों को प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन करने के लिए अधिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्कूल सकारात्मक परिणाम प्राप्त करें।

**प्रशिक्षण** जल शक्ति विभाग के अफसरों के दल ने राष्ट्रीय जल अकादमी पुणे में हासिल किया प्रशिक्षण

# अधिकारियों ने सीखे जल प्रबंधन व बागवानी के गुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश में शिवा प्रोजेक्ट के तहत बागवानी गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए कांगड़ा, मंडी, सिरमौर तथा हमीरपुर के उद्यान तथा जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के एक दल ने राष्ट्रीय जल अकादमी पुणे में प्रशिक्षण हासिल किया। यह अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में बेहतर जल प्रबंधन के साथ बागवानी को बढ़ावा देने के लिए बतौर मास्टर ट्रेनर्स अपनी भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

इस दल की अगुवाई करते हुए पालमपुर में उद्यान विभाग की वास्तु विशेषज्ञ डॉ. सरिता ने बताया कि हिमाचल शिवा प्रोजेक्ट के तहत उद्यान तथा जल शक्ति विभाग के कांगड़ा, मंडी सिरमौर तथा हमीरपुर से 15 अधिकारियों के लिए राष्ट्रीय जल अकादमी पुणे में 30 दिसंबर से 3 जनवरी तक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें अधिकारियों को विभिन्न विषयों जैसे लघु सिंचाई प्रणाली में साफ्टवेयर डिजाइन तथा जल प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



इसके साथ ही खेत में पानी की सही मात्रा और समय के बारे में विशेषज्ञों ने बताया कि पानी का कुशलतापूर्वक इस्तेमाल करना अत्यंत जरूरी है, ताकि कम मात्रा में पानी से ज्यादा फायदा मिल सके। डॉ. सरिता ने बताया कि सहभागी सिंचाई प्रबंधन के बारे में भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बागवानी उत्पादन तथा विपणन से जुड़े समुदाय संगठनों के बारे में भी जानकारी उपलब्ध करवाई गई, ताकि हिमाचल में शिवा प्रोजेक्ट के साथ जुड़े किसानों और बागबानों को भी विपणन की बेहतर सुविधाएं दी जा सकें। डॉ. सरिता ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को फील्ड विजिट भी करवाया गया जिसमें अधिकारियों ने कृषि विज्ञान केंद्र बारामती में आधुनिक तकनीक से खेतीबाड़ी तथा बागवानी के टिप्स भी हासिल किए गए।

- **मास्टर ट्रेनर के रूप में राज्य के अन्य लोगों को भी करेंगे प्रशिक्षित**
- **शिवा प्रोजेक्ट के तहत राज्य के बागवानों को मिलेगा लाभ**

इस बारे में जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट डायरेक्टर एचपी शिवा डॉ. देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि हिमाचल में बागवानी को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल के उद्यान तथा जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को शिवा प्रोजेक्ट के तहत प्रशिक्षण के लिए पुणे भेजा गया था। अब ये मास्टर ट्रेनर के रूप में अन्य अधिकारियों तथा बागवानों को पानी तथा बागवानी के बेहतर प्रबंधन तथा उत्पादों के विपणन के बारे में प्रशिक्षित करेंगे, ताकि हिमाचल को फल राज्य के रूप में विकसित किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### योल में दी फूड लाइसेंस बनाने की जानकारी



**अनंत ज्ञान, योल।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को योल के राधा-कृष्ण मंदिर में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक कमिश्नर सविता ठाकुर द्वारा की गई। इस अवसर पर मौजूद व्यापार मंडल के कई सदस्यों को फूड लाइसेंस बनाने की जानकारी देते हुए कहा कि व्यवसायियों को नियमों के अनुसार लाइसेंस का नवीनीकरण व रजिस्ट्रेशन करवाते रहना चाहिए। विभाग द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विनियमन निदेशालय ने किट भेंट की जिसमें स्वास्थ्य की जानकारी थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुगंधी कौंडल ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि अपने आहार में ताजे मौसमी फल व सब्जियां शामिल करें व पर्याप्त मात्रा में साफ पानी पीएं।

### कांगड़ा लोककला मंच ने जागरूक किए लोग



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा कांगड़ा लोककला मंच सकोह के कलाकारों ने सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं के विशेष प्रचार अभियान के तहत ग्राम पंचायत चौकी व ग्राम पंचायत नागनी के टाउन वार्ड में लोगों को जानकारी दी। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक तथा गीत-संगीत के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वर्ण जयंती आश्रय योजना, अंर्तजातीय पुरस्कार योजना तथा ई-टैक्सी योजना तथा अणुवर्ती कार्यक्रम जैसी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। नाट्य दल के कलाकार प्रमोद राणा, अमन, सुरेंद्र, अभिषेक, चमन, कृतिका, सुमन, आरती, सन्नी आदि ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

### स्टूडेंट्स को दिए सफल होने के टिप्स



**अनंत ज्ञान, जवाली।** राजकीय महाविद्यालय जवाली में चल रहे एनएसएस कैंप में विद्यार्थियों को रोजाना योग एवं कार्यशालाओं के माध्यम से सहायक प्रोफेसर एवं कार्यक्रम अधिकारी सुलक्षणा शर्मा द्वारा ज्ञान दिया जा रहा है। सहायक प्रोफेसर एवं कार्यक्रम समन्वयक सुलक्षणा शर्मा ने बताया कि इस कैंप में कॉलेज के 50 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। कैंप के पहले दिन सेवानिवृत्त कॉलेज प्रोफेसर योगेश शर्मा ने बतौर रिसोर्स पर्सन विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के टिप्स दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पूरी निष्ठा एवं मेहनत के साथ करने का आह्वान किया। कैंप के दूसरे दिन रिसोर्स पर्सन कपिल देव ने विद्यार्थियों को पठन, पाठन एवं लेखन कार्य सुधारने संबंधी बातें बताईं। कैंप के तीसरे दिन जवाली पुलिस के सब-इंस्पेक्टर अशोक कुमार व एएसआई दीप कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया गया। वहीं, वाहन चलाते समय नियंत्रित गति सीमा को ध्यान रखने पर भी बल दिया गया। इसके साथ ही साइबर क्राइम, भारतीय सुरक्षा संहिता कानून के बारे में भी जानकारी दी।

# नौकरी की तलाश न करें, उद्यमी बनें : कुलपति

## कृषि विवि में पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान कॉलेज में 34वें बैच का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय में शुक्रवार को पशु चिकित्सा स्नातक उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्यातिथि कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती। उन्होंने पशु चिकित्सकों से कहा कि वे नौकरी की तलाश न करें, बल्कि उद्यमी बनें। पशुपालन क्षेत्र तेजी से बढ़ता क्षेत्र है और तकनीकी हस्तक्षेप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पशु प्रोटीन की देश में भारी मांग है और इससे जुड़े उद्योग बड़ी संख्या में रोजगार प्रदान कर रहे हैं। प्रो. नवीन ने कहा कि पशुपालकों के लिए पशु न केवल एक एटीएम की तरह होते है, बल्कि आवश्यकता के समय तो यह एफडी का काम करते है। प्रो. नवीन ने पशु चिकित्सकों से भविष्य की जरूरतों को पूरा करने और उद्यम शुरू करने के लिए कहा क्योंकि पूंजी आसानी से उपलब्ध हैं।

कुलपति ने नव स्नातकों को बधाई देते हुए कहा कि वे पशुपालकों और समाज की पूरे समर्पण के साथ सेवा करें। उन्होंने कहा कि चूंकि जानवर बोल नहीं सकते, इसलिए उन्हें बहुत देखभाल और करुणा की आवश्यकता होती है।

**कहा, पशुओं को देखभाल के साथ करुणा की भी होती है जरूरत**

कुलपति ने कहा पशुधन रखने वालों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पशु चिकित्सकों से पारंपरिक ज्ञान और प्रणाली को भी समझने को कहा।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने नव-स्नातकों को इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर विभिन्न पुस्तकों और मैनुअल का भी विमोचन किया गया। वहीं, डॉ. जीसी नेगी पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि 1986 में कॉलेज की स्थापना के बाद से अब तक 1090 स्नातक पासआउट हो चुके हैं। उन्होंने अपने महाविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि पशु स्वास्थ्य जांच प्रयोगशाला और पशुधन फार्म कॉलेज की महत्वपूर्ण शाखाएं हैं। उन्होंने नव स्नातकों को पेशेवर शपथ दिलाई। 34 वें बैच में कुल 57 नव प्रशिक्षु पशु चिकित्सकों जिसमें 30 लड़कियों और 27 लड़कों ने बीवीएससी और एएच डिग्री प्रोग्राम सफलतापूर्वक पास किया है। छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पांडा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। नव स्नातकों के अभिभावकों के अलावा, संविधिक अधिकारी, वैज्ञानिक और शिक्षक प्रमुखता से समारोह में मौजूद रहे।

### सीयू में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से 10 दिवसीय कार्यशाला का आगाज

# शोध कार्यों में सतत विकास लक्ष्यों को शामिल करें शोद्यार्थी: प्रो. सुमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय केअर्थशास्त्र विभाग की ओर सेदसदिवसीय अनुसंधान कार्यशाला का आयोजन सप्त सिंधु परिसर देहरा में किया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य समाज विज्ञान के शोधार्थियों की शोध क्षमता को बढ़ाना शोध विधियों के माध्यम से शोध में गुणवत्ता लाना है।

इस कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्यातिथि कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा रहे। इस कार्यशाला के निर्देशक प्रो. संजीत सिंह, अधिष्ठाता समाज विज्ञान स्कूल और सह- निर्देशक डॉ. शशि पूनम, विभागाध्यक्ष समाज कार्य विभाग हैं।दस दिवसीय अनुसंधान कार्यशाला में पूरे भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों से कुल 215 शोधार्थियों ने आवेदन किया है, जिसमें से 30 शोधार्थियों का चयन हुआ है। दीप प्रज्जवलन से कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला के निर्देशक प्रो. संजीत सिंह ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि व अन्य प्राध्यापकों सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए शोधार्थियों का स्वागत किया व इस कार्यशाला का संक्षिप्त परिचय सबके समक्ष रखा। वहीं मुख्य अतिथि प्रो. सुमन शर्मा कहा कि हमारा शोध कार्य समाज कल्याण और राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए होना चाहिए तथा हमें अपने शोध कार्य में सतत विकास लक्ष्यों को भी सम्मलित करना चाहिए। कार्यशाला के उद्घाटन समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कार्यशाला के सह निर्देशक डॉ. शशि पूनम ने किया।

इसके अलावा सत्र में प्रो. नारायण सिंह राव निदेशक सप्त सिंधु परिसर देहरा, डॉ. इंद्र सिंह ठाकुर, निदेशक दीनदयाल उपाध्याय अध्ययन केंद्र और प्रो. निरुपमा सिंह, अधिष्ठाता दृष्य कला स्कूल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस 10 दिवसीय अनुसंधान कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शोध के क्षेत्र में शोधार्थियों के ज्ञान में वृद्धि व शोधार्थियों के शोध कार्य में गुणवता लाना और समाज के उन क्षेत्रों पर शोध को प्रोत्साहित करना है, जिन्हें अभी तक पर्याप्त रूप से अन्वेषित नहीं किया गया है।

# टीबी मुक्त हिमाचल बनाने के लिए स्कूली बच्चों ने ली शपथ



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए जोरशोर से अभियान शुरू किया हुआ है। इसी कड़ी में हैल्थ ब्लॉक फतेहपुर की टीम ने शुक्रवार को रावमापा लुठियाल के बच्चों को क्षेत्र को टीबी मुक्त करने की शपथ दिलवाई।

इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कहा उक्त अभियान के तहत बच्चों को टीबी ग्रस्त मरीज से दूरी न बनाने का आह्वान किया। साथ ही बताया टीबी बीमारी अब लाइलाज नहीं रही है, बशर्ते इसका पूरा उपचार लिया जाए। उन्होंने स्कूली बच्चों व स्कूल प्रशासन से अपील की कि वह भी अपने आसपास कहीं टीबी के लक्षण रखने वाले मरीज को जानते हैं, तो उसकी सहायता को आगे आते हुए उस बारे स्वास्थ्य विभाग को जानकारी दें।

उन्होंने कहा कि टीबी हारेगा, हिमाचल जीतेगा तभी देश जीतेगा। इस मौके पर स्कूल स्टाफ के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डॉक्टर दीपक अवस्थी, डॉक्टर रचना शर्मा, अनुपम कुमारी, शबनम सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हैप्पी बर्थडे



तुलाह के जितेंद्र ठाकुरको जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### किसानों ने शुरू की गेहूं की बिजाई



**भूषण शर्मा, नूरपुर।** जिला कांगड़ा के मैदानी नूरपुर, जवाली, सुलयाली, इंदौरा फतेहपुर के क्षेत्रों में अपनी फसलों को लेकर बारिश पर निर्भर रहने वालें किसानों ने गेहूं की बिजाई करना शुरू की हुई है। हालांकि इन क्षेत्रों में गेहूं की फसल अक्तूबर व नवंबर के दूसरे सप्ताह तक बिजाई हो जाती थी, लेकिन इस बार बारिश न होने के कारण किसान अपनी फसलों को नहीं बीज पाए थे। किसान राज कुमार ने कहा कि वैसे तो गेहूं की बिजाई अक्तूबर व नवंबर के बीच में होती थी, लेकिन उस समय भगवान का साथ नहीं मिला। अब बारिश हुई है तो गेहूं की बिजाई कर रहे हैं। अन्य किसान ने कहा कि बारिश ना होने पर फसल की बिजाई में देरी हो गई है। अब बारिश हुई है अब हम फसल बीज रहे हैं। वहीं, ट्रैक्टर ड्राइवर ने कहा कि जो बारिश हुई है, बहुत अच्छी हुई है। हम किसानों के लिए दिन-रात खेतों में फसल बिजाई को लेकर मेहनत कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### बड़ोह स्कूल के बच्चों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ोह के बच्चों को आपदा से निपटने के गुर भी सिखाए गए। इसमें करीब तीन सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह जानकारी एसडीआरएफ के डीएसपी सुनील राणा ने देते हुए बताया कि एसडीआरएफ की ओर से आपदा प्रबंधन के प्रशिक्षण को लेकर विभिन्न स्कूलों में जागरूकता अभियान आरंभ किया गया है ताकि बच्चे आपदा प्रबंधन में दक्ष हो सकें। उन्होंने कहा कि फछात्रों को प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआरए खोज एवं बचाव, पट्टी बांधने की तकनीक, रस्सी में गांठ लगाना तथा विविध बचाव तरीके और अग्निशमन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को आपदा प्रबंधन की जानकारी होना अत्यंत जरूरी है ताकि वे अपने अपने क्षेत्रों के आपदा प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण बच्चों में जिम्मेदारी की भावना, लचीलापन और आपात स्थिति के दौरान निर्णायक रूप से कार्य करने की क्षमता को बढ़ावा देकर उन्हें सशक्त बनाता है।

# हृदय रोग के मरीजों के लिए फोर्टिस कांगड़ा क्षेत्र का भरोसेमंद हॉस्पिटल

## दो कार्डियोलॉजिस्ट के साथ इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा कामयाबी की नई बुलंदियों को छू रहा है, तो वहीं, कार्डियोलॉजी विभाग लोगों की उम्मीदों पर खरा उतर रहा है। जानकारी के अनुसार 72 वर्षीय फौजा सिंह को अचानक छाती में तेज दर्द महसूस हुआ। उन्होंने पास ही के एक निजी अस्पताल से दवाइयां लीं।

तत्पश्चात रात करीब चार बजे उनकी धड़कनें तेज होने लगीं और देखते ही देखते उनकी स्थिति ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उनके परिवार ने उन्हें फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा पहुंचाया। फोर्टिस कांगड़ा के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अभिनव श्रीवास्तव व डॉ. मयंक यादव तथा उनकी टीम ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उनको अस्पताल में इमरजेंसी में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया। डॉ. अभिनव श्रीवास्तव ने बताया कि जब फौजा सिंह को अस्पताल पहुंचाया गया, तब उनकी हालत बेहद ही नाजुक थी। उनकी बीपी (रक्तचाप) और नब्ज मधम पड़ चुके थे और हृदय ने भी काम करना बंद कर दिया था।

उनकी टीम ने सघन एंजियोप्लास्टी प्रक्रिया कर मरीज की जान बचाई व उनकी सांसों की डोर को टूटने नहीं दिया। दूसरी ओर खतरे से संपूर्ण रूप से बाहर फौजा सिंह, डॉक्टर व उनकी टीम का धन्यवाद व्यक्त करते नजर आए और साथ ही उन्होंने फोर्टिस की अतुलनीय सेवाओं की तारीफ की। इस अस्पताल में वे सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनके लिए क्षेत्रवासियों को बाहरी राज्यों का रुख करना पड़ता था। (अनंत ज्ञान)

### व्यक्ति पर ठगी करने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** जिला पठानकोट के धार कलां पुलिस ने गांव कुई में रहने वाले सुदेश कुमार की शिकायत पर एक व्यक्ति पर ठगी करने का मामला दर्ज किया है। धार कलां पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारी एएसआई बलकार सिंह ने बताया कि उनके पास गांव कुई के रहने वाले सुदेश कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उनके ही गांव का रहने वाला एक व्यक्ति दीपक राज ने उसको शेयर मार्किट में पैसे लगाने व पैसे कमाने का लालच दे कर उकसाया, जिसके लिए दीपक राज ने उससे लगभग बीस लाख लगाने की बात कही तथा ऑनलाइन करके मेरे खाते से बीस लाख रुपए निकाल लिए, जिसके संबंध में उनकी ओर से धार कलां पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई है। जांच अधिकारी एएसआई बलकार सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर उनकी पुलिस की ओर से आरोपी दीपक राज के खिलाफ बीएनएस 318 (4) के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को नोटिस जारी करके डीएसपी धार कला ने जांच शुरू कर दी।

# व्यक्ति विशेष का कल्याण समाज के कल्याण पर निर्भर : डॉ. अरुणदीप

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**




एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के छठे दिन स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर एवं न्यू ब्वॉयज हॉस्टल की साफ सफाई की। इस दौरान स्वयंसेवियों के लिए एक विशेष व्याख्यान का आयोजन भी किया गया, जिसमें डॉ. अरुणदीप शर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता अपना व्याख्यान रखा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्थापना 24 सितंबर, 1969 को हुई थी। इसकी शुरुआत तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. वीकेआरवी राव ने की थी। इस दिन को एनएसएस दिवस के रूप में मनाया जाता है । एनएसएस का आदर्श वाक्य है, 'मैं नहीं, बल्कि आप।' यह इस बात पर जोर देता है कि किसी व्यक्ति का कल्याण पूरे समाज के कल्याण पर निर्भर करता है और हमारी भारतीय संस्कृति का भी मुख्य ध्येय जन-कल्याण की भावना से ओत-प्रोत रहा है। एनएसएस से स्वयंसेवियों में स्वअनुशासन की भावना पैदा होती है। इसके साथ ही स्वयंसेवी इस बात के प्रति भी प्रेरित होते हैं कि किस तरह मिलजुल कर कार्य किया जाता है और जीवन की विपरीत परिस्थितियों होने के बावजूद भी सामंजस्य स्थापित किया जाता है। इसके साथ ही डॉ. अरुणदीप शर्मा ने योग के विषय में भी अपना वक्तव्य रखा कि उन्होंने कहा कि योग एक आध्यात्मिक अनुशासन है जो मन और शरीर को जोड़ने पर केंद्रित है। योग से शारीरिक और मानसिक चेतना बढ़ती है। शरीर और मन पर नियंत्रण रखने में मदद मिलती है और शांत मन और प्रबल विचार आते हैं।

# फोरलेन निर्माण से बंद हुए रास्ते का काम शुरू: रिंपल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



कछियारी फोरलेन निर्माण में कंटिंग के चलते बंद राजकीय उच्च विद्यालय जोगीपुर के रास्ते का काम शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। जोगीपुर पंचायत प्रधान रिंपल और राजकीय उच्च विद्यालय जोगीपुर एसएमसी के सदस्य राजकुमार की अगुवाई में एसडीएम ऑफिस कांगड़ा पहुंचे। लोगों ने रास्ते का निर्माण कार्य शुरू होने पर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल का आभार जताया। जोगीपुर पंचायत प्रधान रिंपल ने कहा कि जोगीपुर स्कूल का रास्ता फोरलेन कंटिंग के चलते बंद हो गया था।

**जोगीपुर के प्रधान ने जताया एसडीएम का आभार**

अब दोबारा सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके लिए हम जोगीपुर निवासी एसडीएम कांगड़ा का आभार जताने पहुंचे थे। बता दें कि जोगीपुर स्कूल में करीब 200 छात्र शिक्षा ग्रहण करते हैं। इसमें उच्च विद्यालय में 114 और प्राथमिक पाठशाला में 85 छात्र शिक्षा ग्रहण करते हैं। जोगीपुर स्कूल को जाने वाला एक रास्ता फोरलेन के साथ मिलता था, जोकि फोरलेन निर्माण के दौरान कटाई में आने के चलते बंद हो गया था। रास्ता बंद होने से छात्रों को चार किलोमीटर का सफर तय कर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। वहीं, पंचायत जोगीपुर और साथ लगते क्षेत्र के कुछ लोग लोग श्मशानघाट के लिए भी इसी रास्ते का प्रयोग करते थे। रास्ता बंद होने के कारण लोगों को शव ले जाने और अन्य कार्य के लिए 5 से 6 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा था। समस्या को लेकर जोगीपुर पंचायत प्रधान और अन्य लोगों के साथ एसडीएम से मिले और रास्ते का निर्माण करवाने की फरियाद की। तमाम प्रयासों के बाद रास्ते का काम शुरू हो गया। इससे न केवल स्कूली छात्रों, बल्कि लोगों को भी राहत मिली है।

# गुरदेव सिंह ने पुलिस थाना प्रभारी भवारना का कार्यभार संभाला

**अनंत ज्ञान, डरोह**



शुक्रवार को पुलिस थाना के नए थाना प्रभारी गुरदेव सिंह ने अपना कार्यभार संभाल लिया। प्रेस से रू-ब-रू होते हुए उन्होंने कहा कि थाने के अंतर्गत खासकर नशेड़ियों और बिगड़ैल चालकों पर मेरा फोकस रहेगा साथ ही अवैध खनन पर भी नुकेल कसी जाएगी। इसी कड़ी में हमने खनन के 2 चालन भी किए हैं। गुरदेव सिंह मूलत: जिला ऊना के रहने वाले हैं और इस से पहले ऊना, हमीरपुर, रक्कड़, ढलियारा तथा अतिरिक्त थाना प्रभारी कांगड़ा के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। बल्लाह ब्लाइंड मर्डर केस की अनसुलझी गुत्थी की फाइल का अध्ययन किया जाएगा और उसे जल्द से जल्द सुलझा दिया जाएगा।

# कुंडन काऊ सेंक्चुरी पर किसने की राजनीति : प्रवीण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

समाज सेवा में समर्पित इंसाफ संस्था के ड्रीम प्रोजेक्ट कुंडन काऊ सेंक्चुरी किसने जमकर व डटकर राजनीति की, यह सवाल करते हुए इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने कहा कि यह सर्वविदित है कि जनवरी 2018 में संस्था की पहली बैठक में इस विषय पर बड़ी गंभीरता के साथ व्यापक एवं विस्तृत चर्चा हुई कि हिंदू धर्म में गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिया गया है। लेकिन जगह जगह गंभीर रूप से घायल इन बेसहारा गऊ माताओं की दुर्दशा को देखकर संस्था ने काऊ सेंक्चुरी के निर्माण का निर्णय लिया। इस अभियान को तीव्र गति प्रदान करते हुए संस्था ने पालमपुर हलके के सभी पटवार वृत्तों के राजस्व अभिलेख को खंगाला। संस्था को पटवार सर्कल धनोटा के अंतर्गत ग्रांम पंचायत बडसर ( कुंडन ) में लगभग तीन सौ कनाल रकवा मिल गया। इस विषय को लेकर संस्था ने उस वक्त की पंचायत प्रधान किरण वाला से संपर्क किया। इस तरह किसानों के खेतों की उजाड़ को देखते हुए किरण वाला ने ग्राम सभा की बैठक में काऊ सेंक्चुरी के निर्माण का प्रस्ताव पारित कर (एनओसी ) संस्था की सेवा में प्रेषित किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किए 2 करोड़ 94 लाख के प्राकलन को स्वीकृति प्रदान की गई। इस तरह संस्था द्वारा कड़ी मेहनत करने के उपरांत सरकार ने जवाब दे दिया कि संस्था के नाम लीज डीड नहीं हो सकती। जब संस्था के साथ एमओयू साइन करने की बात आई तो पता नहीं किस राजनीतिक दबाव के चलते यहां भी टालमटोल होती रही। प्रवीण कुमार ने कहा कि संस्था के सदस्यों ने निर्माणाधीन काऊ सेंक्चुरी स्थल का निरीक्षण करके घटिया कार्य अर्थात गुणवत्ता के ऊपर प्रश्न उठाए। संस्था के अध्यक्ष ने मांग की है कि जिस तरह मान्य न्यायालय ने काऊ सदनों के ऊपर हुए खर्च का ब्यौरा संबंधित विभाग से मांगा है, उसमें कुंडन में भी हुए घटिया किस्म के गो सदन के निर्माण कार्य के खर्चे को भी शामिल किया जाए।

**पुष्पांजलि** | सैकड़ों नम आंखों ने किया अशोक चक्र विजेता लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह के बलिदान को नमन

# शहीद के नाम पर बनाया जाएगा स्टेडियम: लाल चंद

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

जम्मू रेलवे स्टेशन पर हुए फिदायीन हमले को नाकाम कर हजारों लोगों के प्राणों को बचाते हुए तीन फिदायीन आंतकियों को मारकर शहीद होने वाले भारतीय सेना की पांच जैक एलआई के अशोक चक्र विजेता लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह का 20वां बलिदान दिवस सीमावर्ती गांव फतेहपुर में शहीद के नाम पर बने सरकारी हाई स्कूल में प्रिंसिपल कमल किशोर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क बतौर मुख्य मेहमान शामिल हुए। मुख्यातिथि व अन्य मेहमानों ने शहीद के चित्र समक्ष ज्योति प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित करके कार्यक्रम का आगाज किया। श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने कहा शौर्यवीर लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह जैसे जांबाजों की अमूल्य शहादात को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, जिन्होंने



26 वर्ष की अल्पायु में अपना बलिदान देकर हजारों लोगों के प्राणों को बचाते हुए जिस शूरवीरता व अदम्य साहस का परिचय दिया उनके अदम्य साहस के समक्ष समूचा राष्ट्र नतमस्तक है। उन्होंने स्कूल में लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह की याद में स्टेडियम बनाने के लिए 20 लाख रुपए की ग्रांट देने का ऐलान करते हुए कहा कि यह राशि पहली किश्त है काम शुरू होने के बाद इस भव्य स्टेडियम के निर्माण के लिए पैसों की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए जितना भी खर्च होगा वो सरकार करेगी। इसके अलावा शहीद के नाम पर बने इस स्कूल में छात्रों की संख्या जब बढ़ जाएगी, तो इसे अपग्रेड कर 12वीं तक कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### रक्कड़ में केवी न खुलने पर रोष

**अनंत ज्ञान, रक्कड़।** केंद्र सरकार ने हाल ही में 84 केंद्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी दी है। सांसद अनुराग ने रक्कड़ में केंद्रीय विद्यालय खोलने की घोषणा की थी, जो आज दिन तक पूरी नहीं हो सकी। प्रदेश ईको टूरिज्म के निदेशक वीरेंद्र ठाकुर, खाद्य आपूर्ति के निदेशक सुदर्शन सिंह ने तहसीलदार रक्कड़ के माध्यम से प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा। लोगों ने रोष जताते हुए कहा कि अगर रक्कड़ में केवी जल्द नहीं खोला गया, तो कांग्रेस पार्टी के सदस्य और लोग सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रेस क्लब बिलासपुर ने किया खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** नववर्ष के अवसर पर प्रेस क्लब बिलासपुर ने परिधि गृह में खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्लब के सदस्यों के बीच संवाद, सहयोग और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में वरिष्ठ पदाधिकारी, प्रेस क्लब प्रधान, महासचिव, कोषाध्यक्ष, सहित सभी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह आयोजन एक सांस्कृतिक और सामाजिक अवसर के रूप में मनाया गया। जहां पारंपरिक खिचड़ी का आनंद लेते हुए सदस्यों ने आपसी मेलजोल और संवाद को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के आयोजकों ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल आपसी भाईचारे को बढ़ाते हैं बल्कि सदस्यों के बीच मजबूत सहयोग और संवाद को भी प्रोत्साहित करते हैं। प्रेस क्लब ने आश्वासन दिया कि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा।

### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान पर करवाई क्विज प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के क्विज प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।जिसमें पाठशाला के छठी से लेकर दसवीं तक के सभी विद्यार्थियों में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या रेखा शर्मा के संबोधन से हुआ। उन्होंने सर्वप्रथम भारत वर्ष की पहली महिला अध्यापिका सावित्रीबाई फुले को याद करते हुए उनके द्वारा महिलाओं के शैक्षिक, सामाजिक,आर्थिक सशक्तिकरण के लिए याद किया। प्रश्नोत्तरी में पाठशाला के अधिकतम बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। प्रश्नोत्तरी में अनुराधा शर्मा व तिलकराज धीमान क्विज मास्टर की भूमिका में रहे। प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान प्रियंका, सेजल व आराध्या ने द्वितीय स्थान कौटिल्य कपिल आदित्य व चंचल दीप ने किया तथा तृतीय स्थान शिवांश कनिका व महिमा ठाकुर ने प्राप्त किया।

### रामलाल ठाकुर ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने नम्होल के रेस्ट हाउस में लोगों की पानी, सड़क और अन्य समस्याओं को सुना। इस दौरान घ्याल पंचायत के उप प्रधान देशराज ठाकुर, आईपीएच विभाग के अधिकारियों और पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ भी मौजूद रहे। रामलाल ठाकुर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोगों को पानी, बिजली और सड़क से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जो कि चिंताजनक है। इन समस्याओं का निपटारा करने के लिए उन्होनें विभाग को आदेश दिए है ताकि लोगों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करेंगे। रामलाल ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से जनता के मुद्दों को लेकर संवेदनशील रही है और भविष्य में भी जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाती रहेगी।

### निजी ऐप के माध्यम से सवारियां उठाने पर भड़के चालक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शिवा टैक्सी यूनियन घुमारवीं द्वारा निजी कार मालिकों के यात्रियों के परिवहन के लिए कारपूलिंग एप बला बला के बढ़ते उपयोग पर अपनी चिंता व्यक्त की है। यूनियन के पदाधिकारी तथा सदस्य प्रधान सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में थाना प्रभारी घुमारवीं से मिलने पुलिस थाना घुमारवीं पहुंचे। जहां उन्होंने इस ऐप के जरिए निजी वाहनों में यात्रियों को लाने और ले जाने के उपयोग करने वाले इन वाहन चालकों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि ज्यादातर निजी कार मालिक शहर भर में सवारी की पेशकश कर रहे हैं। इससे लाइसेंस प्राप्त टैक्सी ऑपरेटर जो हर साल हजारों रुपए का टैक्स भरते हैं उनके लिए रोजी रोटी के लाले पड़ गए हैं, जिससे उन्हें आए दिन निजी वाहन मालिकों से भिड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यूनियन के प्रधान सुरेश शर्मा ने बताया कि उन्होंने पुलिस को पिछले दो दिनों से इस मामले में सूचनाएं दी थी जिसमें ऐप के जरिए सवारियां ले जाने वाले गाड़ियों के नंबर भी उपलब्ध करवाए थे, जिसमें शुक्रवार को पुलिस ने एक दो मामलों में कार्रवाई करते हुए निजी वाहन चालकों को10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया, लेकिन यूनियन ने इस कार्रवाई को नाकाफी बताया है। टैक्सी चालकों ने सरकार और विभाग से गुहार लगाई है कि निजी वाहनों की में कारपूलिंग के नाम पर सवारियां होने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। डीएसपी घुमारवीं चन्द्रपाल सिंह ने बताया कि निजी वाहनों में सवारियां ढोने वाले सभी लोगों पर पुलिस से समय-समय पर कार्रवाई करती है। नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्सा नहीं जाएगा ।

### शिविर में शारीरिक स्वास्थ्य के लिए किया व्यायाम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस की शुरुआत प्राणायाम और प्रार्थना से की गई और साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य के लिए व्यायाम किया गया। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी बच्चों को दिशा निर्देश दिए गए। स्वयंसेवियों द्वारा कोसरियां क्षेत्र को संवारा, साथ ही छात्रावास के साथ के क्षेत्र, सड़क के किनारे और प्रोफेसर कॉलोनी के क्षेत्र को प्लास्टिक फ्री बनाया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने स्वयंसेवियों द्वारा किए गए कार्य का निरीक्षण किया और किए गए कार्य को सराहा और कर्मठता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ आचार्य अर्थशास्त्र डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने स्वयंसेवियों को प्रोत्साहित किया और कहा कि एनएसएस वॉलंटियर्स होना बहुत गर्व की बात है आप सभी जीवन में लक्ष्य निर्धारित करके और अनुशासन में रहकर किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं।

2023 तक पुल को पूरा करने का लोक निर्माण विभाग ने रखा था लक्ष्य, नहीं हुआ पूरा

# री रडोह के डबललेन पुल का निर्माण कार्य बजट के कारण रुका


**गोपाल कपिल, झंडूता**

अनंत ज्ञान स्पेशल

विकास खंड झंडूता क्षेत्र के मुख्यालय अनंदघाट को बरठीं से जोड़ने वाले री रडोह पुल का निर्माण कार्य बजट के अभाव में रुक गया है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में यह पहला डबललेन पुल है।

लोक निर्माण विभाग ने अक्तूबर 2023 तक निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन इस पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। पुल का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। लोगों का कहना है कि गर्मियों में तो सीर खड्ड को पार कर लेते हैं, लेकिन मानसून आने के बाद सीर खड्ड में पानी का बहाव बहुत ही तेज होता है जिससे खड्ड को पार करना मुश्किल होता है।

आपको बता दें कि री रडोह अमरोआ पुल झंडूता विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में बनने वाला प्रदेश का पहला डबललेन पुल है। इसका निर्माण कार्य 2021 में शुरू हुआ था



और इसे अक्तूबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। अब तक पुल पर छह करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं और 95 फीसदी काम पूरा हो चुका है।

अमरोआ की ओर से पुल का अप्रोच का कार्य पूरा हो गया है, लेकिन री गांव की ओर से 120 मीटर लंबी और 11 मीटर ऊंची अप्रोच का निर्माण शेष है। पुल के निर्माण के लिए स्थानीय लोगों ने अपनी भूमि दान दी है। यह पुल झंडूता, घुमारवीं और बड़सर विधानसभा क्षेत्रों की करीब 70 हजार की आबादी को सीधा लाभ पहुंचाएगा। पुल के बनने से झंडूता और बरठीं के बीच की दूरी 12 किलोमीटर से घटकर आधी हो जाएगी। इसके अलावा, यह झंडूता क्षेत्र को पंजाब की सीमा से सीधा जोड़ेगा, जिससे बरठीं से पंजाब राज्य की सीमा 35 किलोमीटर रह जाएगी। फिलहाल यह दूरी करीब 60 किलोमीटर है। (अनंत ज्ञान)

> रडोह पुल का डबललेन डिजाइन होने से इसकी लागत बढ़ी है। री गांव की ओर से अप्रोच बनाने के लिए ढाई करोड़ रुपए की आवश्यकता है। धनराशि उपलब्ध होने पर शेष कार्य एक महीने में पूरा हो जाएगा।
> -केके चौहान, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग झंडूता।

#### पुल से दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों को मिलेगा लाभ

**बड़गांव** के पूर्व प्रधान ओंकार सिंह का कहना है कि अब थोड़े से खर्चे के अभाव के कारण यह पुल बड़गांव वाली साइड नहीं जुड़ पाया है। जिससे जनता को भारी मुश्किल होती है। बरठीं की तहसील झंडूता है जिसके लिए हमें 15 किलो मीटर घूम कर जाना पड़ता है। अगर यह पुल बन जाता है तो 4 किलोमीटर झंडूता तहसील है। इस पुल के निर्माण से बिलासपुर और हमीरपुर, झंडूता, घुमारवीं और बड़सर विधानसभा क्षेत्र की करीब दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों को लाभ मिलेगा।

## बलोही गांव की सड़क का 31 लाख की राशि से होगा सुधार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बलोही के साथ लगते गांव की पुरानी सड़क की स्थिति हो चुकी है खराब**

टोल प्लाजा बलोही के साथ लगते गांव की पुरानी सड़क की स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। सड़क की खस्ता हालत यहाँ नहीं सड़क से उड़ती धूल से ग्रामीण परेशानी में है। गांव से होती हुई इस सड़क की इतनी खस्ता हालत हो गई है कि उड़ती धूल से घर के आंगन में बैठना तो दूर पशुओं को भी बांध नहीं सकते।

बिलासपुर से गुजर रही फोरलेन सड़क मार्ग जहां पर्यटकों और अन्य लोगों को सुविधा प्रदान कर रहा है वहीं वाहन चालक टोल टैक्स बचाने के चक्कर में फोरलेन सड़क का इस्तेमाल न कर पुरानी गांव की सड़क की और रुख करते हैं। अब ग्रामीणों के लिए यह सड़क जी का जंजाल बन गई है। पुराने मार्ग का प्रयोग करने सरपट दौड़ रहे वाहनों से उड़ने वाली धूल के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत पेश आने लगी है। लोगों के घर, पशुओं के लिए रखा चारा आदि सदैव धूल मिट्टी से भरे रहते हैं। महिलाओं को कपड़े सुखाने के लिए स्थान नहीं मिल रहा है। जब फोरलेन सड़क का निर्माण हो रहा था तो भारी भरकम मशीनरी का प्रयोग इसी सड़क से हुआ, जिस कारण सड़क टूट चुकी है।

एनएचएआई के अधिकारियों ने ग्रामीणों को सड़क की दुरुस्ती का आश्वासन दिया था, लेकिन हैरानी की बात है कि साल बीत जाने के बाद भी सड़क की सुध नहीं ली गई है। यह समस्या गांववासियों और यात्री वाहनों के लिए गंभीर बन गई थी, खासकर तब जब फोरलेन निर्माण के बावजूद लोग पैसे बचाने के लिए अवैध रूप से पुरानी सड़क से निकलते हैं।

इस स्थिति को सुधारने के लिए हिमुड़ा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चंदेल ने जिला उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक से बात कर सड़क सुधार के लिए 31 लाख की राशि दिलवाई। इस राशि से अब सड़क का कायाकल्प होगा, जिससे न केवल सड़क चकाचौंध हो जाएगी, बल्कि धूल की समस्या भी समाप्त होगी। इसके अलावा, नालियां भी बनाई जाएंगी।

## महाविद्यालय के छात्रों ने किया राजस्थान भ्रमण



भ्रमण के दौरान मौजूद विद्यार्थी व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के गणित विभाग द्वारा चार दिवसीय राजस्थान शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के 49 विद्यार्थियों ने भाग लिया । विद्यार्थियों ने राजस्थान के प्रमुख ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का दौरा किया।

विद्यार्थियों ने धार्मिक स्थल सालासर बालाजी और खाटू श्याम जी का दौरा किया, जहां उन्होंने भारतीय कला, संस्कृति और धर्म की गहराई को समझा। इसके बाद, गुलाबी नगरी जयपुर का भ्रमण किया गया। छात्रों ने ऐतिहासिक हवा महल, आमेर किले , साइंस सिटी, संग्रहालय का दौरा किया।

गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ. विक्रम कपिल ने कहा कि इस अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को कक्षा के बाहर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश राणा कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते है।

### विकास खंड कार्यालय झंडूता में मासिक बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के विकास खंड कार्यालय झंडूता में पंचायत सीमित सभागार में झंडूता की 42 पंचायतों के सचिवों, तकनीकी सहायक, जी आर एस, तकनीकी सहायक, प्रधानों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग सभी पंचायतों के सचिवों ने भाग लिया। इस बैठक में झंडूता उपमंडल में चल रहे समस्त विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी। इसमें मनरेगा के कार्य, स्वच्छ भारत मिशन, मुख्यमंत्री आवास योजना और पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों तथा 15 वें वित्त आयोग से सम्बंधित सभी कार्यों पर सचिवों के साथ चर्चा की गई। नए कार्यों को शीघ्र ही शुरू करने के आदेश दिए गए और लंबित पड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने को कहा गया है।

## दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



क्रिकेट टीम को सम्मानित करने के दौरान उपायुक्त व साथ हैं अन्य।

हिमाचल प्रदेश की दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम, जिसने राष्ट्रीय टी-20 खिताब जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया, को सोमवार को बिलासपुर में एक सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। यह समारोह बचत भवन, बिलासपुर में जिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों और खेल प्रेमियों ने भाग लिया।

उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि 15 सदस्यीय टीम में से 7 खिलाड़ी बिलासपुर से हैं और टीम की कप्तान रचना कुमारी भी बिलासपुर से हैं, जिन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता से टीम को जीत दिलाई। डीसी ने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि भविष्य में राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर की किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले उनके लिए प्रैक्टिस सेशन आयोजित किए जाएंगे।

यह प्रतियोगिता झारखंड के रामगढ़ में दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें हिमाचल प्रदेश की टीम ने फाइनल में दिल्ली को 9 रन से हराकर ऐतिहासिक खिताब जीता। टीम में बिलासपुर से रचना कुमारी (कप्तान), रंजना ठाकुर, हेमलता, सपना, मीना, तृप्ता देवी और रेणु कुमारी, हमीरपुर से सोमा देवी, कांगड़ा से उपकप्तान निशा भाटिया, कुल्लू से कांता और ज्योति, और किन्नौर से माला भगती शामिल थीं। टीम की देखरेख में बिलासपुर के शिक्षक संगीत चौहान और कुल्लू से कांता देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपायुक्त ने इन प्रशिक्षकों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन खिलाड़ियों की खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में हरसंभव मदद करेगा। इस सम्मान समारोह ने दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और प्रेरणा दी।

### सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम 6 और 7 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, बिलासपुर शाखा, ने अल्मिको मोहाली के सहयोग से 6 और 7 जनवरी को दिव्यांग और वृद्धजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक चुनौतियों का सामना कर रहे समाज के जरूरतमंद वर्गों को सहायता प्रदान करना है। कार्यक्रम 6 जनवरी को झंडूता और घुमारवीं उपमंडल के लाभार्थियों के लिए होटल एमफारयू, घुमारवीं व 7 को सदर और श्री नयना देवी उपमंडल के लाभार्थियों के लिए किसान भवन, बिलासपुर में होगा। लाभार्थियों को अपनी असेसमेंट स्लिप साथ लाने का अनुरोध किया गया है, जिसमें उनके उपकरणों का विवरण और संख्या दर्ज हो। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। सितंबर और अक्तूबर 2024 में आयोजित असेसमेंट कैंपों के माध्यम से झंडूता, घुमारवीं, सदर, और श्री नयना देवी उपमंडलों में दिव्यांग और वृद्धजनों का परीक्षण किया गया था।

## ढंगवान गांव में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने सुनीं लोगों की समस्याएं



समस्याएं सुनने के दौरान राजेंद्र गर्ग लोगों के साथ।

**अनंत ज्ञान, दधोल**

ग्राम पंचायत घंडालवीं के ढंगवान गांव में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने दौरा कर स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनीं। गर्ग ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार व तकनीकी शिक्षा मंत्री को जमकर घेरा। गर्ग ने कहा कि तकनीकी शिक्षा मंत्री अपने करीबी लोगों व चेहतों के कार्यों में व्यस्त हैं, जबकि आम जनता समस्याओं से त्रस्त है।

गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में वोल्टेज की दिक्कत दूर करने के लिए यहां पर बिजली का ट्रांसफार्मर लगाया गया था, लेकिन यह ट्रांसफार्मर पिछले कई महीनों से खराब पड़ा है। जिसकी कोई भी सुध नहीं ले रहा है। लोगों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में हर तरफ समस्याएं मुहं फैलाये खड़ी है, लेकिन इनकी कोई भी सुध नहीं ले रहा है। घुमारवीं में तकनीकी शिक्षा मंत्री के नाक तले भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है। मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में किसी प्रकार के कटान व इसके ट्रांसपोर्ट पर रोक लगाई है। लेकिन, घुमारवीं में जमकर अवैध कटान हो रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है।

उन्होंने प्रशासन से अपील की कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। इस दौरान मंडलाध्यक्ष जोरावर सिंह, बूथ अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, बीएलए अमरनाथ शर्मा, राजेश, आदि मौजूद थे।

### एचआरटीसी बस और कार की टक्कर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भराड़ी थाना के तहत शिमला-मटौर नेशनल हाईवे पर दधोल चोक पर पथ परिवहन निगम की बस व कार की टक्कर हो गई। इस टक्कर में सड़क से गुजर रही स्कूटी भी चपेट में आ गई।

जानकारी के अनुसार कार घुमारवीं से लेठवीं की तरफ जा रही थी। जैसे ही कार चालक गाड़ी लेकर दधोल चौक पर पहुंचा व कार को चैराहे पर लेठवीं और जाने लगा इस दौरान डंगार की तरफ से स्कूटी आ गई, वहीं कार चालक ने स्कूटी को देखकर ब्रेक लगा दी। इतने में घुमारवीं की तरफ से आ रही झाखड़ी-हमीरपुर बस ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। बस की टक्कर लगने से कार सीधा जाकर स्कूटी से जा टकराई। स्कूटी पर सवार दोनों युवक घायल हो गए। जिन्होंने घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, वहां से घुमारवी रैफर किया गया। भराड़ी थाना प्रभारी देवानंद ने मामले की पुष्टि की है। स्कूटी सवार सठवीं निवासी विशाल व डंगार निवासी अजय कुमार घायल हुए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लोक निर्माण विभाग की टीम ने हटाया अवैध अतिक्रमण

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



बिलासपुर शहर के बाबा नाहर सिंह मंदिर धौलरा को जाने वाली सड़क के पास अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। यहां पर एक व्यक्ति ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रखा है। इस अतिक्रमण का पता उस समय चला, जब लोक निर्माण विभाग ने बाबा नाहर सिंह मंदिर को जाने वाली सड़क पर भव्य गेट का निर्माण कार्य शुरू किया। उस समय एक व्यक्ति ने इस जमीन को अपनी बताते हुए काम को रोक दिया। जिस पर लोक निर्माण विभाग ने इस जमीन का निशानदेही करवाई तो यह जमीन लोक निर्माण विभाग की निकली।

इस पर लोक निर्माण विभाग ने संबंधित अतिक्रमणकारी को नोटिस जारी किया तथा उसे अपना अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए, लेकिन संबंधित व्यक्ति ने अतिक्रमण नहीं हटाया। जिस पर शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग की टीम एसडीएम सदर की अगुवाई में धौलरा स्थित संबंधित जगह पर गई और आंशिक रूप से अतिक्रमण को हटा दिया तथा संबंधित अतिक्रमणकारी को 7 दिन के अंदर अपना अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए। बताया जा रहा है कि प्रशासनिक टीम ने संबंधित जमीन पर की गई बाड़बंदी को उखाड़ दिया तथा कमरों में बिजली लगी होने के कारण अतिक्रमण को नहीं हटाया। बता दें कि बाबा नाहर सिंह मंदिर धौलरा को राष्ट्रीय उच्च मार्ग से जाने वाली सड़क पर पुराने गेट की जगह नया भव्य गेट बनाया जाना है।

लोक निर्माण विभाग बिलासपुर के अधिशासी अभियंता दुनी चंद ठाकुर ने बताया कि संबंधित जमीन ,खसरा नंबर 452/1 पर है। इस खसरा नंबर में लोक निर्माण विभाग की 364 वर्ग मीटर जमीन निकली है। इस जमीन पर मौजूदा समय नगर परिषद का कब्जा है।

**कयास** उपायुक्त कार्यालय के साथ पार्किंग पर लगेगा शुल्क

# पार्किंग में वाहन खड़े करने की दरें होंगी तय

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

उपायुक्त कार्यालय बिलासपुर के साथ सटी पार्किंग में वाहन खड़े करने के लिए वाहन चालकों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। हालांकि अभी दरें निर्धारित नहीं की गई हैं, लेकिन शीघ्र ही इसकी दरें तय कर दी जाएंगी। इससे पहले यह सुविधा लोगों को नि:शुल्क मिल रही थी।

बता दें कि बिलासपुर शहर में पार्किंग की कमी है। इसे देखते हुए प्रशासन ने करीब दो पहले इस स्थान को पार्किंग के लिए विकसित किया था। इससे लोगों को पार्किंग की सुविधा मिल गई थी, लेकिन बेतरतीब पार्किंग के कारण लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे थे।

परिणामस्वरूप लोग अपने वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा करने को मजबूर थे। सबसे बड़ी दिक्कत यह थी कि यहां पर बड़े वाहन भी खड़े कर दिए जाते थे



जिससे छोटे वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या से निपटने तथा आमदन में बढ़ोतरी करने के लिए प्रशासन ने इसे ठेके पर देने का फैसला लिया है। कवायद को आगे बढ़ाते हुए उपायुक्त बिलासपुर ने इसे प्रक्रिया को पूरा करते हुए ठेके पर दे दिया।

इससे प्रशासन को एक लाख रुपए की आमदन होने की उम्मीद है। इससे भले ही प्रशासन की जेब भारी होगी, लेकिन लोगों को अपना वाहन खड़ा करने के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। बता दें कि इस पार्किंग में करीब 30 वाहनों को खड़ा करने की क्षमता है। हालांकि अभी यह तय नहीं हुआ है कि प्रति वाहन कितना खर्च करना होगा।

> उपायुक्त कार्यालय बिलासपुर के साथ सटी पार्किंग को ठेके पर दे दिया है। इससे प्रशासन को एक लाख रुपए की आमद होगी। प्रति वाहन पार्किंग फीस ठेकेदार निर्धारित करेगा। इससे बेहतर पार्किंग व्यवस्था बनेगी तथा सड़क के किनारे वाहन खड़े नहीं हो पाएंगे।
> -आबिद हुसैन सादिक, उपायुक्त बिलासपुर।

### 5 को गोबिंदसागर झील में होंगे खिलाड़ियों के ट्रायल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** 16 से 19 जनवरी 2025 को केरल में आयोजित होने जा रही 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 5 जनवरी को मंडी भराड़ी फोरलेन के पास गोबिंद सागर झील बिलासपुर में आयोजित किए जाएंगे।

हिमाचल प्रदेश ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य महासचिव रितेश अहलूवालिया ने बताया की 5 जनवरी को 10 बजे उपरोक्त स्थान पर ट्रायल के लिए पहुंचे । राज्य महासचिव रितेश अहलूवालिया ने बताया कि हिमाचल प्रदेश ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आईएएस डॉ. राजीव कुमार के दिशा निर्देश हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों के खिलाड़ी केरल में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर छपी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने के लिए हिमाचल प्रदेश ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन हमेशा कटिबद्ध है।

राज्य महासचिव रितेश अहलूवालिया ने बताया कि इस चैंपियनशिप के दौरान जर्मनी में आयोजित होने जा रही 17 वीं वर्ल्ड ड्रैगन बोट रेस चैंपियनशिप के लिए भारत इच्छुक खिलाड़ी अधिक जानकारी के लिए 8580825884 पर संपर्क कर सकते हैं।

## युवा कांग्रेस से युवाओं को जोड़ें : विवेक

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



आभार कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

झंडूता युवा कांग्रेस की ओर से झंडूता में आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान विवेक कुमार का कार्यक्रम में पहुंचने पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस झंडूता के अध्यक्ष कार्तिक चंदेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में झंडूता ब्लाक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सतीश चंदेल, विजय कौशल, राकेश मैहत्ता सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

वहीं, इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में युवा कांग्रेस ने हमेशा ही अपनी अहम भागीदारी निभाई है। उन्होंने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि युवा कांग्रेस से अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को जोड़ें।

साथ ही प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को भी जनता तक पहुंचाएं। विवेक कुमार ने कहा कि वह स्वयं युवा कांग्रेस का हिस्सा रह चुके हैं। उन्हें भी युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव के तौर पर कार्य करने का मौका मिला था। इस संगठन में उन्हें अनुशासन के साथ ही कांग्रेस पार्टी की योजनाओं को पूरी तरह से जानने का मौका मिला था। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस पार्टी की रीढ़ हैं और युवाओं को पार्टी को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए।

उधर, इस कार्यक्रम में युवा कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चंदेल ने कहा कि झंडूता युवा कांग्रेस क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन को भी क्षेत्र में मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को विवेक कुमार द्वारा सम्मानित भी किया गया। झंडूता युवा कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चंदेल, ब्लाक अध्यक्ष विशाल कुमार, उपाध्यक्ष शहरी कांग्रेस तलाई आशीष शर्मा, प्रदेश महासचिव कपिल गौतम, जिला महासचिव रविंद्र कुमार, ब्लाक उपाध्यक्ष सीता देवी, प्रदेश महासचिव जावेद खान सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

### मिनर्वा में 5 जनवरी को अचीवर सम्मान समारोह का आयोजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मिनर्वा संस्थान घुमारवीं में अचीवर सम्मान समारोह का आयोजन 5 जनवरी को किया जाएगा। जिसमें विभिन्न शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उन छात्रों को सम्मानित किया जो यहां से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रदेश व देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई कर रहे हैं। यह समारोह एमबीबीएसए जेई मेंस व बोर्ड की परीक्षाओं में अव्वल प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए रखा गया है।

समारोह में बतौर मुख्यातिथि नगर नियोजन, आवास तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी शिरकत करेंगे। जबकि सिविल सर्वसिज व आर्मी में नियुक्ति होने पर आर्यन शर्मा, प्रतिज्ञा चड्डा, अरुण शुक्ला व नीरज शर्मा विशेष रूप से आमंत्रित किये गए हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अचीवर सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। मेधावी बच्चों को इसमें सम्मानित किया जाएगा। इस बार मिनर्वा शिक्षण व कोचिंग संस्थान, घुमारवीं के 52 होनहार प्रदेश व प्रदेश के बाहर स्थित सरकारी मैडिकल संस्थानों में अपनी-अपनी एमबीबीएस डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### खड़ामुख-होली सड़क 72 घंटे बाद बहाल



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** खड़ामुख-होली मार्ग 72 घंटे के बाद वाहनों के लिए खुल गया है। यह मार्ग बुधवार को सीमेंट की बोगी बीच रास्ते में पलट जाने के कारण सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गया था। इसके कारण इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही ठप पड़ गई थी। गाड़ियों की आवाजाही न होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। शुक्रवार को विभाग व विद्युत कंपनी के संयुक्त अभियान के चलते इस मार्ग पर वाहनों की आवाज शुरू हो गई है।

### पूर्व सैनिकों के भरे जाएंगे 25 पद : अरविंद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निदेशालय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला द्वारा वार्ड-ऑफ एक्स सर्विसमैन के लिए मेडिकल लैबोरेट्री टेक्निशियन ग्रेड-2 के 25 पदों को भरने के लिए बैचवाइज भर्ती की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में सामान्य वर्ग पूर्व सैनिक श्रेणी में 15 पद, अन्य पिछड़ा वर्ग पूर्व सैनिक श्रेणी में 3 पद तथा अनुसूचित जाति पूर्व सैनिक श्रेणी में 5 पद भरे जाएंगे। इसी तरह अनुसूचित जनजाति भूतपूर्व सैनिक श्रेणी में 2 पद भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला के 12वीं विज्ञान सकाय, बीएससी मेडिकल लैबोरेट्री, बीएससी मेडिकल टेक्नोलॉजी लैबोरेट्री, बीएससी मेडिकल टेक्नोलॉजी लैबोरेट्री, बीएससी मेडिकल लैबोरेट्री साइंस, बीएससी मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजी पास आवेदक जो कि उपरोक्त श्रेणी के लिए पात्र हैं। अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय चंबा के दूरभाष नंबर 01899-222209 पर तथा फेसबुक पेज डीडी चंबा पर संपर्क किया जा सकता है।

### बालु में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** भारतीय स्टेट बैंक के निदेशक मनीष कुमार रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बालु में 3 से 17 जनवरी तक 13 दिनों के लिए सॉफ्ट टॉयज मेकर व सेलर का प्रशिक्षण आरंभ किया गया है इस प्रशिक्षण में भिन्न-भिन्न गांवों से 35 युवतियों का चयन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आरसेटी में प्रशिक्षुओं को आगे कार्य करने व ऋण लेने के बारे जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बालु चंबा के प्रशिक्षकों द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सॉफ्ट टॉयज बनाने व बेचने के प्रशिक्षण के अतिरिक्त उन्हें बैकों से संम्बधित विभिन्न योजनाओं और वित्तिय साक्षरता और स्टेट बैंक की शाखा में खाते खोलने के बारे मे जागरुक किया गया। इस प्रशिक्षण में बैंक के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने रखी 3 लिंक रोड की आधारशिला

## बोले- टुंडी-बनेट संपर्क सड़क का उन्नयन कार्य प्रगति पर, उठाऊ पेयजल योजना सिहुंता पर व्यय होंगे 19 करोड़

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज बनेट-मोरटू खड्ड संपर्क मार्ग का शिलान्यास किया। उन्होंने इसके पश्चात सराला दा बासा गांव तथा ददरियाड़ा के समीप बैला- सामु संपर्क मार्ग के निर्माण कार्यों का भी भूमि पूजन किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने गांव बनेट में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन तीनों संपर्क सड़कों के निर्माण कार्यों पर लगभग 3 करोड़ की राशि व्यय होगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सड़क निर्माण कार्यों को पूरा करने के भी निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 9 किलोमीटर लंबी टुंडी-बनेट संपर्क सड़क के उन्नयन कार्यों पर 6 करोड़ की धन राशि व्यय की जा रही है। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि भताल गांव तक सड़क को विस्तार देने के लिए जल्द सर्वेक्षण कार्य शुरू किया जाएगा।

भटियात विधानसभा क्षेत्र के समुचित विकास की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण, पेयजल-सिंचाई एवं विद्युत आपूर्ति योजनाओं के अंतर्गत शत प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने के लिए समय सीमा को निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान क्षेत्र में लगभग 100 संपर्क सड़कों के निर्माण कार्य की योजना तैयार की गई है। कुलदीप सिंह पठानिया ने सराला दा बासा गांव के समीप जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र की पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए उठाऊ पेयजल योजना सिहुंता एवं संबंधित गांव के लिए 19 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जा रही है। इसके तहत 25000 लीटर की क्षमता का पेयजल भंडारण टैंक भी निर्मित किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### पठानिया ने लोगों की समसयाएं भी सुनीं

**विधानसभा** अध्यक्ष ने ददरियाड़ा क्षेत्र के बैला गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि धलियां बाई-कथूणा तथा सयूण-रायपुर संपर्क सड़क मार्ग के निर्माण कार्यों को भी शुरू किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के दौरान लोगों की समस्याओं को भी सुना तथा अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर



सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम कृष्ण चंद चेला, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी विजय कंवर, उपाध्यक्ष नगर पंचायत चुवाड़ी सुरेंद्र चाढ़क, एसडीएम पारस अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण डलहौजी वृत्त दिवाकर सिंह पठानिया नूरपुर वृत्त जगतार सिंह ठाकुर वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, पुलिस उप अधीक्षक योग राज चंदेल, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण नरेंद्र चौधरी, जल शक्ति राकेश ठाकुर, विद्युत पंकज राठौर, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार तथा विभिन्न विभागीय अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मृतक राजेंद्र मल्होत्रा की पत्नी व घायल सचिन के माता-पिता ने पुलिस कार्रवाई पर उठाए सवाल

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पुलिस थाना डलहौजी के अंतर्गत बनीखेत के एक निजी होटल में नए साल के जश्न में मारपीट कांड में मृतक राजेंद्र मल्होत्रा की दुखद मौत पर शुक्रवार को मृतक की पत्नी राधा मल्होत्रा ने प्रेस वार्ता कर हिरासत में लिए पुलिस वाले अमित एवं अणु पर कड़ी कार्रवाई तथा उम्र कैद की मांग की है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि वारदात की मध्य रात्रि को नए साल का जश्न लगभग खत्म हो चुका था और मेरे पति अपने कमरे में जाकर सो चुके थे। मेरी वीडियो कॉल के माध्यम से उनसे बात भी हुई किंतु ठीक कुछ समय बाद मुझे फोन के माध्यम से सूचित किया गया कि आपके पति बुरी तरह से घायल हो गए हैं। यह सारा प्रकरण एक सोची समझी साजिश थी, जिसका शिकार मेरे पति राजेंद्र मल्होत्रा तथा उनके सहायक सचिन ठाकुरको बनाया गया उन्होंने पुलिस कार्रवाई पर अंगुली उठाते हुए कहा कि पुलिस ने वारदात के समय पार्किंग लाइट का बंद होना, मध्य रात्रि के बाद पुलिस वालों का होटल परिसर में बेवजह आना, आकर होटल प्रबंधन के साथ बेवजह गाली-गलौज करना ऐसी कई बातें हैं, जो पुलिस कार्रवाई पर सवालिया निशान लगाती हैं। होटल कर्मी सुभाष अपने बयानों को कई बार बदल चुका है, कहीं न कहीं उसे पर भी संदेह पैदा होता है जिसे पुलिस साफ तौर पर नकारती जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश सरकार गुनहगारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाए



**मृतक** राजेंद्र के बुजुर्ग माता-पिता का जवान बेटे की हुई मौत से बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि राजेंद्र उनका सबसे छोटा बेटा उनके जिगर का टुकड़ा था। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि उनके बेटे की हुई इस मौत के जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि औरों को भी इस बात का सबक मिले। राजेंद्र की मौत ने उन्हें न मिटने वाला दर्द दे दिया है जो उनके जीते जी कभी दूर नहीं होगा।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

### आरोपियों को बचा रही पुलिस

**मामले** में गंभीर रूप से हुए घायल सचिन के माता-पिता तथा पत्नी ने भी पुलिस प्रशासन पर आरोप जड़ा है कि पुलिस आरोपियों को बचाने का भरसक प्रयास कर रही है, जो हमें मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस अगर इस सारे मामले पर कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो वह धरना-प्रदर्शन तथा अमरण अनशन पर से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार से इस सारे मामले पर सीबीआई जांच की भी मांग की है। उन्होंने कहा है कि पुलिस पर उन्हें कतई भी भरोसा नहीं रहा है क्योंकि जहां रक्षक ही भक्षक बन बैठे हो, उन पर कैसे विश्वास किया जा सकता है।



# बनीखेत मामले में एबीवीपी ने डीसी से निष्पक्ष जांच करने की उठाई मांग



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

अखिल विद्यार्थी परिषद चंबा के कार्यकर्ताओं ने पुलिस थाना डलहौजी के अंतर्गत बनीखेत के निजी होटल में मारपीट कांड में मृतक राजेंद्र मल्होत्रा की कथित मृत्यु के मामले पर निष्पक्ष जांच की पुरजोर मांग उठाई है इस मांग को लेकर अखिल विद्यार्थी परिषद चंबा के कार्यकर्ताओं ने उपयुक्त चंबा मुकेश हिप्स वालों को एक विज्ञापन सोप है, जिसमें उन्होंने नए साल के जश्न में हुए मारपीट कांड में मौत का शिकार हुए जीएम राजेंद्र मल्होत्रा तथा उनकी सहायक सचिन ठाकुर के गंभीर रूप से घायल होने पर आरोपी पुलिसकर्मी अमित एवं अनूप पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है इस ज्ञापन में उन्होंने साफ किया है कि पुलिस कर्मियों के इस मामले से लिप्त होने से पुलिस की छवि धूमल हुई है जिससे चंबा के पर्यटन कारोबार पर इसका बुरा प्रभाव देखने को मिलेगा बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को भी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता होने लगी है।

इस मामले में उचित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जानी अति आवश्यक है इसके साथ ही अखिल विद्यार्थी परिषद के प्रांत से मंत्री भवानी ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि अगर मामले की निष्पक्ष जांच न हुई तो अखिल विद्यार्थी परिषद सड़कों पर उतरने से जरा भी गुरेज नहीं करेगा इसलिए उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि वह इस मामले को गंभीरता से लें और जल्द से जल्द ठोस कदम उठाएं।

# सम्मान समारोह में विद्यार्थी किए सम्मानित

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



मुख्यातिथि के साथ सामूहिक चित्र में विद्यार्थी।

स्वतंत्रता पूर्व 1934 में स्थापित तहसील का दूसरा सबसे पुराना विद्यालय रावमापा द्रुब्बल में हर्षोल्लास के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में जीवन ठाकुर पूर्व सचिव कांग्रेस कमेटी हिमाचल प्रदेश ने शिरकत की। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत नाटक 'एक था साथी' को खूब सराहा गया।

इस अवसर पर उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। विशाल ठाकुर और आशुतोष कौंडल, जो वर्तमान में अमेरिका की प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रहे हैं, को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, शैक्षणिक प्रदर्शन में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले राधिका शर्मा, संजीत, शिवांगी ठाकुर, दिव्यांशी शर्मा, प्रतीक, दीक्षांत ठाकुर, सुजल, पलक शर्मा, उपलक्ष्य और सारा शर्मा को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार ने समारोह में मुख्य अतिथि, अभिभावकों और बच्चों का स्वागत करते हुए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यातिथि जीवन ठाकुर ने बच्चों की गतिविधियों की सराहना करते हुए उन्हें नशे जैसी बुराइयों से बचने और जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# मंडी-पठानकोट हाईवे पर दो कारों की भिड़ंत, दो जख्मी

**कविता, पधर**



नेशनल हाईवे मंडी पठानकोट पर द्रंग पुलिस चौकी के पुराने भवन के सामने दो कारों की आपस में आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। आल्टो कार में तीन महिलाओं समेत चालक और दो माह का बच्चा सवार था। जानकारी के अनुसार मंडी की ओर से आ रही टाटा पंच कार ने आल्टो कार को सामने से टक्कर मार दी।

आल्टो कार के चालक रणवीर सिंह की टांग में फ्रेक्चर आ गया। उनकी बहु सुनीता देवी के सिर में चोट लगी है। दोनों घायलों को जोनल अस्पताल मंडी में भर्ती करवाया गया है। चालक रणवीर सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद नेरचौक मेडिकल कॉलेज को रेफर कर दिया। कार में सवार अन्य दो महिलाएं और बच्चे को आंशिक चोटें लगी है। वहीं दूसरी कार में चालक देवी सिंह ही सवार था जो सुरक्षित है। पधर पुलिस ने चालक देवी सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि पधर पुलिस थाना प्रभारी सौरभ ठाकुर ने की। (अनंत ज्ञान)

# बच्चे देश का भविष्य हैं : अमृतपाल

**आदर्श, नेरचौक**



वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि बच्चों को मेडल प्रदान करते हुए चित्र में।

बल्ह उपमंडल के नेरचौक में महादेव पब्लिक स्कूल भंगरोटू में वार्षिक पारितोषिक वितरण सम्मान समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह समाज सेविका आशु गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें मुख्यातिथि व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमृतपाल सिंह (काका) ने शिरकत की।

मुख्यातिथि के दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ और बच्चों ने गणेश वंदना व सरस्वती वंदना करके कार्यक्रम का आगाज किया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें पंजाबी भांगड़ा व हिमाचली नाटी विशेष तौर पर आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने खूबसूरत प्रस्तुतियां कर आए हुए अभिवावकों का मनमोह लिया। धानाचार्य ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की व स्कूल की गतिविधियों एवं उपलब्धियां वाले सभी को अवगत करवाया। मुख्यातिथि अमृतपाल सिंह ने कहा कि आज के बच्चे हमारे राज्य और देश का भविष्य है।

उन्होंने कहा कि जैसे एक पेड़ को फलने-फूलने के लिए मेहनत और धैर्य की आवश्यकता होती है, वैसे ही हमें भी अपनी पढ़ाई और जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सतत प्रयास करने होंगे।

कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक, उपनिदेशक कृषि विभाग डॉ. रामचंद्र, एसएमएस चौधरी राम, डॉ. छापे राम, डॉ. बलबीर, जीवन चौहान बीजेपी एससी मोर्चा के अध्यक्ष, पूर्व पार्षद मनीराम, प्रधानाचार्य भंगरोटू स्कूल किशन बुशैहरी, प्रबंधन कमेटी की अध्यक्ष रीता देवी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

### सूडोकु 0036 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0035 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

4 जनवरी, 2025, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** पंचमी (10:03): **नक्षत्र** शतभिषा (09:24), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** सिद्धि (10:07) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:05-12:46), **राहुकाल** (09:50 -11:08)।

**विशेष दिन**

- 4 जनवरी 2025 : पौष शुक्ल पंचमी आज।
- 05 जनवरी 2025 : अनुरूपा षष्ठी कल।

**मेष:** आज आप कुछ अधिक ही संवेदनशील बनेंगे। खान-पान की बुरी आदतों पर कंट्रोल करें। आज के दिन शारीरिक सुख अच्छा रहेगा।

**वृषभ:** आज किस्मत के भरोसे बिल्कुल न रहें। ये दिन सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव भरा हो सकता है। प्रेम-प्रसंग के मोर्चे पर सबकुछ संतोषजनक बना रहेगा।

**मिथुन:** परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व होगा। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। आत्मविश्वास घातक साबित हो सकता है।

**कर्क:** विचार और ऊर्जा को उन कामों में लगाएँ, जिनसे आपके सपने हकीकत का रूप ले सकते हैं। क्रोध में किसी के साथ उग्र चर्चा न हो जाए इसका ध्यान रखें।

**सिंह:** आज के दिन आप कोई नया काम शुरू कर सकते हैं, सफलता प्राप्त होगी। एक ही दिशा में की गई मेहनत से बेहतर परिणाम मिल सकेंगे।

**कन्या :** आज आपको घरेलू परेशानियाँ आपको तनाव दे सकती हैं। तंग आर्थिक हालात के चलते कोई अहम काम बीच में अटक सकता है।

**तुला:** आज आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना की वजह बन सकता है। भाई-बंधुओं के साथ प्रेम-बढ़ेगा। कार्य सफलता से आपका उत्साह बढ़ेगा।

**वृश्चिक:** मन क्रोधित रहेगा। व्यर्थ धन का व्यय होगा। यदि कोई गुमराह हो रहा है, तो आप उस पर नजर रख सकते हैं लेकिन ऐसा आपको छुपकर करना होगा।

**धनु :** जीवनसाथी के द्वारा हर संभव तरीके से सामर्थ मिलेगा। व्यापार अच्छा लाभ देगा। नौकरी में अधिकारी खुश रहेंगे। कृषि ठीक-ठीक रहेगी व लाभ मिलेगा।

**मकर :** आज शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। धन लाभ के साथ कोई रुका हुआ कार्य पूर्ण होगा। आज का दिन आपके लिए बहुत खास है।

**कुंभ :** हर कार्य में सफलता मिलेगी। अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखें। घर में शांति बनी रहेगी। भावनात्मक तनाव से गुजरना पड़ सकता है।

**मीन :** आज आपके काम करने की कला और चरित्र से लोग प्रभावित होंगे। आज नतीजों की चिंता किए बिना मेहनत करेंगे तो कामयाबी अवश्य मिलेगी।

# समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए पेश

**रितेश, सरकाघाट**



सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय संधोल का पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्राओं ने मनमोहक ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जिसने हर एक दर्शक को अभिभूत कर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रजत ठाकुर ने की। वहीं वशिष्ट मेहमान पंजाब के मोहाली की महिला विंग की अध्यक्षा रहीं चम्पा राणा थी। प्रधानाचार्य रापुजन चंदेल ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने हाल में इसी स्कूल से पढ़कर बने एमबीबीएस कर चुके डॉक्टर जितेन ठाकुर को भी सम्मानित किया।

इसी दौरान जिला भर में कंप्यूटर क्विज में प्रथम रहे मीनाक्षी, अंतरा व संगीता को ट्रॉफी देकर समानित किया, वहीं संस्कृति बोध माला प्रश्न मंच में चतुर्थ स्थान पर रहे अक्षिता, आरव व तन्वी को भी मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। विज्ञान प्रेक्टिकल में तीसरे स्थान पर रहने वाले आरव को भी सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि रजत ठाकुर ने सरस्वती विद्या मंदिर संधोल के प्रबंधन को 31000 ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 21000 भेंट किए। (अनंत ज्ञान)

# स्व. किशोरी लाल सूद को कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, मंडी**



वरिष्ठ पत्रकार स्व. किशोरी लाल सूद को पत्रकारों और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि दी और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार बीरबल शर्मा ने कहा कि किशोरी लाल सूद हिमाचल के वरिष्ठ पत्रकारों में शामिल रहे हैं और उन्होंने अपना एक खास मुकाम हासिल किया। वे पत्रकारिता में कई पत्रकारों के लिए प्रेरणा स्रोत रहे हैं। वहीं पर लोकसंपर्क अधिकारी हेमंत कुमार ने वरिष्ठ पत्रकार किशोरी लाल सूद को स्मरण करते हुए कहा कि वे अपने समय के जाने माने पत्रकार रहे हैं, जिनसे नई पीढ़ी को सीख लेनी चाहिए। वहीं पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी शर्मा ने कहा कि किशोरी लाल सूद पत्रकारिता के आधार स्तंभ थे।

इस अवसर पर प्रेस क्लब के महासचिव हंसराज सैनी, उपाध्यक्ष अमनदीप अग्रिहोत्री, एपीआरओ विनोद कुमार, खेमचंद शास्त्री, अनिल शर्मा, अश्विनी, हंसराज आदि मौजूद रहे।

## इंदिरा मार्केट शौचालय में मृत मिला युवक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** इंदिरा मार्केट के शौचालय में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर के जोनल हॉस्पिटल मंडी में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रथम दृष्टया में युवक की मौत किसी नशीले पदार्थ के सेवन से लग रही है। हालांकि इस बात की पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है, पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा कि युवक की मौत का क्या कारण रहा है, लेकिन युवक के हाथ में बीड़ी और सिगरेट लाइटर मिला है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

# सफलता पाने के लिए अच्छे विचारों को दें प्राथमिकता

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि व साथ हैं अन्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मकरीडी में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

समारोह की शुरुआत 'अतिथि देवो भव' की परंपरा के साथ हुई, जिसमें प्रधानाचार्य सुभाष चंद ठाकुर ने मुख्य अतिथि को टोपी, शॉल और मोमेंटो भेंट कर उनका सम्मान किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। मुख्यातिथि जीवन ठाकुर ने कहा कि 'हर व्यक्ति के दिमाग में अच्छे और बुरे विचार होते हैं। हमें सफलता पाने के लिए अपने अच्छे विचारों को प्राथमिकता देनी चाहिए। लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच और समर्पण आवश्यक हैं।' समारोह के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्रधानाचार्य सुभाष चंद ठाकुर ने समारोह को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में शिक्षकों, अभिभावकों और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत घोड़ी धबीरी**
विकास खंड बिझड़ी, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घोड़ी धबीरी में वर्ष 2024-25 के लिए स्थापित हैंड पंप, Installation Handpump, हरिजन बस्ती धबीरी, वार्ड नंबर 1 हेतु कोटेशन आमंत्रित की जानी हैं।

इच्छुक फर्म अपनी-अपनी निविदा बंद लिफाफे में रजिस्टर डाक सहित प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत घोड़ी धबीरी विकासखंड बिझड़ी के पते पर 15 जनवरी 2025 शाम 5:00 बजे तक प्राप्त हो जानी चाहिए।

HAND PUMP INSTALLATION : 1 NO.

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत घोड़ी धबीरी

हमने भूख को समाप्त कर दिया, लेकिन अब हमें अकाल को समाप्त करना होगा। -अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# हिमाचली संस्कृति और नंगा नाच

राजधानी शिमला के रिज मैदान पर विंटर कार्निवाल के दौरान युवकों का नंगा नाच एक विवादास्पद विषय बन गया है। चहुंओर इस घटनाक्रम की निंदा हो रही है। विपक्षी भाजपा प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हमलावर हो गई है। वह सरकार को घेरने में लगी है। निश्चित रूप से यह घटना स्थानीय लोगों और प्रशासन के लिए चिंता का सबब है। पंजाबी गायक सतिंदर सरताज की स्टार नाइट में पर्यटक इतने मदहोश हो गए कि उन्होंने कपड़े उतारकर अर्धनग्न डांस किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और लोग मजे लेने के साथ प्रदेश सरकार की आलोचना भी कर रहे हैं। बड़ी बात यह है कि इस कार्यक्रम में खुद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी शिरकत करने पहुंचे थे। वह मंच के पास स्टार नाइट का आनंद ले रहे थे तो वहीं उनके पीछे युवक कपड़े उतारकर नंगा नाच कर रहे थे। इस घटना को किसी भी सूरत में उचित नहीं माना जा सकता है, क्योंकि सार्वजनिक स्थल पर अश्लीलता बेहद गंभीर विषय है। नंगा नाच अश्लीलता का एक रूप है, जो स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए भी अपमानजनक से कम नहीं है। जब युवक डांस कर रहे थे तो इस दौरान बड़ी संख्या में लोग वीडियो बनाने में जुटे रहे। हालांकि, एक कुछ लोगों ने युवकों को समझाने की कोशिश जरूर की, लेकिन युवक मस्ती में पूरी तरह से चूर थे।

इसे हिमाचल के सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों का उल्लंघन कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। शिमला का रिज मैदान एक प्रतिष्ठित स्थल है और यहां देश-विदेश के पर्यटक दस्तक देते हैं। ऐसे में वह हिमाचल से क्या संदेश लेकर जाएंगे, जबकि हिमाचल एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाला राज्य है। यहां अपनी अनोखी परंपराएं और रीति-रिवाज हैं, जिनसे हर कोई रू-ब-रू होना चाहता है, लेकिन यह अर्धनग्न डांस हिमाचल की छवि को दागदार कर गया। हिमाचल में आयोजित होने वाले इस तरहे के बड़े इवेंट में अश्लीलता परोसना अच्छी बात नहीं है। दरअसल, यह कानून और व्यवस्था की समस्या है। इस घटना से कानून और व्यवस्था पर भी प्रश्नचिन्ह लगते हैं, जो प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है और कहा जा रहा है कि उनकी के बयान का यह पहला रुझान सामने आया है। सीएम ने विंटर कार्निवाल से पहले कहा था कि झूमने वालों को पुलिस जेल में न डाले। यानी एक किस्म से उन्हें पर्यटकों को फुल मस्ती करने की इजाजत दी थी। इसके पीछे उनकी सोच के कई मायने हैं, लेकिन नकारात्मक तर्क देने वालों की जमात भी कम नहीं होती। सीएम सुक्खू प्रदेश को पर्यटन की दृष्टि से उपर उठाना चाहते हैं और शायद इसी वजह से उन्हें पर्यटकों को हिमाचल में आकर्षित करने के लिए ऐसा बयान दिया था, लेकिन इसका गलत अर्थ नहीं निकाला जाना चाहिए। उन्होंने यह कभी नहीं कहा था कि कानून व्यवस्था को ताक पर रखा जाए। अब इसमें सरासर पुलिस प्रशासन की ढिलाई की बात सामने आ रही है। पुलिस ऐसे मनचले युवकों पर आराम से काबू पा सकती थी, क्योंकि इसके लिए तो उसे किसी ने रोका नहीं था।

वह कम से कम यह तो कर ही सकती थी कि अर्धनग्न डांस कर रहे युवकों को शर्ट पहनकर डांस करने के लिए कहती, लेकिन अफसोस वह ऐसा नहीं कर पाई। अब इसमें पुलिस की नाकामी सामने आ रही है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन को उचित कदम उठाने चाहिए। सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी और ज्यादा बढ़ानी चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना तो बेहद जरूरी है। स्थानीय सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना हम सबका कर्तव्य है तथा अपनी संस्कृति का संरक्षण करना भी हमारा धर्म होना चाहिए। रिज पर हजारों लोग मौजूद थे और इनमें से ज्यादातर लोगों को यह पता था कि भीड़ के बीच में नंगा डांस चल रहा है तो आखिर भीड़ ने उन्हें रोकने का प्रयास क्यों नहीं किया। केवल पुलिस ही कार्रवाई करे यह भी जरूरी नहीं है। आखिर कार्यक्रम हिमाचल में हो रहा है तो हमें अपनी बेइज्जती नहीं करवानी है, बल्कि अपने प्रदेश की धाक जमानी होती है। और जानबूझकर ऐसी घटनाओं से मुंह नहीं फेरना चाहिए। यदि मिलजुलकर सभी प्रयास करें तो निश्चित रूप से घटनाओं को रोका जा सकता है। विपक्षी भाजपा को भी चाहिए कि वह बेवजह इस मामले को तूल न दे और इस बात पर मंथन करे कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ■

# न्यूटन : जिज्ञासा, मेहनत और समर्पण की मिसाल



साइंस के इतिहास में कुछ व्यक्ति ऐसे हैं जिन्होंने विज्ञान की नींव को स्थायित्व दिया और मानव सभ्यता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। सर आइजैक न्यूटन उन महान वैज्ञानिकों में से एक हैं, जिन्हें आधुनिक विज्ञान का जनक कहा जाता है। उनके अविष्कार और सिद्धांत आज भी विज्ञान की हर शाखा के मूलभूत आधार हैं। हर मुख्य उपकरण जो हम अपने आसपास पाते हैं न्यूटन के आविष्कारों के बिना इतनी आसानी से संभव नहीं था। आप यह लेख इतनी सुगमता से अखबार में पढ़ रहे हैं चाहे प्रिंट फॉर्मेट में या डिजिटल फॉर्मेट (ईपेपर) में इस तकनीक की जो नींव है, उसमें आइजैक न्यूटन का गहरा योगदान है। जूलियन कैलेंडर के अनुसार, न्यूटन का जन्म 25 दिसंबर 1642 को हुआ था, लेकिन जब इंग्लैंड ने बाद में ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया, तो तारीख को संशोधित किया गया और यह 4 जनवरी 1643 हो गई। जैसा कि विदित है ग्रेगोरियन कैलेंडर में जूलियन कैलेंडर की तुलना में 10 दिनों का अंतर था।



लेखक : मनीष कुमार
जयसिंहपुर, कांगड़ा

इंग्लैंड के लिंकनशायर के छोटे से गांव वुल्सथॉर्प में जन्मे बाल न्यूटन का बचपन सरल नहीं था। न्यूटन अपने जन्म से 3 माह पूर्व ही अपने पिता का साया खो बैठे। उनके पिता भेड़ों के किसान थे, वे अमीर तो नहीं थे, किंतु उनके पास जीवन जीने के पर्याप्त साधन थे। न्यूटन की मां हन्ना ने दूसरी शादी कर ली और बालक न्यूटन को पालन पोषण के लिए उसकी नानी की देखरेख में छोड़ा गया। इस तरह वे मां-बाप के प्यार से वंचित रहे। शुरुआत में वे पड़ोस के स्थानीय स्कूल में पढ़े किंतु वहां वे आलसी, कामचोर और कक्षा के सबसे फिसड्डी छात्र थे। 12 वर्ष की उम्र में उन्हें आईजेक ग्रांथम के किंग्स स्कूल में पढ़ने के लिए भेजा गया। वहां भी शुरुआती दिनों में वे पढ़ाई में खास रुचि नहीं लेते थे, किंतु एक घटना के बाद वे अचानक से पढ़ाई के प्रति गंभीर हो गए। आईजेक हमेशा शांत रहते थे और लड़कों की संगति से ज्यादा लड़कियों को मित्र बनाना अधिक पसंद करते थे।

कक्षा के अन्य लड़कों द्वारा उनका मजाक उड़ाया जाता था और एक दिन तो एक सहपाठी ने न्यूटन के पेट पर लात मार दी। न्यूटन के सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने उस लड़के की खूब धुलाई कर दी, इससे वह लड़का तो हक्का-बक्का था ही परंतु न्यूटन स्वयं उससे कई ज्यादा हैरान थे। इस घटना के बाद उन्होंने अपनी हीन भावना पर काबू पाया और एक नई उम्मीद के साथ उन्होंने पढ़ाई में भरपूर मन लगाया। तब किसको ही पता था कि माता-पिता के प्यार से वंचित साधारण सा देखने वाला यह बालक एक दिन दुनिया का सबसे महान वैज्ञानिक बनेगा। 1653 में स्मिथ(न्यूटन के सातैले बाप) की मृत्यु के पश्चात उनकी मां वापस वुल्सथोर्प रहने चले आईं। अभी न्यूटन का उत्साह पढ़ाई के प्रति उभारना शुरू ही हुआ था कि उनकी मां ने खेतीबाड़ी शुरू कर दी और उन्हें हाथ बंटाने के लिए वापस बुला लिया, किंतु पुश्तैनी पेशे में उनका मन जरा भी नहीं लगता था।

वे एक पेड़ के नीचे बैठकर मशीनों को तोड़ते फिर जोड़ते और यूं ही अपनी जिज्ञासा को शांत कर लिया करते। उन्होंने कम उम्र में ही धूप की घड़ियां एवं पवन चक्की का आविष्कार कर लिया था। एक दिन तूफान आया और उनकी सारी फसल तबाह हो गई, किंतु नुकसान का जायजा लेने के विपरीत वे हवा की गति नापने में मगन रहे। सौभाग्यवश यह सब देख उनके चाचा ने उनके सामर्थ्य को पहचाना और उनकी पढ़ाई सुचारु रूप से जारी करवाई। 1665 में न्यूटन ने कैंब्रिज से स्तानक की डिग्री हासिल की, किंतु डिग्री हासिल करने से पूर्व ही उन्होंने गणना के नए-नए तरीके खोज निकाले जैसे कि द्विपद प्रमेय या बिनोमियल थ्योरम और कैलकुलस आदि। न्यूटन की यह खोज गणित के क्षेत्र में बहुत क्रांतिकारी थी। कैलकुलस आगे चलके विज्ञान, इंजीनियरिंग और तकनीकी विकास के लिए अनिवार्य सिद्ध हुआ। उन्हें विवाद व मतभेद पसंद नहीं थे, इसलिए वह सारे प्रयोग के बाद ही अपने निष्कर्ष सार्वजनिक करने में विश्वास रखते थे।

1665 में कॉलेज के दिनों के दौरान ही जब इंग्लैंड में भयंकर प्लेग फैला, स्कूल कॉलेज बंद हो गए, तो सब विद्यार्थियों की भांति न्यूटन को भी अपने गांव वापस जाना पड़ा, लेकिन न्यूटन के मन में विचारों का प्रवाह कहां रुकने वाला था। एक दिन उन्होंने स्वयं को कमरे में बंद कर लिया और खिड़की से छोटा सा छेद बनाया वहां से सूर्य की कुछ किरणें कमरे के अंदर आई। छेद के सामने उन्होंने प्रिज्म लगा दिया। सामने दीवार पर उन्हें सफेद रोशनी के बजाय सतरंगी किरणें दिखाई दी जिन्हें देखकर वह स्तब्ध रह गए।

उन्होंने बार-बार इस प्रयोग को किया जब तक कि उन्हें विश्वास नहीं हो गया कि प्रिज्म सफेद रोशनी को सात रंगों (विबग्योर) में विभाजित कर देता है। इतने से संतुष्ट न होकर न्यूटन ने यह प्रयोग दो प्रिज्म के साथ किया तब निष्कर्ष में उन्हें सफेद रोशनी ही मिली। इस अध्ययन से प्रेरित होकर उन्हें टेलिस्कोप में सुधार करने का विचार आया। उसे समय टेलीस्कोप में लैंसों की जगह परावर्ती शीशे का उपयोग किया जाता था, जिसकी वजह से तस्वीर साफ नहीं दिखती थी। लंबे समय की हताशा के पश्चात अंत में इन्हें मनचाहा टेलीस्कोप बनाने में सफलता हासिल हुई। देखने में तो यह 6 इंच लंबा और 1 इंच चौड़ा था, लेकिन इसे दिखाने पर कोई भी चीज 40 गुना बड़ी दिखती थी। न्यूटन को खगोलीय पिंडों के अध्ययन में बहुत आनंद आता था, हालांकि कॉपरनिकस और गैलीलियो इस संदर्भ में पहले ही कह चुके थे कि 'सारे ग्रह सूरज के इर्द गिर्द चक्कर लगाते हैं', लेकिन क्यों? एक शाम इस क्यों के ख्यालों में डूबे न्यूटन बगीचे में पेड़ के नीचे बैठे थे तभी अचानक किसी पेड़ से सब नीचे गिरा। यह साधारण घटना उनके लिए असाधारण प्रश्न बन गई 'वस्तुएं हमेशा जमीन की ओर क्यों गिरती हैं?' और न्यूटन के प्रश्न को उत्तर की दिशा देने के लिए यह क्यों ही काफी था। इस सवाल ने उन्हें गुरुत्वाकर्षण के नियम को परिभाषित करने की प्रेरणा दी। यह सिद्धांत न केवल पृथ्वी, बल्कि पूरे ब्रह्मांड में वस्तुओं के व्यवहार को समझाने में सहायक बना। यांत्रिकी में भी उन्होंने अपनी रिसर्च से अमिट छाप छोड़ी। उनके गति के तीन नियम आज भी यांत्रिकी और अंतरिक्ष विज्ञान की नींव माने जाते हैं।

**1.** जड़त्व का नियम- वस्तु तब तक स्थिर रहती है या एकसमान गति से चलती है जब तक बाहरी बल न लगे।

**2.** गति का समीकरण-बल= द्रव्यमान म त्वरण ($F = ma$)।

**3.** क्रिया और प्रतिक्रिया का नियम- हर क्रिया के बराबर और विपरीत दिशा में प्रतिक्रिया होती है।

याद रखें, सफलता उन्हीं के कदम चूमती है जो कभी हार नहीं मानते।'तो आइए, हम भी न्यूटन की तरह अपनी जिज्ञासा को बनाए रखें, कठिनाइयों से जूझते हुए अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयत्न करें। आओ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# जागरूकता और धैर्य साइबर ठगों से बचने का बढ़िया उपाय

आजकल पूरे भारत में साइबर अरेस्ट की अनगिनत घटनाएं निरंतर हो रही हैं। हर दिन कई लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं और अपनी जिंदगी की गाढ़ी कमाई से हजारों, लाखों और कई बार करोड़ों रुपए इन ठगों के हवाले कर देते हैं।



लेखक : नरेंद्र कुमार शर्मा,
जोगिंद्रनगर

कई बार तो लोग इस साइबर अरेस्ट से इतना घबरा जाते हैं कि उनकी मौत की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। इन बुरी घटनाओं से बचने के लिए केवल सतर्कता की आवश्यकता है। यदि हम लोग जागरूक होंगे, तो ये साइबर अरेस्ट वाले ठग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। साइबर अरेस्ट एक प्रकार का धोखाधड़ी करने का ही तरीका है। इसमें धोखाधड़ी करने वाले जालसाज कानून प्रवर्तन अधिकारी या बड़े पुलिस अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करते हैं। ये ठग अनजान नंबर से फोन करते हैं। इसमें वे बकायदा पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को ऑडियो या वीडियो काल कर झूठे इल्जाम लगाकर लोगों से दिए गए अकाउंट में पैसे डालने के लिए कहते हैं। लोगों को अपनी जालसाजी में फंसाने के लिए ये शातिर ठग कई प्रकार के तरीके अपनाते हैं। कई बार ये ठग लोगों को कहते हैं कि आपका विदेश से कोई पार्सल आया हुआ है और उसमें ड्रग्स पाई गई है और आप नारकोटिक्स विभाग द्वारा अरेस्ट कर लिए जाएंगे।

यदि आपको इस गिरफ्तारी से बचना है तो दिए गए अकाउंट में एक लाख, दो लाख या कई बार दस लाख या इससे अधिक की राशि डाल दें और कोई भी व्यक्ति जल्दबाजी में इतना घबरा जाता है कि बिना सोचे समझे और किसी से बात किए बिना उनके खाते में अमुक राशि डाल देता है, लेकिन जब असलियत का पता चलता है तो फिर पछताने के सिवा कोई रास्ता नहीं रहता और अपने जीवन की गाढ़ी कमाई अपने हाथ से निकल कर इन ठगों के हवाले कर देते हैं।



कई बार ये साइबर ठग कहते हैं कि आपका बेटा या बेटी किसी जुर्म में पुलिस ने पकड़ लिए हैं। यदि आप उन्हें बचाना या छुड़ाना चाहते हैं तो इतनी राशि दिए गए अकाउंट नंबर में डाल दें। साइबर अरेस्ट का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। कोई भी पुलिस अधिकारी, सी बी आई या नारकोटिक्स विभाग का अधिकारी आपको वीडियो काल या ऑडियो काल करके धमका नहीं सकता और न पैसे की मांग कर सकता है।

ये साइबर ठग लोगों को अपनी बातों में मानसिक तौर पर इतना उलझा देते हैं कि किसी भी व्यक्ति को इन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल हो जाता है। इनकी जालसाजी के शिकार केवल आम आदमी ही नहीं होते, बल्कि बहुत पढ़े लिखे लोग भी इनके झांसे में आकर अपनी जमा पूंजी खो बैठते हैं। इस जालसाजी के बारे में हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी अपनी चिंता जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने भी इस ठगी से बचने के लिए भारत के लोगों को आगाह किया है। प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी समय-समय पर लाखों करोड़ों रुपए इन ठगों ने बड़े शातिराना ढंग से हथिया लिए हैं।

आजकल लगभग अधिकांश लोग पढ़े लिखे हैं, लेकिन जागरूकता की कमी से इस प्रकार की ठगी का शिकार हो रहे हैं। जागरूकता और धैर्य ही इससे बचने का सबसे बढ़िया उपाय है। हमें खुद तो जागरूक होना है दूसरों को भी जागरूक करना होगा। यदि ये ठग इतने शातिर ढंग से हमें लूट सकते हैं तो क्या हम अपना बचाव नहीं कर सकते हैं? बस दरकार है तो केवल धैर्य और जागरूकता की। हमें इसी का पालन करना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हम** वर्ष 2025 में प्रवेश कर चुके हैं। यह अवसर आत्मसमीक्षा का अवसर है। इस अवसर पर अधिकांश लोग कुछ नए संकल्प लेते हैं, बुराइयों का त्याग करने का प्रण करते हैं, नई योजनाएं बनाते हैं और कुछ दिनों तक ये प्रयास जारी भी रहते हैं। हम सभी का इन संकल्पों के जरिए प्रयास रहता है कि इन पर अमल करते हुए हम अपने जीवन में कुछ सकारात्मक बदलाव ला सकें, लेकिन दृढ़ संकल्प के अभाव में कुछ दिनों में ही हम पुराने ढर्रे पर लौट आते हैं। हमारे सारे संकल्प, विफल हो जाती हैं। उदाहरण के रूप में यदि हम शराब के आदी हैं तो एक ही बार में शराब का त्याग करने की कोशिश करने के बजाय शराब की मात्रा में धीरे-धीरे कमी करते जाएं और इस सीमा तक पहुंच जाएं कि शराब का त्याग करना हमारे लिए कोई मुश्किल काम न रह जाए। इसी प्रकार अगर हम रोज प्रात: 8 बजे के करीब सोकर उठते हैं और संकल्प लेते हैं प्रात: 5 बजे उठने का तो हम दो-चार दिन भले ही मन मारकर 5 बजे उठ जाएं, पर उसके बाद हमारा यह नियम टूट ही जाएगा। **रवि,**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# महान वैज्ञानिक और गणितज्ञ

**आइजैक** न्यूटन महान वैज्ञानिक और गणितज्ञ का 4 जनवरी को जन्मदिवस है। न्यूटन एक गणितज्ञ, भौतिकविद, खगोलविद, धर्मशास्त्री के साथ ही बहुत कुछ थे। न्यूटन को यूं तो उनके गुरुत्वाकर्षण और गति के नियमों के लिए जाना जाता है, लेकिन उनकी बहुत सारी खोजें और आविष्कारों ने दुनिया में आमूलचूल परिवर्तन ला दिया था। उनके बारे अनसुने किस्से में से एक यह भी है कि उनकी दो जन्मतिथियां थी।

**दो अलग-अलग जन्मदिन:**-न्यूटन के बारे में एक दिलचस्प तथ्य यह है कि उनके दो जन्मदिवस थे। दरअसल उनके दो जन्मतिथियों में दस दिन का अंतर उनके दौर में प्रचलित कैलेंडरों के कारण पैदा हुआ था। चार जनवरी के अलावा न्यूटन का जन्मदिन 25 दिसंबर को भी आता है। मजेदार बात यह है कि न्यूटन भी इंग्लैंड में अपना जन्मदिन 25 दिसंबर को ही मानते थे, जबकि इंग्लैंड के बाहर उनका जन्मदिन 4 जनवरी को था।




आइजैक न्यूटन
**जन्म :** 4 जनवरी, 1643
**मृत्यु :** 31 मार्च, 1727

**क्या थी वजह:**-न्यूटन का जन्म इंग्लैंड में वूल्सथोर्पे के मैनोर हाउस में हुआ था। उस समय इंग्लैंड में यूरोप से अलग जूलियन कैलेंडर का उपयोग होता था, जिसके मुताबिक न्यूटन 25 दिसंबर 1642 को पैदा हुए थे। वहीं यूरोप में उस समय ग्रिगोरियन कैलेंडर अपना चुका था जिसका इसका इस्तेमाल आज किया जाता है। इस हिसाब से न्यूटन 4 जनवरी 1643 को पैदा हुए थे।

**न्यूटन के दो प्रसिद्ध सिद्धांतों का असल महत्व:**-यूं तो न्यूटन की के सिद्धांत के पहले भी गुरुत्व की अवधारणा मौजूद थी, लेकिन न्यूटन के सिद्धांतों ने गुरुत्वाकर्षण को सौर्वभौमिकता प्रदान कर दुनियाभर में तहलका मचा दिया था। ■

# उच्च शिक्षा प्राप्त करने पर भी जिंदगी महत्वहीन क्यों ?

विद्यार्थी किसी भी समाज अथवा देश की रीढ़ हुआ करते हैं, इसलिए उनका विकास अथवा पतन समूचे देश का विकास अथवा पतन माना जाता है, इसलिए इन्हें पढ़ने-लिखने की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। यदि विद्यार्थी अनपढ़ रह गए, तो हमारा देश कमजोर हो जाएगा। आज समाज में शिक्षित युवाओं की बेहद आवश्यकता है पर आधुनिक युग में शिक्षा का चरम उद्देश्य रोटी का सवाल समझा जाता है। इसलिए हमारे बच्चे 12 कक्षाएं पास करके रोजगार की तलाश में बहुतायत संख्या में विदेश जाने के प्रयासरत हैं।



लेखक : वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

इसमें अपने देश की पूंजी बाहर जा रही है। निस्संदेह, वहां बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ आर्थिकता के लिए कुछेक घंटे काम करने के लिए भी दिए जाते हैं पर अफसोस, फिर भी पैसे पूरे नहीं होते तो मां-बाप ऋण लेकर, जमीन, गहने इत्यादि बेचकर हर महीने अपने बच्चों को बहुत मुश्किल से धन भेज रहे हैं। पीआर मिलने पर ही बच्चे अपने आप पर निर्भर होना शुरू कर देते हैं। मां-बाप का लोगों से लिया ऋण उतारने, फ्लैट किराया, कार आदि की किश्तें, बैंक लोन बस यह सभी कुछ कमाया यूं ही निकल जाता है। पर फिर भी बाहर जाने की होड़ सी लग गई है। लड़कियां अव्वल हैं। लड़के पढ़ाई की ओर ध्यान ही नहीं देते। आईलटस पास लड़कियां इधर लड़कों से विवाह कर विदेश चली जाती हैं पर अफसोस छल-कपट, धोखाधड़ी यही सब कुछ इसमें भी हो रहा है। क्यों? इनमें कई कमियां देखने को मिल रहीं हैं। धोखेबाजी के केस दर्ज हो रहे हैं।

ठगे जाने वाले लोग मौत को गले लगा रहे हैं। इसमें भी बच्चों को हानि हो रही है। पैसा नष्ट हुआ नहीं तो नशे करने की शुरुआत हो जाती है। यहां से बात उल्लेखनीय है कि विद्यार्थी अपने जीवन की आवश्यकताओं को पूरा न कर सके, तो उनका पढ़ना बेकार है। यही कारण है कि आजकल उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करके भी वे बेरोजगार हैं। यहां बेकारी है। बच्चों को यथोचित यथासंभव अच्छी नौकरी नहीं मिलती। वे अपने आपको दयनीय समझते लगते हैं।



विद्यार्थी पढ़ाई करने के बाद रोजगार न मिलने के कारण आत्महत्याओं की ओर अग्रसर होते जा रहे हैं। क्या शिक्षा हमें आत्मघात की ओर ले जाती है? इस समय विद्यार्थी निराशा में हैं। हताश-निराश होने पर खमोश हो रहे हैं। अंततः वे एक न एक दिन अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेते हैं, अपने मां-बाप को अकेले रोता छोड़कर। विद्यार्थी अपने आपको कोसता है कि उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करके, उन्हें क्या मिला। प्राइवेट सेक्टर इन बच्चों का बहुत ज्यादा शोषण करते हैं। उनको पूरा वेतन तक नहीं दिया जाता समय अवधि से अधिकाधिक काम लिया जाता है।

आप खुद समझ सकते हैं कि विद्या से बच्चों को क्या मिल रहा है। मां-बाप का तो क्या देना। इन युवाओं का अपना ही गुजारा ठीक ढंग से नहीं होता। इसके अतिरिक्त पारिवारिक जीवन की समस्याओं से निपटना कोई आसान काम नहीं। कोई पढ़कर जॉब प्राप्त कर लेता है और कोई ऐसे हो शिक्षित होकर बेरोजगार रह जाता है। घर में रोजाना का क्लेश होना फिर आम सी बात हो जाती है। आपने सुना भी होगा, जहां टका नहीं वहां हमेशा टकटक चलती ही रहती है। नि:संदेह पढ़ाई बेहद आवश्यक है। इसके बिना इंसान अधूरा है, बल्कि जानवर तुल्य है। इसलिए देश के प्रत्येक नागरिक को पढ़ाई करनी जरूरी है। हां, हर बच्चा पढ़ाई भी पूरी नहीं कर पाता। इससे अच्छा है प्रायोगिक काम सीख लिया जाए, यानी हाथ के किसी काम को निपुणता से करने की दक्षता हासिल कर ले।

अंततः यहां यह सोचना होगा कि क्यों उच्च शिक्षा महत्वहीन होती जा रही है? इसका कारण खोजना होगा। शिक्षित बेकारी में बेहताशा संख्या में वृद्धि क्यों हो रही है। शिक्षित व्यक्ति को खाने के लाले पड़ रहे हैं। प्रत्येक क्षेत्र में उनका शोषण हो रहा है। बीए, एमए तो क्या पीएचडी व अन्य उच्च स्तरीय डिग्रियां महत्वहीन होकर रह गईं है। अत: विद्या है तो महत्वपूर्ण पर प्रायोगिक परीक्षा आधुनिक समय में अत्यावश्यक है। हां, विद्या के बिना जीवन अधूरा भी है। हाथ का सीखा काम सर्वोत्तम है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

# नया साल नया पैगाम लाया



डॉ.राजीव डोगरा

*नया साल नया पैगाम लाया*
*नफरत के बगीचे में*
*मोहबत का गुलाब खिलाया।*
*छोड़ चुके हैं जो हमें*
*उनको भी हमारा मुस्कुराना याद आया।*
*जलते हैं जो हमारे कार्य से उनको भी हमारा*
*काबिल किरदार याद आया, हार चुके हैं जो जीवन से*
*उनको भी अपना कोई जिंदादिल यार याद आया।*
*थक चुके हैं जो निज के युद्ध से, उनको भी शांति का*
*पैगाम याद आया, नया साल विश्व शांति की*
*अद्भुत सौगात लाया।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# हमें शक्ति देने वाला परमात्मा दयालु नहीं प्रेमी है

कुछ लोग तो अति व्यस्त रहने की शिकायत करते हैं कि वे काम के बोझ से दबे जा रहे हैं। प्राय: अच्छे काम का इनाम और अधिक काम होता है तथा खराब काम करने का इनाम काम न मिलना होता है, किंतु यह शिकायत की बात नहीं है। काम करने से न केवल मानव दक्ष होकर काम पर हावी हो जाता है, बल्कि अन्य लोग भी उसे दक्ष मानकर उससे सलाह लेते हैं और उसका सत्कार करते हैं।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

काम को बोझ मानने से वह कष्टप्रद एवं शक्ति शोषक हो जाता है तथा रुचि लेने पर वह सुखप्रद बन जाता है। सामान्यत: परिश्रम करके ही अथवा अपने हिस्से का काम करने पर ही आपको भोजन करने का अधिकार है। बिना काम किए हुए धन कमाना, भोजन करना, अनधिकार चेष्टा है। काम तो आपको ही करना है, फिर रोकर क्यों करें, हंसकर क्यों न करें? अपने कार्य को तुच्छ अथवा छोटा मनाना और अपने-आपको कार्य की अपेक्षा बहुत बड़ा समझना चारित्रिक दोष है। काम को तुच्छ अथवा छोटा मानने से कर्तव्यपालन में शिथिलता आ जाएगी जो मानव को निकृष्ट बना देगी। प्रस्तुत लघु कार्य को ठीक प्रकार करने से बड़े काम भी स्वयं मिलेंगे और उन्नति का मार्ग स्वयं खुल जाएगा। लगन से काम करने वाले मानव को गहरा आत्म-संतोष तो सदा मिलता ही है। शक्ति देने वाला उस परमात्मा भगवान श्री राम या गुरु के आदर्शों पर चलना चाहिए।

आप सोचते होंगे कि किसी के कारण मुझे परेशानी हो रही है, लेकिन मेरे हाथ में कुछ नहीं है अगर मेरे हाथ में कुछ होता तो मैं किसी को बचा लेता जो नहीं होता है और वही परमात्मा सबका मालिक है। दु:ख और सुख जीवन के अविभाज्य अंग हैं और हमें निराशा, अपमान एवं दु:ख को



जीवन का अपरिहार्य अंग मानकर स्वीकार करना पड़ेगा, अन्यथा हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं और शोकसंतप्त होकर विनष्ट हो जाएंगे। विवशता एवं असाध्यता के साथ समझौता कर लेना, उसे सहर्ष अपना लेना बुद्धिमत्ता है। जीवन में यथार्थता को स्वीकार कर लेना और उसके साथ समायोजन (एडजस्टमेंट) करके संतोष धारण कर लेना सुख-शांति की दिशा में एक आवश्यक पग है।

यह एक तथ्य है कि हम किसी भी व्यक्ति तथा किसी भी परिस्थिति में पूर्णत: संतुष्ट नहीं होते। समझौता तो पग-पग पर आवश्यक होता है। सुखी एवं स्वस्थ जीवन अपने साथ, परिवार के साथ समझौतों की एक श्रृंखला है। यदि प्रयत्न करने पर भी किसी क्षेत्र में परिस्थिति न सुधरे अथवा प्राकृतिक आघात, दुर्घटना आदि के कारण कोई वास्तविक विवशता हो, तो उसे सहर्ष स्वीकार कर लेना चाहिए और उससे लज्जित अथवा दु:खी होना अव्यवहारिक है।

हमें समझ लेना चाहिए कि जिंदगी की बेल के सभी अंगूर मीठे नहीं है, कुछ मीठे हैं और कुछ खट्टे भी हैं। मानव एक चलता फिरता पिंड है जो स्थूल है, संपूर्ण ब्रह्मांड का सहज प्रतिनिधि है और है वह एक सजग व्यवस्था। वह एक बौद्धिक समझदार जननायक है जो अपने नैतिक बलबूते समग्र सृष्टि को चरित्र की शिक्षा देता है। अपनी आध्यात्मिक शक्तियों के माध्यम से विराट व्यक्तित्व के विकास की संभावनाओं का संकेत देता है और अपनी शारीरिक क्षमता से श्रम की उपासना का संदेश देता है। समझौता और प्रेम ही इस पर लगे हुए अतीत के सारे लेप उतर सकते हैं। आगे कोई लेप लगने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि भविष्य के प्रति मन में अब कोई कामना ही नहीं रह गई। सारी तृष्णाएं जड़ से उखाड़कर फेंक दी गईं काम तृष्णा भी, भव तृष्णा भी, विभव तृष्णा भी। सिर्फ कर्म करना ही एकमात्र लक्ष्य हो उसका फल हमें अवश्य मिलेगा, संसार में कोई मनुष्य स्वभावत: किसी के लिए उदार, प्रिय या दुष्ट नहीं होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पड्डल में इंडोर स्टेडियम और सुकोढी पुल के पास बस ठहराव बहाल करने को भूख हड़ताल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

ऐतिहासिक पड्डल मैदान में इंडोर स्टेडियम न बनाने और सुकोढी पुल के पास बस ठहराव बहाल करने के लिए शुक्रवार को सेरी चाणनी परिसर में सामूहिक भूख हड़ताल की गई। पनालाल रक्षा मैमोरियल ट्रस्ट की अगुवाई में दर्जनों ग्रामीण महिलाओं ने भी इसमें शिरकत की।



सेरी चाणनी परिसर में भूख हड़ताल पर बैठे लोग।

इस मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष राजेश कपूर ने कहा कि वे स्टेडियम बनाने के खिलाफ नहीं हैं। बल्कि वे चाहते हैं कि यह पड्डल मैदान की बजाय कहीं दूसरी जगह बनाया जाए। यह मैदान बहुत सारी गतिविधियों के लिए उपयोग में लाया जाता है और शहर में धीरे-धीरे ऐसे खुले स्थान खत्म होते जा रहे हैं।

**कहा-मांगों को अनसुना किया तो मुख्यमंत्री से करेंगे मुलाकात**

पड्डल मैदान में सभी गतिविधियां चलती रहनी चाहिए जो कि इन दिनों या इससे पहले होती आई है। इसी प्रकार से उन्होंने कहा कि सुकोढी पुल पर जो बस ठहराव परिवहन शुरू होने के साथ ही स्थापित हुआ है उसे अचानक बंद कर देना भी बहुत ही आश्चर्यजनक भरा फैसला है। उन्होंने कहा कि एक ठहराव को बंद करके दो नए ठहराव स्कूल बाजार व जेल रोड में बनाने और वहां पर पुलिस ड्यूटी लगाने से कार्य का बोझ तो बढ़ा ही है साथ में यात्रियों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पुरातन बस ठहराव को नोटिफाई करने की जिम्मेदारी प्रशासन की ही है। यदि नोटिफाई नहीं हुआ है तो ऐसा करने में अब भी क्या दिक्कत है। इस ठहराव को बंद करने से लगभग दो दर्जन पंचायतों के लोगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों को अनसुना किया गया तो वह मुख्यमंत्री से मिलेंगे और आवश्यकता हुई तो उससे आगे भी सख्त कदम उठाने को तैयार हैं।

## सेरी की ऐतिहासिक चाणनी में सजी चाय की दुकान

**अनिल शर्मा, मंडी।** ऐतिहासिक सेरी चाणनी में पड्डल मैदान को बचाने के लिए भूख हड़ताल शुरू की गई है, लेकिन जिस ऐतिहासिक सेरी चाणनी में भूख हड़ताल की जा रही है उसमें चाय की अवैध दुकान सजी हुई है। इस बात लेकर कभी किसी ने भूख हड़ताल नहीं की।



बता दें कि ऐतिहासिक सेरी चाणनी मंडी रियासत समय में निर्मित की गई है और इसमें प्रतिवर्ष दर्जनों कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। ऐतिहासिक महत्व की यह धरोहर सेरी चाणनी मंडी में बदहाली के आंसू बहा रही है।

**चाणनी में बैठकर आंदोलन कर रहे नेता नहीं उठाते आवाज**

नगर निगम मंडी प्रबंधन यहां से एक चाय की दुकान हटाने में नाकाम रहा है, क्योंकि यहां बुद्धिजीवी लोग चाय पीते हैं। रसूखदारों के दबाव में नगर निगम प्रबंधन यहां से चाय की एक दुकान तक नहीं हिला पाया। इसी रास्ते से तमाम प्रशासनिक अधिकारी गुजरते हैं, लेकिन सेरी चाणनी के ऐतिहासिक महत्व पर आंखें मूंद लेते हैं। गौर हो कि ऐतिहासिक महत्व की धरोहरों में किसी प्रकार कारोबार नहीं किया जा सकता है और न ही इसमें छेड़छाड़ की जा सकती है।

ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखा जा सकता है, लेकिन सेरी चाणनी में आग पर चाय बनाई जा रही है। पूर्व में रहे एडीसी जतिन लाल ने मामले पर कार्रवाई करते हुए यहां से चाय की दुकान को हटाने के लिए नगर निगम मंडी प्रबंधन को कड़े निर्देश जारी किए थे, लेकिन हालात कुछ समय पश्चात जस के तस हो गए। आज भी मंडी के कुछ लोग एडीसी जतिन लाल की कार्रवाई की याद करते हैं।

> लोगों की बहुत शिकायतें आई हैं, शीघ्र ही यहां से चाय की दुकान को हटा दिया जाएगा।
> –सतीश गुलेरिया, सफाई निरीक्षक, नगर निगम मंडी।

# श्रमिक कल्याण बोर्ड पर प्रदर्शन करेंगे मजदूर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

मनरेगा और भवन निर्माण मजदूरों की मांगों को लेकर एक जनवरी से 28 फरवरी तक सीटू से संबंधित मजदूर फेडरेशन के आह्वान पर अभियान चलाया जाएगा।



बैठक में रणनीति बनाते हुए पदाधिकारी।

- मनरेगा व निर्माण मजदूरों की मांगों के लिए अभियान शुरू
- शिमला विधानसभा पर विशाल प्रदर्शन करने का भी लिया फैसला

धर्मपुर विकास खंड की तीस ग्राम पंचायतों में जन संपर्क और सदस्ता अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए सजाओपिपलु यूनियन ऑफिस में खंड कमेटी की बैठक करतार सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सीटू के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के अलावा रामचंद ठाकुर, नानक चंद, सोहनसिंह, रणताज राणा, सुखराम, मोहनलाल, मान सिंह इत्यादि शामिल हुए।

मजदूर यूनियन ने मनरेगा मजदूरों को 100 के बजाए 200 दिन काम देने और 400 रुपए दाम अर्थात दिहाड़ी देने, ऑनलाइन के बजाए ऑफलाइन हाजिरी लगाने, आठ घंटे काम करने के बाद दिहाड़ी में कटौती न करने, काम करने के लिए औजार देने के साथ-साथ वर्तमान में निर्धारित दिनों का काम सुनिश्चित करने के मांग उठाई है और उसके लिए आगामी बजट सत्र के दौरान शिमला विधानसभा पर विशाल मजदूर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड में पिछले तीन साल की वित्तीय सहायता जारी न होने, नवीनीकरण के लिए दो साल की छूट देने, पिछली सहायता के लिए ई केवाईसी करवाने की शर्त हटाने, बोर्ड में खाली पोस्टों को भरने और स्थायी सचिव लगाने की भी मांग यूनियन कर रही है।

राष्ट्रीय उच्च मार्गों, फोरलेन इत्यादि निर्माण कार्यों में अस्सी प्रतिशत रोजगार स्थानीय मजदूरों को देने की भी मांग की जा रही है। खंड कमेटी ने मांगों के लिए दो महीने गांव-गांव मजदूरों को जागरूक करने और पर्चा वितरित करते हुए यूनियन की कमेटियां बनाते हुए रैली में भाग लेने की तैयारियां इस बैठक से शुरू कर दी, धर्मपुर खंड की तीस ग्राम पंचायतों में अभियान चलाया जाएगा।

### 15 को होगा घेराव

बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के लंबित लाभ जारी न होने के विरोध में बोर्ड कार्यालय शिमला का घेराव 15 जनवरी के बाद किया जाएगा, क्योंकि अक्टूबर माह में हुई बोर्ड की बैठक में लंबित क्लेमों का 50 प्रतिशत 31 दिसंबर तक जारी करने का निर्णय लिया गया था लेकिन धर्मपुर खंड के लंबित दस हजार क्लेमों में से अभी तक किसी को भी वित्तिय सहायता जारी नहीं कि गई है और यही स्थिति मंडी जिला व अन्य जिलों की है। बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह ने बताया कि राज्य स्तर पर एक लाख मजदूरों की 500 करोड़ रुपए की वित्तिय सहायता रुकी हुई है जो वर्तमान सरकार के समय में गठित बोर्ड के समय की है। पहले मनरेगा मजदूरों को गैर कानूनी तौर पर इससे बाहर कर दिया था, लेकिन मजदूरों की लंबी लड़ाई के बाद उन्हें पुनः बहाल किया गया है, लेकिन अब ईकेवाई के नाम पर वित्तिय सहायता रुकी हुई है जिसे बोर्ड बैठक में निर्णय होने के बावजूद जारी नहीं किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. हिमेंद्र उपनिदेशक उच्च शिक्षा सिरमौर पदोन्नत



**पीयूष, करसोग।** डॉ. हिमेंद्र बाली के उपनिदेशक उच्च शिक्षा सिरमौर पदोन्नत होने पर ऐतिहासिक नगरी पांगणा-सुकेत, साहित्यिक जगत और अन्य लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। ततापानी हॉट स्प्रिंग होटल के प्रबंध निदेशक प्रेम रैना, पुरातत्व चेतना संघ मंडी द्वारा स्व. चंद्रमणी कश्यप राज्य पुरातत्व चेतना पुरस्कार से सम्मानित ऐतिहासिक नगरी पांगणा-सुकेत के संस्कृति मर्मज्ञ डॉक्टर जगदीश शर्मा, पांगणा पंचायत के प्रधान बसंतलाल चौहान, उप-प्रधान सुरेश शर्मा, डॉक्टर गिरधारी सिंह ठाकुर, डॉक्टर शरद गुप्ता, गणित प्रवक्ता धर्मेंद्र गुप्ता, राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता और प्रदेश पीटीए संघ के महासचिव रहे। ललित ठाकुर, प्रथम श्रेणी कॉन्ट्रैक्टर सुरेश कौशल, रमेश शास्त्री (पज्याणु) प्रवक्ता अमर चंद शर्मा (छण्डयारा), डीपी नंदलाल ठाकुर, अध्यापक लक्ष्मी दत्त चौहान, च्वासी क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी टीसी ठाकुर, तेबनी महादेव के प्रमुख प्रवक्ता किशोरी लाल, सेवानिवृत्त अध्यापक कृष्ण लाल शर्मा, ओम प्रकाश ठाकुर, प्रवक्ता शीतल नधैक, प्राकृतिक खेती की जिला सलाहकार लीना शर्मा, हिमाचल के हिंदी के साहित्यकार डॉ. सत्यनारायण स्नेही, डॉ. दायक राम शर्मा, बिलासपुर से लोक संस्कृति के मर्मज्ञ रामलाल पाठक, सुंदरनगर से पत्रकार नरेंद्र भारती, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में प्रबंधन विभाग के आचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा, मंडी से साहित्यकार सीमा राम शर्मा सिद्धार्थ, सोलन से साहित्यकार दक्ष शुक्ल, हिमाचल उच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील आईडी बाली और हितेंद्र शर्मा ने डॉ. हिमेंद्र बाली को पदोन्नति की शुभकामनाएं दी। (अनंत ज्ञान)

### चंदैश पहुंची देव माहूंनाग तरौर की भजन मंडली



**अनंत ज्ञान, मंडी।** देव माहूंनाग तरौर की भजन मंडली ने चंदैश के गुग्गा मंदिर में लगे विशाल भंडारे में हरि भजन कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें खास बात यह रही कि इसमें देव माहूंनाग तरौर की भजन मंडली ने हरि भजन किया। इसके साथ ही माहूंनाग चंदैश की ध्वजा और छड़ पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ भी अन्न क्षेत्र में विराजमान रही। मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए देव माहूंनाग तरौर के पुजारी दीनानाथ शर्मा ने बताया कि भजन मंडली में यादवेंद्र शर्मा, राजू, चंदू, सागर, जितेंद्र, भीम सिंह, सूबेदार दीपू आदि शामिल है।

### धर्मपुर स्कूल में वार्षिक समारोह में नवाजे होनहार



**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर में सत्र 2024-25 का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपमडलाधिकारी (नागरिक) धर्मपुर, जोगिंद्र पटियाल मुख्य अतिथि, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त कर्नल एवं समाजसेवी रूपचंद उपस्थित रहे। समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं अध्यक्ष एलुमनाई संगठन धर्मपुर, सुंदर सिंह कटवाल, उल्लास ट्रस्ट के विजय कुमार, बीडीसी अध्यक्ष राकेश कुमार, जीवन शर्मा, राम प्रकाश शर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र ठाकुर, एसएमसी प्रधान रंगीला राम, अभिभावकगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### समारोह में होनहार छात्राओं को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता उपनिदेशक कुल्लू डॉ. सुनील दत्त ठाकुर ने की। मुख्यातिथि ने गत वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य खजान सिंह ठाकुर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि पाठशाला में कुल 506 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पाठशाला में हेल्थ केयर, ट्रैवल एंड टूरिज्म, आईसीटी लैब, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड, इको क्लब, रोड सेफ्टी क्लब और इलेक्ट्रोलाइट लिटरेसी क्लब का गठन किया गया है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने बताया कि इस वर्ष पाठशाला की 13 छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। मुख्यातिथि ने वर्ष 2023 में नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली पूर्व छात्राओं आरती और शिवानी ठाकुर को स्मृति चिन्ह और 5000 की नकद राशि देकर सम्मानित किया।

### सुरक्षा गार्ड के लिए साक्षात्कार सात को

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** रोजगार के इच्छुक बेरोजगार युवाओं के लिए नेरचौक रोजगार कार्यालय में सुरक्षा कर्मी व सुपरवाइजर के पदों के लिए सात जनवरी साक्षात्कार रखे गये हैं। बिलासपुर की कंपनी द्वारा पुरुषों के लिया सुरक्षा गार्ड तथा सुपरवाइजर के सौ पद भरे जाने हैं। इसके लिए उप रोजगार कार्यालय, नेरचौक में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित शैक्षिणिक योग्यता दसवीं पास है तथा लम्बाई 168 सेमी आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष होनी चाहिए। चयनित आवेदकों को कंपनी के बिलासपुर कार्यालय में एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उप रोजगार कार्यालय प्रभारी निशा कुमारी ने बताया कि इच्छुक आवेदक सात जनवरी को सुबह दस बजे के बाद अपने शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, हिमाचली प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रिज्यूम, एवं दो पासपोर्ट फोटो सहित उप रोजगार कार्यालय, नेरचौक, संयुक्त कार्यालय भवन में उपस्थित हो।

# सार्वजनिक स्थानों पर लोग कर रहे धूम्रपान, लगे भारी जुर्माना

**भीम बसेड़ू, महादेव**

मंडी जिला के एक बड़े भाग में जहां चिट्टा सहित तरह-तरह का नशा युवाओं आदि द्वारा किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है, वहीं बीड़ी, सिगरेट के कस लगाकर धुंआ उड़ाना आम सा हो गया है।



नाचन क्षेत्र के ग्राम पंचायत महादेव में भी अलग-अलग स्थानों में आप्रवासियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों में खूब धूम्रपान किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों समेत कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों को प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं गंदगी से अटी पड़ी राष्ट्रीय उच्च मार्ग नंबर 21 से जुड़ी इस बड़ी पंचायत में प्रदूषण की बची-खुची कसर धूम्रपान से पूरी हो जा रही है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि कस्बे का रूप धारण कर गए महादेव पंचायत के एक बड़े भाग में शराब की खाली बोतलें पड़ी मिलती हैं, वहीं कई स्थानों में बीड़ी सिगरेट का फेंकना आम दिखता है।

लोगों ने उपायुक्त मंडी व प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले लोगों के साथ सख्ती बरतते हुए बड़े पैमाने पर आर्थिक दंड दिया जाए।(अनंत ज्ञान)

# रखोटा–मंडी रूट पर बस सेवा 9 माह से बंद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

रखोटा–मंडी सरकारी बस सेवा पिछले 8–9 महीने से रूट पर नहीं चल रही है। चंदैश से मंडी के लिए एकमात्र सरकारी बस सेवा है। उसके बाद मंडी के लिए कोई सीधी सरकारी बस नहीं है।

बता दें कि बस का चदैंश से रूट बदल दिया गया है। ऐसे में लोगों को बस सुविधा नहीं मिल पा रही है। इस बस के बाद चंदैश से मंडी के लिए एक प्राइवेट बस आती है वह भी हफ्ते में एक ही बार आती है, जो ज्यादातर खराब रहती है। यह सुविधा कई वर्षों से चली आ रही है, जो कई पंचायतों से होकर गुजरती है। जब से यह बस मंडी के लिए बंद हुई है तब से सरकारी कर्मचारी और अस्पताल आने वाले लोग दोपहर 12 बजे के करीब मंडी पहुंचते हैं।

लोगों ने सरकार से मांग की है कि इस बस को सुचारू रूप से चलाया जाए, ताकि लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं मिल पाए। संकल्प युवा मंडल समन्वयक राजीव परमार, सचिव अनिल कुमार, मनोज कुमार, विपिन कुमार, संतोष कुमार, सुरेश पाल, नरेंद्र परमार, राजेश कुमार, बलविंद्र सिंह, नीलम चंदेल, महिला मंडल प्रधान छोटा समाहल अनुराधा, सविता देवी, उर्मिला देवी, कश्मीरी देवी, सरोज कुमारी, पूर्व सैनिक अशोक कुमार, बाहर सिंह सहित आदि मौजूद थे।

# बरोट पहुंचे पधर मंडल के नवनियुक्त भाजपा अध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर



**अनंत ज्ञान, सुखबाग**

बरोट में पहुंचे पधर मंडल से भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर का भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर ने भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, इसके लिए उन्होंने नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, संगठन मंत्री सिद्धार्थ तथा द्रंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूर्णचंद ठाकुर का आभार व्यक्त किया है।

इस मौके पर जिला भाजपा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह ठाकुर, द्रंग भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष काहन चंद ठाकुर, द्रंग भाजपा के प्रवक्ता जय सिंह लगवाल, किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी सुभाष ठाकुर, द्रंग भाजपा अनुसूचित जाति के महामंत्री देशराज सहित सभी बूथों के बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

# डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर में किया हवन-यज्ञ

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

नववर्ष के उपलक्ष्य पर डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर के प्रांगण में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। विद्यालय के शास्त्री मोहित अवस्थी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन करवाया और बच्चों को सत्य, धर्म और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।



स्कूल में हवन यज्ञ करते हुए।

प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने इस अवसर पर उपस्थित सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और कहा कि हवन-यज्ञ न केवल वातावरण की शुद्धि के लिए बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने वेदों का उल्लेख करते हुए कहा कि हवन घर की सुख-शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना के लिए हिंदू धर्म में एक प्रमुख कर्म माना जाता है।

प्रधानाचार्य ने शिक्षकों और गैर-शिक्षक कर्मचारियों को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा और खेल के साथ अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। हवन-यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।( अनंत ज्ञान)

# बल्ह निवासी गर्भवती महिला का 108 एंबुलेंस में करवाया सफल प्रसव

**कविता, पधर**

उपमंडल मुख्यालय पधर की दुर्गम चौहार घाटी के बल्ह निवासी शीलू कुमारी ने 108 एम्बुलेंस में एक बच्चे को जन्म दिया।



मुकेश नवजन्मे शिशु व महिला के साथ।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह सिविल अस्पताल पधर की एंबुलेंस गर्भवती महिला को लाने बल्ह गई थी और वापस अस्पताल आती बार रास्ते में ही महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति को देखते हुए इमरजेंसी मैनेजमेंट टेक्नीशियन (ईएमटी) मुकेश कुमार ने चालक नरेश कुमार को हिमरी गंगा के पास एंबुलेंस को रोकने के लिए कहा और सफलतापूर्वक प्रसव करवाया। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और उन्हें पधर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गर्भवती महिला के लिए 108 एंबुलेंस वरदान साबित हुई, जब उसने एंबुलेंस में ही स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। (अनंत ज्ञान)

# एसवीएम विद्यालय संधोल का पारितोषिक वितरण समारोह संपन्न

**रितेश, सरकाघाट।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय संधोल का पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान छात्राओ ने मनमोहक ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जिसने हर एक दर्शक को अभिभूत कर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रजत ठाकुर ने की वंही वशिष्ट मेहमान पंजाब के मोहाली की महिला विंग की अध्यक्षा रहीं चम्पा राणा थी।प्रधानाचार्य रापुजन चंदेल ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया।इस दौरान उन्होंने हाल में इसी स्कूल से पढ़कर बने एमबीबीएस कर चुके डॉक्टर जितेन ठाकुर को भी सम्मानित किया। सबसे पहले बम बम भोले की प्रस्तुति पेश की। अंतरा ठाकुर द्वारा सावित्री भाई फुले द्वारा शिक्षा के लिए गए प्रयासों को लेकर बेहतरीन भाषण दिया। छात्राओं द्वारा पेश किए गिद्दे ने छात्राओं ओर अभिभावकों को नाचने पर मजबूर कर दिया।(अनंत ज्ञान)

# नगर निगम ने लोगों की सुविधा के लिए लॉन्च की वेबसाइट

**अनंत ज्ञान, मंडी**

नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने नगर निगम की अधिकृत वेबसाइट *https://www.municipalcorporationmandi.in/* का आमजनमानस की सुविधा के लिए लोकार्पण किया।

इस नई वेबसाइट के माध्यम से अब मंडी नगर निगम क्षेत्र के निवासियों के लिए विभिन्न सेवाओं की सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। वेबसाइट से नागरिक अपनी व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करवा कर सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। नागरिक घर बैठे कचरा प्रबंधन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। इसके साथ ही अपने पालतू कुत्ते का पंजीकरण आसानी से ऑनलाइन कर सकते हैं। अन्य सेवाएं जैसे कि जन्म प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण, बिजली, सीवरेज, पानी के कनैक्शन के लिए अनापति प्रमाण पत्र जैसी सुविधाओं के लिए आमजनमानस आनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि यह वेबसाइट नागरिकों की सहूलियत और पारदर्शिता को ध्यान में रखकर विकसित की गई है।

# 4 को बीर फीडर में बिजली रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बीर फीडर में 4 जनवरी को पुरानी बिजली की तारों को बदलने तथा नए बिजली पोल लगाने का कार्य किया जाएगा।

कार्य के दृष्टिगत विद्युत अनुभाग बीर के गांव बीर, लाग, कथवारी, बरयारा, धार, कठयाना, सदोह, नलहोग, डोलरा बल्ह, जमाणा, कलोथर, खपरेहड़ा, भलेड़, घेरू, हिउन, नेरन, थाम्बा, रोपड़ी तथा साथ लगते गांव में 4 जनवरी को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईगलू चिंतन प्रकाश ने दी।

# वार्षिक उत्सव में मेधावी विद्यार्थी किए पुरस्कृत

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**

हिमगिरि ईमॉर्टल पब्लिक हाई स्कूल बालीचौकी ने शुक्रवार को अपना वार्षिक उत्सव तीर्थन विलेज हट नलौण के कैंपस में धूमधाम से मनाया। इस दौरान स्थानीय पंचायत बालीचौकी के प्रधान दिले राम ठाकुर कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने स्कूल प्रबंधन को 5100 रुपए देने की भी घोषणा की। पंचायत समिति सदस्य संजीव शर्मा ने भी संस्थान को 1100 रुपए दिए। हिमगिरि संस्थान की प्रबंधन निदेशिका नविता ठाकुर ने इस अवसर पर पाठशाला के इस आयोजन में शामिल सभी मेहमानों व अविभावकों का अभिवादन किया।

प्रधानाचार्य हरवंश ठाकुर ने पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। वार्षिक समारोह में पाठशाला के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को संगीतमय बना दिया।

समारोह में बालीचौकी क्षेत्र की कई वरिष्ठ हस्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य संजीव शर्मा, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक रोशन ठाकुर एवं सेवानिवृत्त मुख्याध्यापिका तृप्ता ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे। कार्यक्रम में सराज कांग्रेस के पूर्व मंडल अध्यक्ष टेक सिंह चौहान और सराज भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष डोले राम भी शामिल हुए।(अनंत ज्ञान)

**उपलब्धि**

## खो-खो वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के लिए चयन प्रक्रिया से गुजरेंगे हंसराज

# 60 खिलाड़ियों में हिमाचल के एकमात्र खिलाड़ी हैं हंसराज

**अनिल शर्मा, मंडी**

खो खो वर्ल्ड कप में भारत की टीम के चयन के लिए आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण शिविर के लिए देशभर से चुने गए 60 खिलाड़ियों में हिमाचल प्रदेश से एकमात्र खिलाड़ी हंसराज को मौका मिला है। मंडी जिला के सुंदरनगर उपमंडल के गांव मलोह निवासी हंसराज महाराजा लक्ष्मण सेन मैमोरियल कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र हैं।

खो-खो में अनेक राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में हिमाचल टीम के कैप्टन के तौर पर अपना खेल दिखा चुके हंसराज पहली बार भारतीय टीम की ओर से खेलने के लिए बहुत आतुर हैं। एक मध्यम परिवार से संबंध रखने बाले हंसराज के पिता साजु राम सुंदरनगर में ठेकेदार के पास कारपेंटर का काम करते हैं, जबकि उनकी माता तारा देवी घर में चूल्हा चौका देखने के साथ पशूओं की देखभाल करती हैं।

उनकी छोटी बहन हर्षा देवी विजय मैमोरियल कॉलेज नेरचौक में कला स्नातक में द्वितीय वर्ष की छात्रा है। विजय का कहना है की खो खो के प्रति उनका आकर्षण बचपन से ही रहा है। (अनंत ज्ञान)



### खो-खो उनका जुनून

**हंसराज** का कहना है कि खो-खो उनका जनून है और इसके लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया हैं। अभी तक सभी राष्ट्रीय खेलों में वह अपने खर्चे पर हिस्सा लेते रहे हैं तथा उन्हें अभी तक कोई सरकारी मदद नहीं मिली है।

### आठवीं कक्षा में किया था मंडी टीम का प्रतिनिधित्व

**हंसराज** ने 2012 में पहली राज्य स्तरीय मुकाबलों में मंडी टीम का प्रतिनिधित्व किया, जब वह आठवीं कक्षा का छात्र था। 2017 में जबलपुर मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल टीम का नेतृत्व किया। वर्ष 2018 में राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय खो खो खेलों में भाग लिया। 2022 में मध्य प्रदेश के जबलपुर में खो खो सीनियर नेशनल खेलों में हिमाचली टीम का नेतृत्व किया। इसके साथ कई मुकाबलों में भाग लिया।

# सकोहटा के बिधी चंद बने लेफ्टिनेंट कर्नल

**रितेश, सरकाघाट**



सम्मान समारोह के दौरान मौजूद गणमान्य।

टिहरा ग्राम पंचायत के सकोहटा गांव में वर्ष 1956 में लछमन सिंह के घर में जन्मे बिधी सिंह वर्मा जो वर्ष 2007 में फौज से मेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने उसी समय से लेफ्टिनेंट कर्नल पद प्रदान किया है और उसी समय से वित्तिय लाभ भी जारी किए। इस उपलब्धि पर गांव सकोहटा में सम्मान समारोह आयोजित किया है।

इस दौरान स्थानीय शिक्षाविद दीवान चंद ने उन्हें कर्नल उपाधि के स्टार लगाकर सम्मानित किया।

नियमानुसार उनकी पदोन्नति वर्ष 2007 में ही होनी थी लेकिन प्रक्रिया में हुई भूल के चलते उन्हें पद्दोन्नति नहीं मिली थी जिसे उन्होंने कोर्ट में चैलेंज किया था और पिछले महीने उन्हें लेफ्टिनेंट कर्नल मिला जो बहुत बड़ी उपलब्धि है।

उन्हें बधाई देने वालों में जिला पार्षद बंदना गुलेरिया, पूर्व पार्षद भूपेंद्र सिंह, बीडीसी सदस्य बबली शर्मा, एक्सयिन जेसी शर्मा, युद्धवीर ठाकुर, धर्मचंद राणा आदि ने बधाई दी।( अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### घर-द्वार पर मिल रही हेल्थ सुविधा

**हरोली।** सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम प्रीति, मनीष, निहाल ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में गांव लोअर बढ़ेड़ा में चल फिरने में असमर्थ 95 साल की माता जी का घर जाकर स्वास्थ्य जांचा। इसके अलावा राजकीय प्राथमिक पाठशाला हरोली में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 120 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई व 120 बच्चों के ब्लड ग्रुप की भी जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्तजांच निशुल्क की गई। बच्चों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया।

### स्वास्थ्य विभाग में भरे जाएंगे स्टाफ नर्स के पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हिमाचल प्रदेश द्वारा स्टाफ नर्स के 28 पद बैच आधार पर भरे जाएंगे। इस संबंध में जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि स्टाफ नर्स के पदों हेतु अनारक्षित वर्ग में 12 पद दिसंबर 2010 बैच तक, अनारक्षित वर्ग की ईडब्ल्यूएस श्रेणी में 3 पद दिसंबर 2012 बैच तक, एससी श्रेणी में 4 पद जून 2011 बैच तक, एससी की बीपीएल श्रेणी में 1 पद दिसंबर 2016 बैच तक, एससी की डब्ल्यूएफएफ श्रेणी में 1 पद दिसंबर 2017 बैच, ओबीसी श्रेणी में 5 पद दिसंबर 2012 बैच, ओबीसी की बीपीएल श्रेणी में 1 पद दिसंबर 2014 बैच तक और एसटी श्रेणी में 1 पद दिसंबर 2015 बैच से भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त बैच व श्रेणी से पात्र अभ्यर्थी जिन्होंने अपना नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं करवाया है, वे 8 जनवरी से पहले अपना नाम संबंधित रोजगार कार्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर दर्ज करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975-226063 पर संपर्क किया जा सकता है।

### अंब अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, अंब।** सिविल अस्पताल अंब में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें रोगी कल्याण समिति के कार्यों पर चर्चा की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदर्शन सिंह बबलू और एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने शिरकत की। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और रोगियों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कई प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि सरकार अस्पतालों के विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। एसडीएम. अंब सचिन शर्मा ने भी अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रोगी कल्याण समिति का उद्देश्य अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है और इस दिशा में हरसंभव मदद की जाएगी। इस बैठक में अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने भी अपने सुझाव दिए, जिससे अस्पताल में कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी बनाई जा सके। बैठक का उद्देश्य अस्पताल के कार्यों को सुचारु और प्रभावी बनाना था ताकि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

### रायपुर मल्लां दा पिड स्कूल को मिले स्मार्टरूम

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर मल्लां दा पिड को प्रदेश सरकार द्वारा स्मार्ट क्लासरूम बनाने की पहल की है। प्रधानाचार्य पूनम शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालय के कमरों को स्मार्ट क्लासरूम में बदलने के लिए 4 कंप्यूटर और 4 एलईडी पैनल उपलब्ध करवाए गए हैं। यह कदम छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीकी शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसके अतिरिक्त, विद्यालय में पिछले वर्ष नए शौचालयों का निर्माण कराया गया, जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा मिला है। भारी बारिश के कारण गिर गई बाउंड्री वॉल का निर्माण भी रमसा से प्राप्त ग्रांट की सहायता से पूरा कर लिया गया है। उन्होंने गगरेट के विधायक राकेश कालिया के इस बाबत सराहनीय सहयोग के लिए आभार जताया है।

# गगरेट बाजार से हटेगा अतिक्रमण

## एसडीएम ने कमेटी का किया गठन, होगी सख्त कार्रवाई

**सन्नी पुरी, गगरेट**



गगरेट बाजार में अतिक्रमण करने वालों और सड़क पर वाहन खड़े कर यातायात अवरुद्ध करने वालों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाने जा रहा है। एसडीएम गगरेट ने इसके लिए एक कमेटी का गठन किया है।

एसडीएम गगरेट सोमिल गौतम ने शुक्रवार को नायब तहसीलदार गगरेट की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है, जिसमें नगर पंचायत गगरेट के कनिष्ठ अभियंता, थाना प्रभारी गगरेट, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता व एआरटीओ गगरेट को शामिल किया है। एसडीएम ने उक्त कमेटी को आदेश जारी करते हुए कहा है कि गगरेट बाजार से अतिक्रमण हटाने और सड़कों पर वाहन खड़ा करने व रेहड़ी-फड़ी लगाने और बीच सड़क पर बसें खड़ी कर यातायात अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाए। गगरेट बाजार में दुकानों के बाहर दुकानदारों और सड़क किनारे रेहड़ी-फड़ी लगाकर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी तरह के अतिक्रमण पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए और नियमों की अवहेलना करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाए। गगरेट बाजार में सड़क पर वाहन खड़े करने और मुख्य बाजार में 50 से 100 मीटर के अंदर बसों को न रोकने के भी हिदायत दी है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस, सचिव नगर पंचायत गगरेट व थाना प्रभारी गगरेट व एआरटीओ गगरेट को नियमों की अनुपालना करवाने के लिए अधिकृत किया गया है।

गौरतलब है कि गगरेट बाजार में कई अक्सर ट्रैफिक जाम से राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है। प्रशासन की सख्ती से लोगों को समस्या से छुटकारा मिल सकता है। एसडीएम गगरेट सोमिल गौतम ने बताया कि गगरेट बाजार में अतिक्रमण हटाने और बाजार में वाहन खड़े करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। इसके लिए नायब तहसीलदार गगरेट की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### सिस इंडिया लि. में भरे जाएंगे सुरक्षा गार्ड के 100 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज सिस इंडिया लिमिटेड, आरटीए बिलासपुर द्वारा पुरुष वर्ग में सिक्योरिटी गार्ड के 100 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 7 जनवरी को प्रातः 10 बजे उपरोजगार कार्यालय बंगाणा में आयोजित किया जा रहा है।

जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण व अनुत्तीर्ण होनी चाहिए। आयु 19 से 40 वर्ष और वेतन 16 हजार 500 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। इसके अलावा ऊंचाई 168 सेंटीमीटर और वजन 54 से 95 किलोग्राम होना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड नंबर, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 85580-62252 पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### डीसी जतिन लाल ने नवाजे मेधावी



**सुदीप सरोच, मुबारिकपुर।** शिवालिक हिल सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंब में वार्षिक पारितोषिक समारोह मनाया गया, जिसमें मुख्यातिथि जिलाधीश जतिनलाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुषमा डडवाल ने की। स्कूल प्रशासक अनिल परमार ने शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। बच्चों ने मुख्य अतिथि के समक्ष कार्यक्रम पेश किया। प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस समारोह में बच्चों ने हिमाचली नाटी, भांगड़ा व पंजाबी गिद्दा सहित नाटकों की प्रस्तुति दी। जिलाधीश जतिनलाल ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने विचार प्रकट करते हुए विशेष कर लड़कियों को उच्च शिक्षा व अन्य गतिविधियां बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात की और खासकर अभिभावकों को भी लड़कियों को उच्च शिक्षा और अन्य गतिविधियों पर जागृत करना चाहिए। इस मौके पर देवी सिंह परमार, प्रवक्ता नरदेव जसवाल प्रिंसिपल राजेश पटियाल व कई गणमान्य उपस्थित थे।

### एसजीपीसी चुनावों के लिए प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) के चुनावों के लिए प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई भी दावा या आपत्ति है तो 21 दिन के भीतर यानी 24 जनवरी से पहले) अपना लिखित आवेदन संबंधित एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

# डीसी-एसपी ने फतेहपुर में की औचक छापेमारी, 3 ट्रैक्टर जब्त



अवैध खनन को लेकर डीसी ने निरीक्षण कर कार्रवाई की।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन लगातार सक्रियता से कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में वीरवार शाम उपायुक्त जतिन लाल और पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने फतेहपुर क्षेत्र में औचक छापेमारी की। इस कार्रवाई में अवैध खनन में संलिप्त तीन ट्रैक्टर जब्त किए गए।

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि अवैध खनन पर रोक लगाने और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि जिले में खनन माफिया पर पूरी तरह से लगाम लगाई जा सके।

पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कहा कि खनन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अवैध खनन से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी प्रशासन को दें और इस मुहिम में अपना सहयोग दें।

### तेजधार हथियार से किया हमला

**अनंत ज्ञान, अंब।** अंब थाना क्षेत्र में एक और आपराधिक घटना सामने आई है। राजिंद्र कुमार पुत्र तरसेम लाल निवासी लोअर अंदौरा तहसील अंब ने शिकायत दर्ज कराई है कि 3 जनवरी की शाम के समय वह अपने घर को ट्रैक्टर पर लौट रहा था, जब रास्ते में उसने तीन लोगों को आपस में लड़ते हुए देखा। राजिंद्र ने बताया कि उसने विवाद को शांत करने के लिए हस्तक्षेप किया, लेकिन इस दौरान विक्की निवासी लोअर अंदौरा ने उसके सिर पर दराट से हमला कर दिया।

शिकायतकर्ता ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस हमले में राजिंदर कुमार को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने इस मामले में जांच तेज कर दी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की योजना बनाई है।

# स्कॉलरशिप की परीक्षा में विनायक जिले में प्रथम, हिमाचल में आठवें स्थान पर

**अनंत ज्ञान, घनारी**



धलवाड़ी के होनहार छात्र विनायक भारद्वाज ने स्वर्ण जयंती मिडल मेरिट स्कॉलरशिप की फाइनल परीक्षा में अपनी काबिलियत का परचम लहराते हुए ऊना जिले में पहला स्थान और हिमाचल प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है।

विनायक वर्तमान में राजकीय उच्च विद्यालय धलवाड़ी में कक्षा छठी के छात्र हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही राजकीय प्राथमिक पाठशाला धलवाड़ी से ग्रहण की है। स्वर्ण जयंती स्कॉलरशिप के फेस-1 की परीक्षा मार्च 2024 में आयोजित हुई थी, जिसमें भी विनायक ने जिला ऊना में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश सरकार हर साल इस स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन करती है, जिसमें पूरे राज्य के 100 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को कक्षा छठी, सातवीं और आठवीं के लिए स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है।

यह परीक्षा दो फेस में करवाई जाती है। इस परीक्षा के अंतर्गत जिला ऊना के लिए केवल 7 सीटें निर्धारित हैं।

विनायक ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी प्राथमिक अध्यापिकाओं मधु शर्मा और रितु शर्मा एवं राजकीय उच्च विद्यालय धलवाड़ी के सभी शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि उनके शिक्षकों ने उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया और मार्गदर्शन दिया, जिससे वह यह उपलब्धि हासिल कर सके। विनायक की इस सफलता पर उनके वर्तमान स्कूल के मुख्याध्यापक सुधीर गौतम, प्राथमिक स्कूल की मुख्य शिक्षिका मधु शर्मा और रितु शर्मा, समस्त शिक्षक वर्ग और पाठशाला प्रबंधन समिति के प्रधान विकास भारद्वाज ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने विनायक की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विनायक भारद्वाज की यह सफलता गांव, शिक्षा खंड गगरेट-2 तथा जिला ऊना के लिए गर्व का क्षण है। विनायक के दादा जी ओमप्रकाश भारद्वाज ने कहा कि बच्चे की मेहनत और शिक्षकों के योगदान ने यह साबित कर दिया है कि सरकारी पाठशालाओं में प्रतियोगिताओं के माध्यम से गुणात्मक शिक्षा प्रदान की जाती है।

### अंब पुलिस ने 11 बोतल देसी शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, अंब।** थाना अंब के पुलिस कर्मचारियों ने गांव अप्पर अंदौरा में गश्त के दौरान एक कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिलने पर उन्होंने संदीप कुमार पुत्र गुरदास राम निवासी कलरूही, तहसील अंब, जिला ऊना से 11 बोतल देसी शराब बरामद की।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत अभियोग दर्ज कर लिया है और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस विभाग ने इस कार्रवाई को अवैध शराब के खिलाफ उनके निरंतर संघर्ष का हिस्सा बताया है।

प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस इस मामले में और भी जानकारी जुटा रही है, ताकि अवैध शराब तस्करी की चेन का पर्दाफाश किया जा सके। पुलिस की इस सफल कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और उन्होंने पुलिस द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की है।

# सूरी मंदिर में झगड़े के बाद झूठी एफआईआर दर्ज करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, अंब**

थाना अंब के तहत लखदाता पीर मंदिर सूरी में हुए एक झगड़े के बाद एक व्यक्ति शाम ठाकुर व उनके भाई सुमित ठाकुर द्वारा उन पर झूठी एफआईआर दर्ज करने का आरोप लगाया जा रहा है। शाम ठाकुर ने कहा जब वह और उनका भाई सुमित ठाकुर मंदिर में माथा टेकने गए थे, उस समय वहां दो पक्षों के बीच बहस व धक्का-मुक्की हो गई थी, जिससे उन्होंने पुलिस के साथ बीच बचाव करते हुए रोकने की कोशिश की थी।

शाम ठाकुर ने कहा मंदिर परिसर में कैमरे लगे हुए हैं। उन कैमरों की फुटेज की जांच कर देखा जा सकता है कि हमने न तो किसी से गाली-गलौज किया और न ही किसी से झगड़ा किया। मैंने और मेरे भाई ने दोनों पक्षों को झगड़े से रोकने की कोशिश की व शांति से बात कर हल निकालने के लिए कहा, लेकिन प्रताप सिंह राणा, शेर सिंह, गुरदयाल, राहुल सुरयाल आदि ने उन पर झूठा आरोप लगा कर उनका व उनके भाई सुमित ठाकुर का नाम प्राथमिकी में दर्ज करवाया है। शाम ठाकुर ने इस मामले को लेकर झूठे आरोप लगा कर प्राथमिकी दर्ज करवाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का मन बना लिया है। उन्होंने दावा किया है कि उन्हें गलत तरीके से फंसाया जा रहा है। मामले में पुलिस की जांच जारी है और जांच अधिकारी मामले की गहराई से जांच करने की बात कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर परिसर में इस प्रकार के झगड़े से माहौल बिगड़ सकता है और इससे मंदिर की प्रतिष्ठा पर भी असर पड़ सकता है। फिलहाल, मामले की पुलिस जांच में विभिन्न पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है और यह देखा जा रहा है कि वास्तव में क्या हुआ था। यह विवाद छाया हुआ है और लोग इस मामले में निष्पक्ष समाधान की उम्मीद कर रहे हैं।

### विधायक विवेक ने बाबा खाटू श्याम के दरबार में लगाई हाजिरी



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने पत्नी मृदु शर्मा एवं परिवार और समर्थकों सहित राजस्थान के सालासर में खाटू श्याम के दरबार में पहुंच कर माथा टेका तथा पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने कुटलैहड़ विस क्षेत्र की समस्त जनता की सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि राजस्थान के जिला सीकर के सालासर में बाबा खाटू श्याम जी के दर्शन करके धन्य हो गए हैं। शर्मा ने कहा कि आज हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा के नाम से भक्त जयकारे लगाकर अपनी मन्नत पूरी करवाते हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि बाबा खाटू श्याम जी के मंदिर राजस्थान के सालासर में पुजारियों से पूरी जानकारी और कथाएं सुनकर हम धन्य हुए हैं। इस मौके पर जिला ऊना कांग्रेस के अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह, कुटलैहड़ के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका के अलावा अन्य गणमान्य और परिवार के सदस्य विधायक विवेक शर्मा की पत्नी मृदु शर्मा बेटा और बेटी पूजा उनकी यात्रा में साथ रहे।

### स्कूलों की समयसारिणी बदलने पर आभार जताया

**गोंदपुर बनेहड़ा।** जिला ऊना में बढ़ती ठंड के कारण स्कूलों की समयसारिणी में बदलाव किया गया है और अब स्कूल 9 बजे की बजाए सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक लगेंगे। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के संगठन प्रेस सचिव राजन शर्मा ने जिलाधीश ऊना जतिन लाल का बढ़ती ठंड के कारण स्कूलों की समयसारिणी में बदलाव करने के लिए आभार व्यक्त किया, साथ ही उन्होंने डिप्टी डायरेक्टर ऊना राजेंद्र कौशल रिपोर्ट डायरेक्टर एलिमेंट्री सोमपाल का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि डिप्टी डायरेक्टर सेकेंडरी और एलिमेंट्री ऊना के रिकमेंडेशन पर जिलाधीश ऊना ने यह बदलाव किया है, जो वर्तमान स्थिति में सराहनीय कदम है।

# बाबा बालक नाथ मंदिर राजली लठियाणी में 9 फरवरी को होने वाला जागरण स्थगित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



जानकारी देते गणमान्य।

उपमंडल बंगाणा के प्रसिद्ध सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर राजली लठियाणी में 9 फरवरी को होने वाला वार्षिक विशाल जागरण स्थगित कर दिया है। मंदिर के प्रमुख पुजारी एवं बाबा बालक नाथ के प्रसिद्ध सेवक बाबा पिंटू ने बताया कि बीते लंबे समय से बाबा बालक नाथ मंदिर राजली लठियाणी में 9 फरवरी को विशाल जागरण और 10 फरवरी को विशाल भंडारा होता आया था है, लेकिन इस वर्ष पारिवारिक परिस्थितियों के कारण यह स्थगित किया गया है। आगे बाबा जी के आदेशानुसार समय और तिथि निर्धारित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बाबा बालक नाथ मंदिर राजली लठियाणी के साथ सैकड़ों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है और हर वर्ष बाबा बालक नाथ और माता ज्वाला जी से ज्योति लाकर भक्तों को विशाल जागरण में दर्शन करवाए जाते हैं। आगे बाबा जी के आदेशानुसार कार्यक्रम किया जाएगा। ज्ञात रहे मंदिर के मुख्य पुजारी पिंटू बाबा जी लठियाणी बालों ने लठियाणी से बाबा बालक नाथ मंदिर शहतलाई और दियोटसिद्ध की 108 बार पैदल यात्रा पूरी कर ली है।

**पारिवारिक परिस्थितियों के कारण जागरण और भंडारा करना पड़ा स्थगित : बाबा पिंटू**

**प्रेसवार्ता** अनुसूचित जाति वर्ग के लिए कदम उठाने पर सीएम का आभार जताया

# एससी आयोग अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध : कुलदीप

**विवेक शर्मा, अंब**



प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान प्रेस वार्ता करते हुए।

हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि आयोग अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। आयोग का प्राथमिक उद्देश्य दलित और पिछड़े वर्गों को न्याय और सहूलियत प्रदान करना है।

उन्होंने शुक्रवार को अंब में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि ऊना में आयोग का कार्यालय स्थापित करने के हिमाचल सरकार के फैसले से गरीब और पिछड़े वर्गों को विशेष लाभ मिल रहा है। उन्हें न्याय के लिए शिमला का रुख नहीं करना पड़ रहा और उन्हें अपने घर-द्वार के पास ही सुविधा उपलब्ध हुई है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल आयोग की कार्यक्षमता बढ़ी है, बल्कि स्थानीय स्तर पर न्याय और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। हिमाचल प्रदेश सरकार का यह कदम अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए सकारात्मक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कुलदीप कुमार ने अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उठाए कदमों के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नेतृत्व में एससी समुदाय के कल्याण के लिए सरकार ने अनेक नई योजनाएं शुरू की हैं और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

इस दौरान उसके साथ कबीरपंथी सभी के जिला अध्यक्ष सुरेश मियां, स्तोथर पंचायत के उपप्रधान राकेश, आशु राणा, राकेश कतनौरिया सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत इंटर्नशिप करने का अवसर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना-2024 के तहत युवाओं के लिए विभिन्न कंपनियों में इंटर्नशिप करने का अवसर है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि इस योजना के तहत युवाओं को टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप करने का मौका मिलता है।

उन्होंने कहा कि इस योजना में इंटर्नशिप करने के दौरान उम्मीदवार को 12 महीने तक प्रत्येक माह 5000 रुपए दिए जाने का प्रावधान भी है। इसके लिए उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता दसवीं के साथ-साथ आईटीआई का प्रमाण पत्र, पॉलिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा या फिर बीए, बी.एससी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए या बी.फार्मा जैसी डिग्री होना अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवार की आयु 21 से 24 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इस योजना में ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम में नामांकित उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार वेबसाइट pminternship.mca.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए आवेदक कार्यालय दूरभाष नंबर 01792-227242 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पशुपालकों को बताए बकरी पालन से अपनी आर्थिकी बढ़ाने के गुर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



बकरी पालन पर चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र ऊना द्वारा बकरी पालन पर चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिले के 20 पशुपालकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण को आयोजित करने में पशुपालन विभाग का विशेष योगदान रहा। प्रशिक्षण शिविरों के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र की समन्वयक डॉ. योगिता शर्मा ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए एनआरएलएम परियोजना के अंतर्गत 25 से 33 प्रतिशत का अनुदान दिया जाता है ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान, महिलाएं एवं युवा बकरी पालन को एक उद्यम के रूप में अपनाकर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सकें।

प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. विनय शर्मा ने विभाग के माध्यम से संचालित की जा रही बकरी पालन संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित किया एवं विभाग की स्कीमों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला में स्थापित बकरी इकाइयों की सफलता के बारे में भी प्रशिक्षणार्थियों को अवगत करवाया।

केंद्र के पशुपालन विशेषज्ञ डॉ. दीपाली कपूर ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले पशु पालकों को बकरी पोषण पर विशेष महत्व देते हुए संतुलित फीड, हरा चारा उत्पादन, अजोला उगाने की तकनीक, सूखे चारे के पोषक तत्वों को बढ़ोतरी आदि पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रधिका ने जिला ऊना के लिए उपयुक्त बकरियों की नस्लों तथा प्रजनन प्रबंधन तथा डॉ. अंकुश ने बकरियों के प्रमुख रोगों व उनसे बचाव पर जानकारी दी। इसके अलावा प्रशिक्षणार्थियों को कठोह स्थित अजय जसवाल के बकरी फार्म का भ्रमण गया, जहां बकरी पालन पर डॉ. अभिनव राणा द्वारा व्यावहारिक जानकारी दी गई।

ऊना ब्लॉक के प्रतिभागी तथा व्यवसायिक बकरी पालन करने वाले संजीव, पवन तथा बंगाणा से राजकुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर से उन्हें न केवल तकनीकी जानकारी मिली अपितु बकरी पालन के उचित कदमों बारे में भी जानकारी मिली।

प्रशिक्षण के समापन समारोह में उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ. विनय शर्मा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिए तथा कृषि विज्ञान केन्द्र ऊना द्वारा बकरी पालन पर प्रकाशित पुस्तिका की एक प्रति भी दी।

### छात्रों को दी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** चाइल्ड हेल्पलाइन सिरमौर ने विज्ञान उच्च विद्यालय सतौन में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों को हेल्पलाइन की सेवा के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य प्रेम तोमर द्वारा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत सुपरवाइजर सुरेश पाल द्वारा की गई तथा चाइल्ड लाइन की सेवा के बारे में बताया गया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एक आपातकालीन सेवा है जो बच्चों को मदद के लिए 24 घंटे रात दिन काम करती है। जब कोई बच्चा बेबस, बेसहारा या मुसीबत में दिखे तो 1098 पर कॉल करें। इसमें कॉलर की जानकारी गुप्त रखी जाती है। बच्चों को हेल्पलाइन की सेवा के सही और गलत इस्तेमाल के बारे में भी विस्तार से समझाया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला राजपूत संघ कुल्लू की मासिक बैठक कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजपूत संघ जिला कुल्लू की मासिक बैठक 5 जनवरी को प्रातः 11 बजे शीतला माता मंदिर परिसर सरवरी कुल्लू में आयोजित होगी। इस बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष सुदर्शन पठानिया करेंगे, जबकि चेयरमैन ज्ञान चंद चंबयाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पठानिया ने सभी राजपूत भाइयों से आग्रह किया है कि संघ से जुड़े सभी सदस्य 5 जनवरी को 11 बजे इस बैठक में बढ़-चढ़कर भाग लें।

### पुलिस ने 3 मामलों में अवैध शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, आनी।** पुलिस उपमंडल आनी के पुलिस थाना आनी की लुहरी चौकी, पुलिस थाना ब्रो और पुलिस थाना निरमंड की पुलिस चौकी निथर में अवैध शराब पकड़े जाने के 3 मामले दर्ज हुए हैं। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि पुलिस थाना आनी के अंतर्गत आने वाले पुलिस चौकी लूहरी की पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर दलाश के समीप गलोग में पूर्ण चंद निवासी गांव गलोग डाकघर ढैर तहसील आनी के ढाबानुमा दुकान में तलाशी के दौरान 7 बोतलें देसी ऊना नंबर-1 देसी शराब की बरामद की गई हैं। वहीं दूसरे मामले में पुलिस थाना ब्रो की पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर ब्रो में राकेश टेक्टा निवासी गांव ब्रो डाकघर रामपुर तहसील निरमंड के ढाबा से 3 बोतलें रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब और 9 बोतलें ऊना नंबर एक देसी शराब बरामद की गई हैं, जबकि तीसरे मामले में पुलिस थाना निरमण्ड के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी निथर की पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर झल्ली में राजेंद्र राव निवासी राजस्थान हाल रिहाइश गांव झल्ली डाकघर निथर के ढाबा से 5 बोतलें ऊना नंबर-1 देसी शराब बरामद की गई है । डीएसपी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि तीनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### आदि शक्ति फाउंडेशन का आनी में शुभारंभ 9 को

**अनंत ज्ञान, आनी।** प्रदेश सोसायटी एक्ट 2006 के तहत राज्य स्तर पर पंजीकृत आदि शक्ति फाउंडेशन का विधिवत शुभारंभ 9 जनवरी को आनी में होगा। इसकी जानकारी फाउंडेशन के अध्यक्ष जोगिंद्र सिंह और सचिव एलआर अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि यह सोसायटी पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए पंजीकृत है और आने वाले समय में आदि शक्ति फाउंडेशन पूरे भारत वर्ष में काम करेगी। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य कार्यालय आनी में ही रहेगा और सोसायटी का मुख्य उद्देश्य समाजिक कल्याण करना, जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करना है ।इसके साथ-साथ स्वास्थ्य,महिला सशक्तीकरण, प्रशिक्षण, कृषि, पढ़ाई, पर्यावरण और रोजगार प्रदान करना है। जोगिंद्र सिंह ने बताया कि सोसायटी ने स्वास्थ स्वयंसेवक की भर्ती प्रक्रिया 9 जनवरी को आनी में होगी।



मनाली के हंमसा रिजॉर्ट में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल विज से शिष्टाचार भेंट करते नगर परिषद मनाली के पूर्व अध्यक्ष चमन कपूर।

# विक्रमादित्य ने तांदी अग्निकांड प्रभावित परिवारों को बंधाया ढाढस

## कहा- मुख्यमंत्री जल्द करेंगे अग्नि पीड़ित परिवारों से मुलाकात

**अनंत ज्ञान, बंजार**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह शुक्रवार को बंजार उपमंडल के तांदी गांव पहुंचे। यहां पर उन्होंने जहां राहत कार्यों और हालातों का जायजा लिया वहीं, अग्नि प्रभावित परिवारों से मिलकर उनका दुख दर्द साझा कर उन्हें ढाढस बंधाते हुए सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।



बंजार उपमंडल के तांदी गांव में अग्नि प्रभावित बुजुर्ग से मिलकर उनका हौसला बढ़ाते हुए लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

सनद रहे कि बंजार उपमंडल के तांदी में भीषण अग्निकांड में 17 घरों सहित 6 गौशाला जलकर राख हो गई हैं। शुक्रवार को विक्रमादित्य सिंह ने तांदी गांव का दौरा किया और इस दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक कर चर्चा की। बैठक के दौरान मंत्री ने सभी अग्नि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने अपनी जीवनभर की पूंजी, घर सहित सब कुछ खो दिया है और इस दुख की घड़ी में वह उनके साथ हैं। उन्होंने आश्वासन दिलाते हुए कहा कि अग्नि प्रभावित परिवारों का हर संभव सहायता सरकार द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री का दौरा भी प्रस्तावित है।

वहीं, इस दौरान उन्होंने अपनी इच्छुक निधि से डेढ़ लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके अलावा अग्नि की भेंट चढ़े मकानों के पुन निर्माण को लेकर सामान लेन हेतु डेढ़ किलोमीटर का लिंक रोड निकालने के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा। इस दौरान उन्होंने कहा कि देवता शेषनाग का जो भंडार गृह आग की भेंट चढ़ा है, उसके निर्माण कार्य के लिए भी मुख्यमंत्री से आग्रह करवाया जाएगा।

इस दौरान कांग्रेस नेता तेजा सिंह ठाकुर ने 50 हजार देने की घोषणा की गई। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों को अग्नि पीड़ित परिवारों की हरसंभव सहायता करने के आदेश जारी किए गए।

## सरकार कर रही हरसंभव सहायता : खीमी राम

**अनंत ज्ञान, बंजार।** उपमंडल बंजार के सुदूर गांव तांदी में शुक्रवार को प्रदेश सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित खीमी राम ने भीषण अग्निकांड में प्रभावित परिवारों का दुख दर्द जाना। उन्होंने अग्निकांड से तबाह हुए पूरे गांव का दौरा करने के बाद प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए गहरा दुख व्यक्त किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि बंजार क्षेत्र में यह अग्निकांड दशक की सबसे बड़ी घटना है तथा हम सबका कर्तव्य है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर दुख की इस घड़ी में प्रभावितों की मदद करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी अग्निकांड से प्रभावित हुए परिवारों की हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है तथा तांदी गांव की पुनर्स्थापना के लिए सरकार से स्पेशल ग्रांट की मांग रखेंगे। इससे पूर्व अग्निकांड से प्रभावित हुए परिवारों ने अपने नेता से दुखड़ा रोया और प्रदेश सरकार से उचित सहायता राशि प्रदान करने की मांग रखी। प्रभावित ग्रामीणों की मांग पर पूर्व मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार आपके साथ है तथा इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात करेंगे।





## अपनों को अपने पास देखकर अग्नि प्रभावितों को मिल रहा हौसला

**शीला कौल, बंजार।** बंजार उपमंडल के तांदी गांव में घटित भीषण अग्निकांड ने 36 परिवारों के जीवन भर की पूंजी और सपनों के आशियाने पलभर में राख के ढेर में तबदील कर दिए हैं। अब इन लोगों के पास अपने-अपने आशियानों में परिवार के साथ बिताए पलों और कुछ यादों के कुछ शेष नहीं बचा है। वहीं, इन लोगों का दुख दर्द बांटने पहुंच रहे रिश्तेदारों व आस-पड़ोस के लोगों द्वारा बंधाए जा रहे ढांढस से इन्हें कुछ हिम्मत मिल रही है। घटना के बाद जहां शासन-प्रशासन यहां पहुंचकर मदद कर रहा है। वहीं, समाजसेवी संस्थाओं के साथ अग्नि पीड़ित ग्रामीणों से मिलने के लिए उनके रिश्तेदारों सहित दूर पार के ग्रामीण भी पहुंच रहे हैं। दुख की इस घड़ी में अपने-अपनों को अपने पास देखकर तांदी गांव के अग्नि प्रभावित अपने आंसू नहीं रोक पाए रहे हैं। अपने जीवनभर की कमाई और सपनों के आशियानों को खोने के बाद का दर्द क्या होता है यह तो वही समझ सकते हैं लेकिन अपने रिश्तेदारों के इस दुख के समय मे साथ होने से उन्हें कुछ हौसला जरूर मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

## तांदी अग्निकांड पर राजनीति कर रहे बंजार के विधायक : मियां

**अनंत ज्ञान बंजार**

एपीएमसी कुल्लू एवं लाहुल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने कहा है कि बंजार के विधायक तांदी गांव में हुई त्रासदी के दौरान भी घटिया राजनीति कर रहे हैं जो कि बेहद शर्मनाक है।



शुक्रवार को बंजार में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिला और बंजार प्रशासन आगजनी की घटना के बाद से ही मौके पर पहुंचकर सहयोग कर रहा है या नहीं की पुष्टि पिछले कल तांदी गांव के लोग व प्रभावित स्वयं ही बता चुके हैं जो सबसे बड़ा प्रमाण है। बंजार के विधायक को सबसे पहले अपने ही दल से संबंधित तांदी पंचायत के प्रधान, पूर्व समिति अध्यक्ष सहित हर प्रभावित परिवार से तो राहत एवं पुनर्वास कार्यक्रम के बारे में पूछना चाहिए था जो खुलकर सरकार और प्रशासन के सहयोग की प्रसंशा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि तांदी गांव में हुई भीषण आगजनी की दुखद घटना की जानकारी मिलते ही वह एसडीएम बंजार, नायब तहसीलदार, पटवारी के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। उन्होंने कहा कि तांदी गांव के किसी भी प्रभावित परिवार को खुले आकाश तले टेंट में न रहना पड़े इसके लिए किराए पर कमरा उपलब्ध करवाया जाएगा। गांव में बिजली, पानी सुचारु करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं।

### प्रभावितों को नहीं आने देंगे कोई कमी

**सुरेंद्र** शौरी के बयान की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए राम सिंह मियां ने कहा कि प्रभावितों को किसी भी तरह की कमी नहीं आने देंगे। जिला प्रशासन के साथ-साथ बंजार कांग्रेस टीम भी अपने अपने स्तर पर हर प्रभावित की सहायता के लिए बढ़-चढ़कर आगे आ रही है। कई स्वयंसेवी संस्थाएं हमारे संपर्क में हैं जिनको शीघ्र स्थानीय गांव की प्रभावित कमेटी से मिलवाया जाएगा ताकि सहायता हो सके।

## तेरा मेरा प्यार अड़िए...पर झूमे दर्शक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू महोत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या





ढालपुर स्थित मालरोड में आयोजित हो रहे कुल्लू महोत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या लोक गायिका पंडित खुशबू भारद्वाज के नाम रही। महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में लोक गायिका पंडित खुशबू भारद्वाज ने खूब धमाल मचाया और दर्शकों को नचाया। इस सांस्कृतिक संध्या का आगाज शाम पांच बजे कुल्लवी नाटी से हुआ।

मालरोड में दर्शकों के मनोरंजन के लिए बनाए मंच पर स्कूली छात्रों सहित विभिन्न कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पेशकर कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। सनद रहे कि जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित मालरोड में आयोजित कुल्लू महोत्सव फिर से शुरू हो गया है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के चलते राष्ट्रीय शोक के कारण इस कार्यक्रम को स्थगित किया गया था। महोत्सव की दो सांस्कृतिक संध्या जहां पहले आयोजित हो चुकी हैं वहीं, तीसरी संध्या गत रात को आयोजित हुई। नगर परिषद कुल्लू द्वारा आयोजित कुल्लू महोत्सव अब छह जनवरी तक मनाया जाएगा। कुल्लू महोत्सव में जहां स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रस्तुति पेश करने का भी मौका मिला है। वहीं ठंड के मौसम में लोक कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुति पेश पंडाल में बैठे दर्शकों में गरमाहट पैदा कर दी। इस सांस्कृतिक संध्या के स्टार कलाकार पंडित खुशबू भारद्वाज ने मंच पर आते ही कुलवी गीतों झड़ी लगा दी। उन्होंने जैसे ही तेरा मेरा प्यार अड़िए बचपने रा नहीं लागदा दिलड़ू अडीए एक दूजे रा आदि गीत पेश कर दर्शकों से खूब तालिया बटोरीं। इससे पहले अखाड़ा बाजार के कलाकारों ने ग्रुप डांस, भारत भारती स्कूल के छात्रों ने डांस, साईं स्टार स्कूल के छात्रों ने डांस, संस्कृत कालेज रघुनाथपुर कुल्लू, महिला मंडल आनी द्वारा नाटी पेश कर दर्शकों का मनोरंजन किया।

## डॉ. भीमराव पर की गई टिप्पणी से भड़का दलित समाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में भीम ज्योत फाउंडेशन कुल्लू के बैनर तले जिला भर का समूचा दलित समाज सड़कों पर उतर गया। शुक्रवार को दलित समाज ढालपुर मैदान के प्रदर्शनी ग्राउंड में जुटा और अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी करते हुए डीसी कार्यालय पहुंचा।

इस दौरान लोगों ने डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को मजबूती से उठाया। भीम ज्योत फाउंडेशन के चेयरमैन अमर चंद शलाठ ने कहा कि हम उस धर्म को नहीं मानते जहां संविधान निर्माता का अपमान हो। अमित शाह जब पैदा भी नहीं हुए थे तब भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिखा। डॉ. अंबेडकर के योगदान को न भूलते हुए भारत के संविधान और डॉ. अंबेडकर के योगदान का सम्मान हमेशा किया जाए और उनका अपमान करने वाली किसी भी टिप्पणी को सख्ती से नकारा जाए। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से आग्रह किया कि संविधान में निहित समानता, न्याय और भाईचारे के सिद्धांतों की रक्षा करें।

वहीं दलित नेता वीडी कुलवी, दिले राम ने भी अपने भाषण में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की अभद्र टिप्पणी के खिलाफ कड़े शब्दों में विरोध जताया। अमर चंद शलाठ ने साफ शब्दों में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि उन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त जातिवाद, असमानता और शोषण के खिलाफ अपने जीवन भर संघर्ष किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में कुल्लू का दलित समाज के लोग मौजूद रहे।



## रोहतांग, शिंकुला, कुंजम व बारालाचा दर्रों में हिमपात

**अनंत ज्ञान केलांग।** कुल्लू व लाहौल घाटी में मौसम ने करवट बदल ली है। रोहतांग सहित शिंकुला, कुंजम व बारालाचा दर्रों में हिमपात का क्रम शुरू हो गया है। लाहौल व कुल्लू मनाली में बादल छा गए है, जिससे घाटी में भी हिमपात की उम्मीद बढ़ गई है। शुक्रवार सुबह मौसम ने करवट बदली और सभी दर्रों सहित ऊंची पहाड़ियों में फिर से फाहे गिरने का दौर शुरू हो गया। शुक्रवार दोपहर बाद रोहतांग सहित हनुमान टिब्बा, मकरवेद व शिकर वेद, इंद्र किला, चंद्रखणी, हामटा धुंधी, भृगु व दशहोर की पहाड़ियों में बर्फ के फाहे गिरे।

## धरोहर गांव नग्गर में मनाई प्राचीन 'नग्गर गनेड'

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



धरोहर गांव नग्गर में गनेड पर्व के दौरान देव परंपरा का निर्वहन करते लोग।

जिला कुल्लू के धरोहर गांव नग्गर में नग्गर गनेड का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस दौरान नग्गर फाटी व जाणा फाटी के लोगों के बीच रस्सा दौड़ हुई, जिसमें जाणा फाटी के लोगों की जीत हुई। ऐसी मान्यता है कि जिस वर्ष जाणा फाटी की जीत होती है, उस वर्ष अच्छी फसलें होती हैं और पूरा साल सुख समृद्धि से भरपूर रहता है।

यह दौड़ किसी प्रतियोगिता का हिस्सा नहीं होती बल्कि यह एक धार्मिक रीत है जिसे पिछले 300 सालों से भी अधिक समय से निभाया जा रहा है। इस दौरान नग्गर गनेड के लिए जाणा गांव के देवता जीव नारायण अपने हरियानों सहित नग्गर पहुंचे और इस प्राचीन परंपरा को निभाया। बिना देवता की उपस्थिति के इस प्रथा को नहीं निभाया जा सकता। वहीं, इस गनेड में नग्गर गांव की माता त्रिपुरा सुंदरी की भी अहम भूमिका रहती है। माता के जठाली के सिर के ऊपर सिंग लगाकर और उसे मूसल के ऊपर बिठाके अश्लील दोहे भी बोले गए। माता त्रिपुरा सुंदरी के कारदार जोगिंद्र आचार्य ने बताया कि नग्गर गनेड का इतिहास बहुत ही पुराना है। उन्होंने बताया कि नग्गर गनेड को जठाली के सिर के ऊपर सिंग लगाना, अश्लील दोहे बोलना व रस्सा दौड़ सभी प्राचीन धार्मिक परंपरा का हिस्सा है।

वहीं बड़ाग्रां में भी नगेड उत्सव देव परंपरा अनुसार मनाया गया। बड़ाग्रां के पूर्व प्रधान देवेंद्र नेगी ने कहा कि नगेड़ का यह उत्सव वास्तव में नाग देवताओं की पूजा परंपरा से जुड़ी किंवदंती को दर्शाता है। जब प्राचीन काल में कुल्लुत देश में देवताओं सहित क्षेत्र में जगह-जगह नागों का साम्राज्य था, तो स्थानीय देवताओं संग नाग देवताओं की पूजा उत्सव मनाय जाने के साथ नागहेड़ नगेड़ की दो गांवों के मध्य दौड़ (रेस) की प्रथा शुरू हुई। फिर नाग देवताओं दवलुओं व स्थानीय देवलुओं के मध्य लंबी दौड़ रेस में लोग अपनी जीत सुनिश्चित करते हैं। यह परंपरा आज भी विशेषकर नगर गांव व बड़ाग्रां गांव में एक ही दिन में देव संस्कृति अनुसार निभाई जाती है। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## आज बेटियां ही कर रही हैं परिवार का नाम रोशन



रक्षा, बंजार, कुल्लू।

**महिलाओं** को सर्वप्रथम आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना पड़ेगा, यानि जब महिलाएं अपने घरेलू वातावरण से बाहर निकल कर कोई कार्य करेंगी, तभी वह पूर्ण रूप से स्वतंत्र बन पाएंगी। जब उन्हें अपने पीछे किसी के नाम की आवश्यकता नहीं होगी तभी वह सामाज में अपनी जगह बना पाएंगी। बेटियों के साथ बेटों के समान बराबर व्यवहार करना चाहिए, ताकि उन्हें बेटा और बेटी में भेदभाव की भावना न आए। महिलाओं को मजबूत और ताकतवर बनाने के लिए परिवार को उन्हें हर एक चीज में सहयोग और समर्थन देने की जरूरत है। आज बेटियां ही परिवार का नाम रोशन कर रही हैं और बेटियों के बिना किस खुशहाल परिवार और खुशहाल समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। बेटियों को अपनी कमजोरी को नजरअंदाज कर अपनी काबिलियत को निखारने की जरूरत है, ताकि वे बिना किसी के सहयोग के ही अपना और अपने परिवार का नाम रोशन कर सकें।

## बेटियों को शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनाने की जरूरत

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में घर परिवार का समर्थन होना आवश्यक

**बदलते** समय के साथ समाज में बहुत से बदलाव हुए हैं साथ ही लोगों की जिम्मेदारी ओर प्राथमिकता में भी बदलाव आया है। आज समाज में जितनी एहमियत पुरुषों की है उतनी ही एहमियत आज महिलाओं की भी है या यूं कहें तो गलत न होगा कि महिलाओं की एहमियत और जिम्मेदारी ओर भी बढ़ गई है। किंतु आज भी कुछ महिलाएं अपनी जिम्मेदारियों में उलझी हुई हैं और अपनी क्षमता और अपने सामर्थ्य से अनभिज्ञ है। आज महिलाओं को अपनी क्षमता और काबिलियत को पहचानने के साथ-साथ खुद को हर मुश्किल परिस्थिति में मजबूत बनाने की भी जरूरत है, ताकि महिलाएं हर क्षेत्र में कामयाबी का डंका बजा सकें। घर-परिवार में बेटियों को बचपन से ही मजबूत बनाने की जरूरत है और बेटियों को शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनाने की जरूरत है। इसके साथ ही अभिभावकों को चाहिए कि वे घर में बेटे और बेटी के बीच फर्क न करे और न ही बेटियों से कभी भी उनकी शारीरिक दुर्बलता को लेकर कोई बात करें, बल्कि सभी अभिभावक अपनी बेटियों को ऐसा माहौल दें कि बेटियां अपनी कामयाबी का रास्ता खुद तय कर सके। इसी विषय को लेकर आज के जमाने की युवतियों से उनके विचारों को जानते हैं।

**प्रस्तुति : कमलेश वर्मा, कुल्लू**

## बेटियों को बेटों कि तरह बनाया जाए आत्मनिर्भर



गोपी, जागला (कुल्लू)

**महिलाओं** को उच्च शिक्षा दी जाए और बेटों कि तरह उन्हें भी आत्मनिर्भर बनाया जाए। महिलाओं को समाज में अपनी जगह बनाने के लिए हर एक वे चीज छोड़ कर उन्हें वे करना चाहिए, जिसकी वे हक़दार है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में घर परिवार का समर्थन होना आवश्यक है। अगर माता-पिता आपने बच्चों को एक समान समझेंगे ओर लड़का-लड़की दोनों को एक जैसी परवरिश देंगे तथा हर मजबूरी में उनका साथ देंगें। हर एक गलती में उन्हें समझाएंगे, हर एक चीज़ में उनके साथ खड़े रहेंगे। आज समाज की जरूरत है कि अभी अभिभावक अपने बच्चों को समान रूप से परवरिश देने के साथ साथ समान मौके देने की भी जरूरत है। घर का माहौल बेटा और बेटी दोनों के लिए ही समान होना चाहिए, ताकि बेटीयों में अपनी पहचान खुद बनाने की काबिलियत शुरू से ही बन जाए।

## महिलाओं को किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं



आशा ठाकुर, पलाहच (मनाली।

**समाज** में आज महिलाओं को किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नही है और न ही किसी से मदद की अपेक्षा रखनी चाहिए, क्योंकि किसी की मदद के सहारे आगे बढ़ना ही महिला को कमजोर कर देती है और महिला तो स्वयं अपने आप में शक्ति का स्वरूप हैं और महिलाओं में हर वे काबिलियत विद्यमान है जिसकी समाज को जरूरत है। मगर महिलाएं अकसर खुद को कम आंकने की भूल कर बैठती हैं जिस कारण उनकी जन्मजात काबिलियत दब कर रह जाती है। इसलिए मां-बाप की भी अपनी जिम्मेदारी है कि वे अपनी बेटियों की तुलना बेटों से न करें, क्योंकि तुलना करना ही बेटियों को कमजोर बना देती है। बेटियों को अपने निर्णय लेने खुद लेने दें और उनके लिए निर्णयों के सम्मान करें इससे बेटियों के आत्मविश्वास में इजाफा होगा और बेटियां वे कर के दिखाएंगी जो बेटे भी नही कर पाएं हैं।

## महिलाओं को सुरक्षित और सभ्य समाज की जरूरत



गिरजा, खादवी (आनी)

**वक्त** के साथ महिलाओं ने समाज में काम करके दिखाए हैं जो कि महिलाओं के लिए नामुमकिन कहा जाता था। महिलाओं को बस सुरक्षित और सभ्य समाज की जरूरत है जो महिलाओं की काबिलियत को सम्मान देते हो और जो महिलाओं को ऐसा माहौल देते है जहां पर महिलाएं अपनी क्षमता को ओर निखारने के कार्य करती है और हर क्षेत्र में कामयाबी का पताका फहरा कर आती है। वर्तमान समय में बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए माता-पिता का सहयोग पर विश्वास बहुत मायने रखता है। बेटियों आज अपना ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज का नाम रोशन करने की काबिलियत रखती हैं। मगर जब घर मे सहयोग न मिले तो बेटियों के लिए कामयाबी का रास्ता तय करना मुश्किल हो जाता है। बेटा ओर बेटी का फर्क घर से ही शुरू हो जाता है, इसलिए सभी माता-पिता को चाहिए कि वो अपनी बेटियों को हर वे सुविधा प्रदान करें जिससे कि बेटी आगे बढ़कर सभी का नाम रोशन कर सके।

## न्यूज ब्रीफ

### विस उपाध्यक्ष ने चमयाना संपर्क सड़क की लोकार्पित



**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सड़क जैसी मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है तथा सिरमौर जिले के हर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। यह उद्‌गार विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने रेणुका विधानसभा क्षेत्र एवं विकास खंड नाहन के अंतर्गत पड़ने वाली पंचायत दीद बगड़ से चमयाना के लिए मनरेगा व विधायक निधि से 38 लाख रुपए से निर्मित लगभग 2.25 किलोमीटर लंबी संपर्क सड़क का लोकार्पण करने के उपरांत चमयाना में जनसभा को संबोधित करते हुए किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से गांव के लोगों की लंबे समय से चले आ रही मांग पूरी हो गई है। उन्होंने ग्राम चमियाना के समुदाय एक भवन के लिए रसोई सेट बनाने हेतु 500000 देने की घोषणा की इसके अलावा ग्राम पंचायत बगड़ के स्थान पर दीद-बगड़ रखने की मांग पर उन्होंने कहा कि सरकार के सम्मुख यह मामला रखा जाएगा। इसके अलावा बगड स्कूल का नाम भी बदल कर दीद-बगड़ के नाम पर किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान मित्र सिंह तोमर, बीडीओ नहान, हरेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, बाबूराम ठाकुर, देशराज ठाकुर, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी, जल शक्ति एवं विद्युत विभाग, तहसीलदार तथा विभिन्न पंचायत के प्रधानों के अतिरिक्त अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### छात्रों ने चंडीगढ़ का किया शैक्षणिक भ्रमण




**अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय माध्यमिक पाठशाला सानण के विद्यार्थियों व अध्यापकों ने चंडीगढ़ का एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ के विभिन्न ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थानों का भ्रमण किया। विद्यालय के अध्यापक हेमराज शर्मा ने बताया कि यह शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम विद्यालय के प्राइमरी स्कूल व मिडल के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को छतबीर चिड़ियाघर के साथ-साथ अन्य ऐतिहासिक स्थानों का भी भ्रमण करवाया गया। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण का खूब आनंद उठाया और बहुत कुछ सीखा। इस दौरान विद्यालय की मुख्याध्यापिका रीनू शर्मा, मुख्याध्यापक तिलक राज शर्मा व हेम राज शर्मा सहित लता शर्मा मौजूद रहे।

### नियमों के उल्लंघन पर बद्दी पुलिस ने की कार्रवाई



**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बद्दी पुलिस ने तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों और मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) जैसी नई तकनीक का प्रभावी प्रयोग कर चालान किए जाएंगे। पुलिस जिला बद्दी प्रशासन ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मोटर वाहन अधिनियम के तहत विशेष अभियान चलाया। इस अभियान में तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने कहा कि बद्दी पुलिस ने 31 दिसंबर 2024 तक तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों के 701 चालान किए, जबकि यह संख्या 31 दिसंबर 2023 तक केवल 288 थी। 31 दिसंबर, 2024 तक मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वालों के कुल 75,735 चालान किए गए। अशोक वर्मा ने कहा कि वहीं, 31 दिसंबर, 2023 में यह संख्या 73,664 थी। इनमें से 13,385 चालान आईटीएमएस जैसी नई तकनीक का प्रयोग करके किए गए, जबकि 31 दिसंबर 2023 तक यह संख्या केवल 5,851 थी।

### मिल्ला खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता 14 से

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव मिल्ला के ऐतिहासिक खेल मैदान में (शिरगुल क्लब मिल्ला) के समस्त मिल्ला वासियों के द्वारा युवाओं को नशे से दूर रहने और ऐतिहासिक और शानदार क्रिकेट खेलकूद प्रतियोगिता करवाने का सराहनीय प्रयास हो रहा है। इस प्रतियोगिता का आगाज 14 जनवरी से होगा। खेल मैदान में पिछले अनेक वर्षों से हर वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है परंतु इस बार ईनामी राशि में खासी बढ़ोतरी की गई है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 1,11,111 और द्वितीय पुरस्कार 5,5,555 होगा, जबकि प्रवेश शुल्क 3500 रुपए है। बेहतर बॉलर को 1100, बेहतर कीपर को 1100, मैन ऑफ द सीरीज को 2500 रुपए दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता का प्रवेश शुल्क एक जनवरी से शुरू हो चुका है। शुभारंभ एवं समापन क्षेत्र के प्रतिष्ठित हस्तियों के द्वारा किया जाएगा, तो वहीं जानकारी अनुसार खेलकूद प्रतियोगिता में पुराने नियमों एवं शर्तों का निर्वहन किया जाएगा। प्रवेश शुल्क ऑनलाइन आना शुरू हो चुका है।

### जोगिंद्रा सहकारी बैंक करेगा इंश्योरेंस सेवाएं प्रदान



**अनंत ज्ञान, सोलन।** जोगिंद्रा सहकारी बैंक को बीते साल भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण से सभी प्रकार की इंश्योरेंस करने का लाइसेंस प्राप्त हुआ था। जोगिंद्रा बैंक के चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा ने बताया की बैंक के पहला करार सबसे महत्वपूर्ण सेगमेंट हेल्थ में देश की नामी कंपनी केयर हेल्थ इंश्योरेंस से किया। इस कंपनी के फाउंडर सदस्य और इंडिया के कंपनी हेड अतुल साबरवाल ने बैंक के हेड ऑफिस में प्रबंध निदेशक पंकज सूद की मौजूदगी में बैंक से करार किया। अब जोगिंद्रा बैंक अपने ग्राहकों को हेल्थ इंश्योरेंस के साथ-साथ सभी प्रकार की इंश्योरेंस सेवाएं प्रदान करेगा। यह कंपनी कॉरपोरेट सेक्टर में भी सभी कर्मचारियों की ग्रुप इंश्योरेंस कर सकती है, जिससे कंपनीज के कर्मचारी भी हेल्थ इंश्योरेंस से स्वयं को कवर कर सकते है। इस अवसर पर बैंक के प्रबंध निदेशक पंकज सूद, रणवीर राणा, बैंक के एजीएम कुलदीप सिंह, रामपॉल, गुरमीत सिंह, भारत भूषण और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### सर्दियों में जरूरतमंद लोगों को बांटे गर्म वस्त्र



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था द्वारा आजकल जरूरतमंद लोगों को खुशियों का बैंक माजरा में जमा हुए कपड़ों को बांटा जा रहा है। संस्था के संस्थापक डॉ. अनुराग गुप्ता ने लोगों से अपील की कि झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को सर्दियों की वजह से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है, ऐसे में आप सब हमारी संस्था के साथ जुड़कर इन लोगों को सहयोग कर सकते हैं। आपके घर में जो भी कपड़े, बिस्तर, रजाई कंबल आपके इस्तेमाल के नहीं हैं, वे आप खुशियों का बैंक माजरा में जमा करवा सकते हैं, जिससे वे कपड़े सर्दी में जरूरतमंद लोगों के काम आ सकें तथा लोगों को ठंड में मदद मिल सके। खुशियों का बैंक माजरा में बहुत सारे लोगों द्वारा कपड़े जमा करवाए गए हैं। संस्था द्वारा यह कपड़े झुग्गी-झोपड़ी एरिया में जाकर जरूरतमंद लोगों को वितरित किए जा रहे हैं। संस्था आप सब लोगों से अपील करती है कि आप जरूर लोगों की सहायता के लिए आगे आएं तथा कंबल, रजाई, गद्दे और कपड़े इत्यादि द्वारा संस्था को सहयोग कर इन जरूरतमंद लोगों की मदद करें।

# सलोगड़ा डंपिंग साइट से निकाला 70 हजार टन लिगेसी वेस्ट

## कूड़े से अलग किया 8400 टन आरडीएफ जाएगा सीमेंट कंपनी, अंतिम चरण में पहुंचा कार्य, बदबू से मिलेगी निजात

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के दिशा निर्देश पर नेशनल हाईवे-5 स्थित सलोगड़ा में तीन दशक से डंप सोलन शहर के पुराने कूड़े (लिगेसी वेट) की प्रोसेसिंग का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। अभी तक सलोगड़ा डंपिंग साइट करीब 70 हजार पुराना कूड़ा निकाला जा चुका है। इस कूड़े की प्रोसेसिंग से करीब 8400 टन आरडीएफ निकाला है, जिसे नियमानुसार सीमेंट कंपनी को दिया जाना है।

आरडीएफ को ठिकाने लगाने के लिए इसका प्रयोग सीमेंट प्लांट में फ्यूल के तौर पर किया जाता है। इस कार्य में लगी पंचकूला की सनटन कंपनी का टेंडर जून 2024 में पूरा होना था, लेकिन मौके पर अनुमान से अधिक पुराना कूड़ा यानी लिगेसी वेस्ट निकलने के चलते तीन महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है। कंपनी का दावा है कि जल्द ही बचा हुआ पुराना कूड़ा भी उठा लिया जाएगा, पर आरडीएफ (रिफ्यूज्ड डेराइविड फ्यूल) को सीमेंट कंपनी को भेजने के लिए अभी मंजूरी का इंतजार है। कंपनी आरडीएफ को गाजियाबाद पानीपथ और चितौड़गढ़ भेजने का दावा कर रही है। पुराने कूड़े की प्रोसेसिंग से यहां मिट्टी युक्त प्लास्टिक का ढेर काफी मात्रा में कम हो गया है। कूड़े के ढेर के कम होने से बदबू भी कम हो जाएगी और पर्यावरण पर भी इसका बुरा असर नहीं पड़ेगा।

कूड़े को प्रोसेस कर निगम ने रिफ्यूज्ड डेराइविड फ्यूल (आरडीएफ) निकाला गया है। अभी तक ठिकाने लगाए गए कूड़े में से 8400 टन आरडीएफ प्रोसेस किया गया है। इसको ठेकेदार उन उद्योग तक पहुंचाएगा, जहां इसका उपयोग होता है। अनुमान है कि वर्तमान में सलोगड़ा डंपिंग साइड पर 4 हजार टन मिट्टी युक्त प्लास्टिक कूड़ा रह गया है। जिसे नगर निगम की टीम रोजाना प्रोसेस कर ट्रक के माध्यम से भेज रही है, जबकि 24 से 25 टन कूड़ा शहर से सीधा प्रोसेस कर ठेकेदार ट्रकों में भरकर ठिकाने लगा रहा है। (अनंत ज्ञान)



सलोगड़ा डंपिंग साइट में की गई पुराने कूड़े की प्रोसेसिंग।



सलोगड़ा स्थित डंपिंग साइट में मौजूद कूड़े में से अधिकतर कूड़ा उठा दिया गया है। बचे हुए कूड़े को उठाने का कार्य किया जा रहा है। इससे निकले आरडीएफ को सीमेंट कंपनी को भेजने के लिए व्यवस्था की जाएगी। डंपिंग साइट खाली कर क्षेत्र में पौधरोपण कर स्वच्छ व सुंदर बनाया जाएगा।
**-एकता कापटा, कमिश्नर, नगर निगम सोलन**

### पांच दशक तक डंप हुआ शहर का कूड़ा

सलोगड़ा डंपिंग साइट में पिछले करीब पांच दशक से सोलन शहर का हजारों टन पुराना कूड़ा डंप हुआ है। एनजीटी के निर्देशानुसार निगम ने सनटन लाइफ से करार किया है। एनजीटी ने साइट को पूरी तरह साफ कर यहां पर पेड़-पौधे लगा लगा का प्रदूषण मुक्त करने के निर्देश दिए हैं, जगह की कमी से पुराने कूड़े को सेग्रीगेट किए जा रहे ओडीएफ को स्टॉक करना मुश्किल हो रहा है। कंपनी आरडीएफ की मांग के बाद ही संबधित कंपनियों को भेज पाती है।

### कूड़े के ढेर से फैल रही थी गंदगी

सलोगड़ा में डंप कूड़े से यह कूड़े का पहाड़ बन गया था, जिससे यहां गंदगी व बदबू फैलने साथ पर्यावरण और प्राकृतिक जलस्रोत भी दूषित हो रहे थे। बदबू फैलने से हाईवे से गुजरते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। बरसात में कूड़े का पानी जल स्रोत के पानी को दूषित कर रहा था। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने संज्ञान लिया और डंपिंग साइट से पूरा कूड़ा उठाने के निर्देश निगम को दिए हैं। यह कार्य पूरा होते ही इसकी स्टेटस रिपोर्ट एनजीटी को सौंपी जाएगी। पुराना कूड़ा उठने से स्थानीय लोगों को भी प्रदूषण से निजात मिलेगी।

### कैसे बनाया जाता है आरडीएफ

डंपिंग साइट पर पड़े कूड़े को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर या काटकर और हाइड्रेट कर आरडीएफ में बदला जाता है। इसका इस्तेमाल कई उद्योग में फासिल फ्यूल के विकल्प के तौर पर किया जाता है। कई लिगेसी वेस्ट सीमेंट उद्योग भी आरडीएफ का प्रयोग करते हैं। कंपनी का दावा है कि बचे हुए लिगेसी वेस्ट को जल्दी उठा लिया जाएगा। इसके बाद क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य होगा, साथ ही स्थानीय लोगों को भी बरसों से फैली गंदगी से निजात मिलेगी।

# पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस ने चोरी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक कथेड़ निवासी ईश्वर सिंह ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि यह वाकनाघाट में चल रही बेकरी की फैक्टरी से मुंगफली, गचक मठिया, तिलपटटी व बिस्कुट आदि को अपनी वैन में सप्लाई/बेचने हेतू सोलन लाता है और बाईपास कथेड़ के समीप पावर हाउस के पास अपनी उपरोक्त वैन में उक्त सामान को गाड़ी से ही बेचने का काम करता है।

इसकी वैन ज्यादातर कथेड़ में पावर हाउस के पास ही खड़ी रहती है तथा बेचने का सामान भी उक्त वैन में ही रहता है। पिछले कुछ समय से इसकी वैन से मुंगफली, मठिया व गच्चक इत्यादि की चोरी लगातार हो रही थी और गत 20 दिसंबर को भी इसकी वैन से उक्त खाने पीने की सामाग्री चोरी होनी पाई गई, जिस पर इसने उक्त वैन के पास निगरानी करनी शुरू कर दी। 1 जनवरी की रात को इसने एक व्यक्ति को उक्त वैन से छेड़खानी करते पाया जिस पर इसने इसे पकड़ने की कोशिश की परंतु वह व्यक्ति इसे देखते ही वहां से भाग गया।

चोरी हुए सामान की कीमत लगभग 13,000 रुपए है, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में चोरी की धारा 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी गौरव पुत्र नारायण सिंह निवासी गांव सिरीनगर डाकखाना व तहसील कंडाघाट जिला सोलन 2 जनवरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है तथा मामले में जांच जारी है।

# अर्की में इंडोर और दाड़लाघाट में बनेगा खेल स्टेडियम : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र में युवाओं को बेहतर खेल सुविधा एवं अधोसंरचना प्रदान करने के दृष्टिगत अर्की में शीघ्र ही इंडोर स्टेडियम तथा दाड़लाघाट में खेल स्टेडियम निर्मित किया जाएगा। संजय अवस्थी आज राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की में 17 वर्ष से कम आयु वर्ग की लड़कों की तीन दिवसीय जूनियर बाक्सिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि खेल तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार योजनाबद्ध कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दाड़लाघाट में खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि का चयन कर लिया गया है तथा शीघ्र ही इस स्टेडियम का निर्माण कार्य आरंभ होगा। इस स्टेडियम के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में खेल छात्रावास भी निर्मित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अर्की में निर्मित होने वाले इंडोर स्टेडियम में 'खेलो इंडिया' के तहत बॉक्सिंग केंद्र भी स्थापित किया जाएगा ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को श्रेष्ठ सुविधाएं मिलें। नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष अनुज गुप्ता व पार्षद, कांग्रेस पार्टी के सतीश कश्यप, उप मंडलाधिकारी अर्की यादविंदर पाल, तहसीलदार अर्की विपिन वर्मा, खंड विकास अधिकारी कुनिहार तन्मय कंवर, स्टेट बॉक्सिंग संघ के महासचिव एसके शांडिल, पंचवीर बॉक्सिंग क्लब अर्की के अध्यक्ष केके ठाकुर, पंचवीर बॉक्सिंग क्लब अर्की के सचिव भीम सिंह ठाकुर, क्लब के पदाधिकारी, सदस्य, जिला सोलन बॉक्सिंग संघ के कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर सिंह, राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार गौतम, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दीपक गुप्ता, बॉक्सिंग के राष्ट्रीय कोच मान सिंह ठाकुर, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता विवेक कटोच, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता शशिपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, अध्यापक, खिलाड़ी, छात्र तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।



राज्य स्तरीय अंडर-17 बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के साथ खिलाड़ी।

### पंचवीर बॉक्सिंग फेडरेशन के खिलाड़ियों ने छोड़ी छाप

**अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र विद्यालय अर्की में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर 17 बॉक्सिंग प्रतियोगिता जिला सोलन बॉक्सिंग एसोसिएशन व पंच वीर बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा आयोजन का समापन मुख्य अतिथि अर्की विधायक संजय अवस्थी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 12 जिलों के 140 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता समापन पर उन्होंने पंचवीर बॉक्सिंग फेडरेशन अर्की के कोच कमल किशोर ठाकुर व फेडरेशन के सचिव भीम सिंह ठाकुर की तारीफ करते हुए कहा कि आज उनके क्लब द्वारा प्रशिक्षित छात्र-छात्राएं प्रदेश ही नहीं, बल्कि राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में अपने क्षेत्र व प्रदेश का नाम उज्ज्वल कर चुके हैं।

# सायरीघाट को पर्यटन की दृष्टि से किया जाएगा विकसित : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारी तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि सायरीघाट को पर्यटन विशेष रूप से पारिस्थितिकी पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। डॉ. शांडिल गत सायं जिला सोलन के कंडाघाट उपमंडल के सायरीघाट में पर्यटन की दृष्टि से विकसित होने वाले चिन्हित निर्धारित स्थल का निरीक्षण कर रहे थे।

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. शांडिल ने कहा कि सायरीघाट में उपलब्ध 209 बीघा भूमि को ईको पर्यटन, धार्मिक पर्यटन तथा ग्रामीण पर्यटन की दृष्टि से उभारा जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए रेखाचित्र बनाने तथा सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से उभारने का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करना भी है। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं।

**ये रहे उपस्थित :** ग्राम पंचायत सायरी की प्रधान अंजू राठौर, ग्राम पंचायत काहला की प्रधान रीता देवी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुंदर सिंह जसवाल, कांग्रेस पार्टी के रमेश ठाकुर, ग्राम पंचायत सायरी के पूर्व प्रधान गोविंद भारद्वाज, बीडीसी सदस्य हेमा तन्वर, उपमंडलाधिकारी कंडाघाट सिद्धार्थ आचार्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अमित रंजन तलवार, जिला कल्याण अधिकारी गावा सिंह नेगी सहित विभिन्न अधिकारी एवं ग्रामीण इस अवसर पर उपस्थित थे।



सायरीघाट क्षेत्र का निरीक्षण करते कर्नल धनीराम शांडिल और आरएस बाली।

### ग्रामीण पर्यटन को दिया जा रहा बढ़ावा : बाली

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि ग्रामीण पर्यटन को विकसित करना प्रदेश सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि पर्यटक प्रदेश की समृद्ध संस्कृति से रू-ब-रू हो सकें।

### नाहन में कल बिजली बंद रहेगी

**नाहन।** विद्युत उपमंडल नाहन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र जिसमें नाहन शहर, गुन्नूघाट, चौगान, कच्चा टैंक के समस्त क्षेत्रों में 5 जनवरी को विद्युत आपूर्ति प्रातः 9 से सायं 6 बजे तक बाधित रहेगी।

सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नाहन ने बताया कि 33 केवी गिरिनगर नाहन लाइन व 33 केवी/11 केवी सब स्टेशन दो-सड़का तथा वहां से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडरों पर आवश्यक मरम्मत का कार्य किया जाना है जिस कारण विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि यह कार्य मौसम के अनुकूल होने पर ही प्रभावी रहेगा।

### पूर्व कर्मचारी नेता रंगी राम भट्टी का निधन

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पच्छाद क्षेत्र के नारग स्थित अजगा मैली गांव से संबंध रखने वाले पूर्व में कर्मचारी नेता रहे रंगी राम भट्टी 31 दिसंबर को दुनिया से चल बसे, जिस में क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन से समस्त भट्टी परिवार आहत है। स्व. रंगी राम भट्टी ने हिमाचल प्रदेश सरकार में कृषि विभाग में कृषि प्रसार अधिकारी के तौर पर सोलन व सिरमौर के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं 38 वर्षों तक आम जनता को प्रदान कीं। सेवानिवृत्ति के बाद उनकी समाज के प्रति समर्पण भावना को देखते हुए लोगों की प्रेरणा पाकर नारग वार्ड से वर्ष 2010 में उन्होंने पंचायत समिति सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ा जिसमें विजय प्राप्त की। उनके अच्छे कार्यों को देखते हुवे लोग काफी प्रभावित थे। इसके चलते लोगों ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और पच्छाद विधानसभा से वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव लड़वाने पर विवश किया। उन्होंने लोगों की जन भावना को देखते हुवे उस चुनौती को भी स्वीकार किया और 2018 में पहली मर्तबा पच्छाद क्षेत्र से विधान सभा चुनाव लड़ा। इस चुनाव में भले ही वह जीत हासिल नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने सत्ताधारियों को करारा सबक सिखाने में कामयाब रहे।

# डोडी गांव को नगर पंचायत अर्की में शामिल न करने की मांग

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की उपमंडल की ग्राम पंचायत बखालग के डोडी गांव को नगर पंचायत अर्की में शामिल न करने को लेकर ग्रामवासियों ने पंचायत प्रधान रूप देई व उपप्रधान पूर्ण चंद शर्मा के संयुक्त नेतृत्व में एसडीएम अर्की यादवेंद्र पाल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से गांव को नगर पंचायत अर्की में शामिल करने का विरोध किया गया है। पंचायत उपप्रधान पूर्ण शर्मा ने बताया कि उक्त प्रस्ताव अर्की नगर पंचायत द्वारा प्रदेश सरकार को प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत कार्यालय में आयोजित ग्राम सभा में ग्रामवासियों ने इस प्रस्ताव पर आपत्ति जताई थी और अर्की नगर पंचायत में शामिल होने का कड़ा विरोध किया था। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से डोडी गांव को नगर पंचायत में शामिल न करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

ज्ञापन के माध्यम से ग्रामवासियों ने सरकार से आग्रह किया है कि उनके गांव को बखालग पंचायत में ही रहने दिया जाए। इस अवसर पर नंदलाल शर्मा, नित्यानंद, हरीओम, नरेश, तुलसीराम, लब्धराम, जयनंद, हेमलता, अंजु देवी, उमा, अंबिका आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।



ग्रामवासियों ने पंचायत प्रधान रूप देई की अगुवाई में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन।

**हैरानी** खनन माफिया अवैध रूप से खनिज चोरी कर बैरियरों से होकर भेज रहा पंजाब

# उपरला अंदरोला खड्ड और आसपास के क्षेत्रों में माइनिंग खुलेआम

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

उपमंडल नालागढ़ में एक बार फिर से खनन माफिया सक्रिय हो चुका है। लंबे समय से बंद चल रहा अवैध खनन का कारोबार फिर से तेज होता नजर आ रहा है। खनन माफिया ने सरकारी और निजी भूमि को खोदना शुरू कर दिया है और सारा खनिज पंजाब को अवैध रूप से सप्लाई किया जा रहा है। पुलिस व प्रशासन अवैध माइनिंग को रोक पाने में फेल साबित हो रहे हैं।

नालागढ़ के पंजैहरा में उपरला अंदरोला खड्ड में अवैध माइनिंग कई दिनों से चल रही है। खनन माफिया ने खड्ड के साथ-साथ निजी लीज भूमि से भी अवैध खनन शुरू कर दिया है। नदी समेत आसपास के एरिया में कई-कई फुट के गहरे गड्ढे किए जा चुके है। हैरानी की बात तो यह है कि यह सारा चोरी किया जा रहा खनिज विभिन्न बैरियरों से होकर पंजाब को सप्लाई किया जा रहा है जबकि बॉर्डरों पर तैनात पुलिस पोस्ट कर्मचारी देखते रहते हैं। बता दें कि एसपी इल्मा अफरोज के द्वारा खनन माफिया पर लगातार भारी भरकम जुर्माने के साथ-साथ एनजीटी की कार्रवाई अमल में लाई जा रही थी, जिसके डर से खनन माफिया न खनन तक करना छोड़ दिया था, लेकिन उनके बद्दी पुलिस जिला से जाते ही माफिया फिर से बड़े उग्र रूप से सक्रिय हो चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि एसपी इल्मा अफरोज ने अपने 11 माह के कार्यकाल में दिखा दिया था कि अगर अवैध माइनिंग को पुलिस रोकना चाहे तो आसानी से रोक सकती है, लेकिन इन दिनों पुलिस आंखें बंद करके बैठी हुई है।



माइनिंग से क्षेत्र के खनिज किए जा रहे चोरी।

### ग्रामीण बोले-एसपी इल्मा की तरह पुलिस माइनिंग को आसानी से रोक सकती है

### 2024 में 452 चालान काट वसूले 82 लाख

एसपी इल्मा अफरोज के कार्यकाल में पुलिस जिला बद्दी हिमाचल प्रदेश का पहला ऐसा जिला है, जहां एनजीटी के तहत निर्धारित प्रावधानों के तहत चालान किए गए हैं। बद्दी पुलिस ने वर्ष 2024 में 18 मुकदमे दर्ज किए हैं, जबकि 452 चालान किए गए हैं जिसमें कुल 82,37,700 रुपए की राशि वसूली गई।

### खनन माफिया का तेजी से बढ़ रहा आतंक

उपरला अंदरोला खड्ड के साथ लीज पर ली गई भूमि के मालिक ने बताया कि उनकी भूमि को भी खनन माफिया नहीं छोड़ रहा है और सारा माल पंजाब को अवैध रूप से सप्लाई किया जा रहा है, जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से खनन बंद था, लेकिन अब फिर से तेजी से होना शुरू हो चुका है।


### हो रही कार्रवाई : अशोक

जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि अवैध खनन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते दिन भी अवैध खनन पर माइनिंग अधिनियम में मामला दर्ज किया गया और वर्ष 2024 में 452 चालान काटे गए।

### श्रीमद् देवी भागवत महापुराण व शतचंडी पाठ कल से

**अनंत ज्ञान, सोलन।** विश्व कल्याण के लिए चामत भड़ेच पंचायत के दयारशघाट स्थित देव दयारश व देव विजेश्वर के प्रांगण में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण व शतचंडी पाठ का आयोजन 5 से 14 जनवरी तक किया जाएगा। इस ज्ञान यज्ञ के दौरान कथा पंडाल में मां ज्वाला जी की दिव्य ज्योति भी विराजमान रहेगी। इस दौरान मूलपाठ एवं मां जगत जननी की महिमा का गुणगान आचार्य राहुल शर्मा करेंगे। इसके अंतर्गत शतचंडी पाठ, गायत्री जाप, नवार्ण मंत्र आदि भी होगा।

आचार्य सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि सभी इच्छुक ब्राह्मण इस यज्ञ में अपनी निशुल्क व निस्वार्थ सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी को इस कार्यक्रम का शुभारंभ देव पूजन एवं पुराण स्वागत के साथ होगा।




# कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा : अमित शाह

## गृह मंत्री ने कहा-धारा 370 खत्म होने के बाद कश्मीर में आतंकी घटनाओं में कमी आई

**अनंत ज्ञान, नई दिल्ली/चंडीगढ़**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने 'जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख: सातत्य और संबद्धता का ऐतिहासिक वृत्तांत' पुस्तक के विमोचन के दौरान यह स्पष्ट किया कि 'आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने का प्रयास किया, लेकिन, अमृतकाल में धारा 370 नामक उस नासूर को ही समाप्त कर दिया गया, जिसके बल पर जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने का प्रयास किया जा रहा था।'



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में कश्मीर में आतंकवाद के इकोसिस्टम को पूरी तरह समाप्त कर, शांति और स्थिरता को मजबूती देने का अभूतपूर्व काम किया गया है। धारा 370 खत्म होने के बाद कश्मीर में आतंकी घटनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक कमी हुई है और ये सिद्ध करता है कि धारा 370 आंतकवाद की पोषक थी। कश्मीर में पथराव की 2018 में 2,100 घटनाएं हुईं, जबकि 2023 में एक भी घटना नहीं हुई है। 33 साल बाद कश्मीर घाटी में थियेटर में नाइट शो चला है, ताजिया का जुलूस निकला है और श्रीनगर के लाल चौक पर कृष्ण जन्माष्टमी की झांकी देखने को मिली है।

'जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख: सातत्य और संबद्धता का ऐतिहासिक वृत्तांत' नामक इस पुस्तक ने बारीकी से यह साबित किया है कि देश के हर हिस्से में मौजूद संस्कृति, भाषाएं, लिपियां, आध्यात्मिक विचार, तीर्थ स्थलों की कलाएं, वाणिज्य और व्यापार हजारों साल से कश्मीर में मौजूद थे। लगभग 8 हजार साल पुराने ग्रंथों के संदर्भों पर आधारित इस पुस्तक ने स्पष्ट रूप से साबित किया है कि कश्मीर पहले भी भारत का अविभाज्य अंग था, आज भी है और हमेशा रहेगा। यह पुस्तक प्रमाणित करती है कि देश के कोने-कोने में बिखरी हुई हमारी समृद्ध विरासत हजारों वर्षों से कश्मीर में उपस्थित थी।

**'जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख: सातत्य और संबद्धता का ऐतिहासिक वृत्तांत' पुस्तक का विमोचन किया**

# कुछ 'कट्टर बेईमान' लोगों ने दिल्ली को 'आप-दा' में धकेल दिया: मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) को दिल्ली के लिए 'आपदा' करार देते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में कुछ 'कट्टर बेईमान' लोगों ने राष्ट्रीय राजधानी को 'आप-दा' में धकेल दिया है। पीएम ने राष्ट्रीय राजधानी में 4500 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया। उन्होंने दिल्ली के अशोक विहार में बने 1,675 फ्लैट्स का भी उद्घाटन किया। इसके बाद लोगों को संबोधित करते 'आप' के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कहा कि अगर राष्ट्रीय राजधानी में इसका शासन चलता रहा तो भविष्य में दिल्ली को वे 'और भी विकराल' स्थिति की तरफ ले जाएंगे। गरीबों के लिए नए घर का इनॉगरेशन करते हुए मोदी ने कहा कि मैं भी शीश महल बना सकता था, लेकिन मैंने कभी अपना घर नहीं बनाया, 10 सालों में 4 करोड़ गरीब परिवारों को पक्का घर दिया है। पीएम ने कहा कि दिल्ली में 500 जन औषधि केंद्र बनाए गए हैं। 80 फीसदी दवाओं पर डिस्काउंट मिलता है। 100 रुपए की दवा 15 रुपए में मिलती है। मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान योजना का लाभ देना चाहता हूं, लेकिन 'आप-दा' सरकार को दिल्ली वालों से दुश्मनी है। 'आप-दा' वाले योजना लागू नहीं होने दे रहे हैं।

### आपदा से दिल्ली को मुक्त करने की ठान चुके वोटर्स

**दिल्ली** में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार से चुनाव प्रचार की शुरूआत की। पीएम ने कहा कि बीते 10 साल में दिल्ली एक बड़ी आपदा से घिरी है। दिल्ली वालों ने आपदा के विरुद्ध जंग छेड़ दी है। वोटर आपदा से दिल्ली को मुक्त करने की ठान चुका है। दिल्ली का हर नागरिक कह रहा है, हर बच्चा कह रहा है, हर गली से आवाज आ रही है- आपदा को नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ



**देहरादून ।** नववर्ष पर मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से महानिरीक्षक आईटीबीपी संजय गुंज्याल एवं आईटीबीपी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुलाकात कर नववर्ष की बधाई दी। मुलाकात के दौरान महानिरीक्षक आईटीबीपी ने समसामयिक विषयों पर चर्चा करते हुए हाल ही में सब्जियां/मांस व दूरस्थ वाइब्रेंट विलेज हेतु टेली मेडिसिन पहुंचाने हेतु उत्तराखंड सरकार के साथ हुए एमओयू के बारे में जानकारी साझा की।

### गणतंत्र दिवस से पहले भाजपा देशभर में चलाएगी 'संविधान गौरव अभियान'

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संविधान का जश्न मनाने और इसके मूल्यों तथा इसके निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इस साल गणतंत्र दिवस के पहले करीब पखवाड़ा भर 'संविधान गौरव अभियान' चलाएगी। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भाजपा ने यह अभियान इसलिए शुरु करने का फैसला किया है, क्योंकि विपक्षी दलों ने उसपर देश के मार्गदर्शक दस्तावेज के मूल्यों को कमजोर करने के प्रयास का आरोप लगाया है। विपक्षी हमलों के बाद भाजपा ने खुद को संविधान के चैंपियन के रूप में पेश करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

### अखंड पाठ' में शामिल हुए सोनिया व खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी सहित कुछ अन्य नेता पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में आयोजित 'अखंड पाठ' (गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ) में शामिल हुए। मनमोहन सिंह का बीते 26 दिसंबर को 92 साल की आयु में निधन हो गया था। उनके आवास '3 मोतीलाल नेहरू मार्ग' पर उनकी स्मृति और सम्मान में शुक्रवार को 'अखंड पाठ' का आयोजन किया गया। इस मौके पर उनकी पत्नी गुरशरण कौर, परिवार के कई अन्य सदस्य शामिल हुए।

### चिली में 6.2 तीव्रता के भूकंप से कांपी धरती



**कैलामा।** चिली में कैलामा के पास एंटोफगास्टा क्षेत्र में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया है। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र कैलामा से 84 किमी उत्तर पश्चिम में पृथ्वी की सतह से 104 किमी की गहराई में था। हालांकि, अभी तक इसकी वजह से किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं आई है।

### हरि बाबू कंभमपति ने बने ओडिशा के राज्यपाल



**भुवनेश्वर।** हरि बाबू कंभमपति ने शुक्रवार को राजभवन में ओडिशा के 27वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। उड़ीसा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चक्रधारी शरण सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, विपक्ष के नेता नवीन पटनायक, राज्य के मंत्रियों, विधायकों, सांसदों, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में कंभमपति को पद की शपथ दिलाई। हाल ही में रघुबर दास द्वारा राज्यपाल के पद से त्यागपत्र दिए जाने के बाद अब उनके स्थान पर यह जिम्मेदारी कंभमपति संभालेंगे।


## पंजाब यूनिवर्सिटी में सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का शुभारंभ आज से

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

खो-खो स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ चंडीगढ़ (खो-खो इंडिया से संबद्ध) द्वारा 4 जनवरी से 7 जनवरी तक पंजाब यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स ग्राउंड में सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।

एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी, परमजीत सिंह राजपूत ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 25 राज्यों की पुरुष टीमों और 20 राज्यों की महिला टीमों के खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे। चैंपियनशिप के मुकाबले प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित किए जाएंगे,, जिसमें प्रतिदिन 8 मैच होंगे।

उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप का उद्घाटन 4 जनवरी को होगा।




इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में एशियन खो-खो फेडरेशन की जनरल सेक्रेटरी, रानी तिवारी, उपस्थित रहेंगी। परमजीत सिंह राजपूत ने कहा कि इस चैंपियनशिप का उद्देश्य खो-खो खेल को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देना, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना और युवा पीढ़ी को इस खेल की ओर प्रेरित करना है। इसके साथ ही, खिलाड़ियों में टीम भावना और खेल कौशल को निखारना भी हमारा लक्ष्य है।

## पंजाब और हरियाणा में छाया घना कोहरा

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा में शुक्रवार को घना कोहरा छाया रहा जबकि क्षेत्र में न्यूनतम तापमान सामान्य सीमा के आसपास रहा। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों राज्यों के बड़े हिस्से में पिछले कुछ दिनों से घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे अधिकांश स्थानों पर दृश्यता में कमी आई है।

चंडीगढ़ में सुबह घना कोहरा छाया रहा और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य सीमा से तीन डिग्री अधिक था। उन्होंने बताया कि दोनों राज्यों में अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास रहा। हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## तत्कार परफॉर्मिंग आर्ट्स ने मनाया स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, नई दिल्ली**

भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत को समर्पित एक प्रसिद्ध संस्था, तत्कार परफॉर्मिंग आर्ट्स ने 30 दिसंबर, 2024 को अपना पहला स्थापना दिवस मनाया, जिसका भव्य आयोजन 'टीएएफ24 तत्कार कला महोत्सव 24' के नाम से, दिल्ली के मुक्तधारा ऑडिटोरियम में किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि, दिल्ली में उपभोक्ता न्यायालय के जिला न्यायाधीश डॉ. राजेंद्र धर, जयपुर से एक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और संपर्क क्रांति समूह के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव विनायक शर्मा और प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान डॉ. जीत राम भट्ट जैसे सम्मानित अतिथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विशेष अतिथियों में दिल्ली विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर और कवयित्री डॉ. चारू भसीन कालरा और शिवालय स्कूल की ट्रस्टी रीना मदान शामिल रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह से हुई, जिसमें सभी सम्मानित अतिथियों ने भाग लिया।

## देश-विदेश

# इसराइल के हमलों में गाजा पुलिस प्रमुख समेत 71 लोगों की मौत

**एजेंसी, गाजा**



**गाजा** पट्टी पर इसराइली हवाई हमलों में कम से कम 71 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एन्क्लेव के पुलिस बल के प्रमुख और उनके डिप्टी भी शामिल हैं। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा के सरकारी मीडिया कार्यालय ने बताया कि इाराइली सेना ने 30 से अधिक हमले किए। इनमें अल-मवासी के तथाकथित मानवीय क्षेत्र और उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर पर भी अटैक हुआ।

इसराइली एयर स्ट्राइक में नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। इन हमलों में गाजा के पुलिस बल के प्रमुख महमूद सलाह और उनके डिप्टी हुसाम शाहवान उन 12 लोगों में शामिल थे, जो अल-मवासी में एक टेंट शिविर पर हुए हमले में मारे गए। इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने वार्ताकारों को कतर की राजधानी दोहा में बातचीत जारी रखने के लिए कहा है ताकि बंधकों की रिहाई के लिए डील फाइनल की जा सके।

## अमेरिका के कैलिफोर्निया में प्लेन क्रैश, 2 की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में (भारतीय समयानुसार देर रात) एक छोटा प्लेन एक बिल्डिंग की छत से टकराकर क्रैश हो गया। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है, साथ ही 18 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस के मुताबिक 10 लोगों को अस्पताल ले जाया गया है, जबकि 8 का मौके पर ही इलाज किया गया है। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। इस प्लेन ने ऑरेंज काउंटी के फुलर्टन म्यूनिसिपल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के 2 मिनट के अंदर ही यह क्रैश हो गया। बिल्डिंग में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। साथ आसपास के इलाके को खाली कर लिया गया है।

# दिल्ली में घने कोहरे से 100 से अधिक उड़ानों में विलंब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी में घना कोहरा छाए रहने से कुछ इलाकों में दृश्यता शून्य हो गई, जिससे शुक्रवार की सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों के परिचालन में देरी हुआ। फिलहाल किसी उड़ान का मार्ग परिवर्तित नहीं किया गया है।

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) ने 'एक्स' पर कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर 'लैंडिंग' और 'टेकऑफ' जारी रहने के बावजूद, जो उड़ानें सीएटी-तृतीय के अनुरूप नहीं हैं, उन पर असर पड़ सकता है।



### दिल्ली में बढ़ा प्रदूषण, ग्रैप-3 की पाबंदियां फिर लागू

**दिल्ली**-एनसीआर की वायु गुणवत्ता पर केंद्र के आयोग ने वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि के मद्देनजर क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप-3) के तहत तीसरे चरण के प्रतिबंधों को शुक्रवार को फिर से लागू कर दिया। दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है और 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 371 रहा।

## पेरिया दोहरा हत्याकांड : सीबीआई ने सुनाई 10 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**एजेंसी, कोच्चि**

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अदालत ने केरल में कासरगोड जिले के पेरिया में पांच साल पहले युवा कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं की हत्या किए जाने के मामले में शुक्रवार को 10 लोगों को दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एक पूर्व विधायक सहित चार अन्य को पांच साल कारावास की सजा सुनाई गई। अदालत ने गत शनिवार को उन्हें दोषी ठहराया था।

यह मामला 17 फरवरी, 2019 को कथित तौर पर माकपा कार्यकर्ताओं द्वारा युवा कांग्रेस कार्यकर्ता कृपेश (19) और सरत लाल पीके (24) की हत्या किए जाने से संबंधित है।

## राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के खिलाफ प्राथमिकी रद्द

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के खिलाफ कांके पुलिस थाने में दर्ज सभी आपराधिक मामलों को को रद्द कर दिया। प्रकाश ने 2021 में पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी और आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश, कांके से भाजपा के तत्कालीन विधायक समरी लाल के नेतृत्व में किसानों के अधिकारों के लिए किए गए प्रदर्शन का हिस्सा थे, जिसके बाद उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## लगातार 15 घंटे पूछताछ ज्यादती, पूर्व कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी अवैध : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने हरियाणा के पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने अवैध खनन मामले में पूर्व विधायक की गिरफ्तारी को अवैध करार दिया। साथ ही कांग्रेस नेता से लगभग 15 घंटे तक की गई पूछताछ को ज्यादती बताया। सुप्रीम कोर्ट ने इसे ईडी का अमानवीय आचरण कहा।

अवैध खनन मामले में कांग्रेस नेता सुरेंद्र पवार को हाईकोर्ट से रिहा किए जाने के फैसले को ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ईडी की याचिका को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईडी की ओर से लगातार 15 घंटे तक कांग्रेस नेता से की गई पूछताछ का आचरण पूरी तरह से अमानवीय था, क्योंकि यह किसी आतंकी गतिविधि नहीं बल्कि अवैध रेत खनन से जुड़ा मामला था। ऐसे मामले में लोगों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए।

# युवाओं का भविष्य मिटा रही भाजपा : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की परीक्षा से जुड़े विवाद का हवाला देते हुए शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी देश के युवाओं का भविष्य मिटा रही है।

राहुल ने दावा किया कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने छात्रों के भरोसे को तोड़ने के साथ ही लोकतांत्रिक प्रणाली का गला घोंटा है। राहुल गांधी ने एक्स पर कि भाजपा भारत के युवाओं का बिलकुल एकलव्य जैसा अंगूठा काट रही है, उनका भविष्य मिटा रही है। उन्होंने दावा किया कि सरकारी भर्ती में विफलता बड़ा अन्याय है। पहले तो भर्ती नहीं निकलती। भर्ती निकल जाए तो परीक्षा समय पर नहीं होती। परीक्षा हो तो पेपर लीक करवा दिए जाते हैं। जब युवा न्याय मांगते हैं तब उनकी आवाज़ को बेरहमी से कुचला जाता है।

राहुल ने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश और बिहार की घटनाओं के बाद अब मध्यप्रदेश में एमपीपीएससी में हुई गड़बड़ी का विरोध कर रहे दो छात्रों को जेल में डाल दिया गया है।

## गिरफ्तारी से बचे अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक-योल



**सियोल।** साउथ कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक-योल की गिरफ्तारी शुक्रवार को नहीं हो सकी। योल पर 3 दिसंबर को देश में मार्शल लॉ लागू करने के लिए आपराधिक जांच चल रही है। मंगलवार को सियोल की कोर्ट ने योल के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था। साउथ कोरिया में बड़े अधिकारियों के घोटालों की जांच के लिए बनी एजेंसी के अधिकारी और पुलिस अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक योल को हिरासत में लेने के लिए उनके घर पहुंचे थे, लेकिन योल की सुरक्षा में लगे करीब 200 गार्ड्स ने उन्हें गेट पर ही रोक दिया। इसी बीच वहां यून के घर के बाहर प्रदर्शनकारियों की भीड़ जुट गई। अपदस्थ राष्ट्रपति की गिरफ्तारी को लेकर करीब 6 घंटे तक हंगामा होता रहा, लेकिन पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाई।

# सेंसेक्स 720 अंक गिरकर 79,223 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 720 अंक की गिरावट के साथ 79,223 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 183 अंक की गिरावट रही, ये 24,004 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में गिरावट और 10 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 में गिरावट और 18 में तेजी रही। एनएसईसेक्टोरल इंडेक्स में आईटी सेक्टर सबसे ज्यादा 1.41 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं, बैंकिंग, फार्मा, हेल्थकेयर और फाइनेंशियल सर्विसेज से ज्यादा की गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि निफ्टी ऑयल एंड गैस में 1.26 फीसदी और मीडिया सेक्टर में 1.70 फीसदी की तेजी रही।




### एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.96 फीसदी की गिरावट और कोरिया के कोस्पी में 1.79 फीसदी की तेजी रही। वहीं, चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 1.57 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ।

### सोना और चांदी के दामों में आई तेजी

**सोने**-चांदी के दाम में तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 390 रुपए बढ़कर 77,469 रुपए पर पहुंच गया है। वीरवार को सोने की कीमत 77,079 रुपए प्रति दस ग्राम थी।

# चीन में कोरोना जैसा नया वायरस फैला, छोटे बच्चों पर ज्यादा असर

**एजेंसी, बीजिंग**



कोविड-19 के 5 साल बाद चीन में फिर एक बार नए वायरस का संक्रमण फैल रहा है। इसके लक्षण भी कोरोना वायरस की तरह ही है। इस नए वायरस का नाम ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस है, जो कि एक आएनए वायरस है। वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। चीन के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के मुताबिक, इसके लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और गले में घरघराहट शामिल हैं। एचएमपीवी के अलावा इन्फ्लुएंजा ए, माइकोप्लाज्मा निमोनिया और कोविड-19 के केस भी सामने आ रहे हैं। इसके मरीजों की संख्या लगातार बढ़ी है।दावा किया गया है कि चीन ने वायरस के फैलने के बाद कई जगहों पर इमरजेंसी घोषित कर दी है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### कप्तान रोहित शर्मा ने आखिरी टेस्ट से खुद को बाहर रखा

**सिडनी।** खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5वें और आखिरी टेस्ट से शुक्रवार को खुद



को बाहर रखा, जिससे टेस्ट क्रिकेट में उनके भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लग गया। रोहित अपने खराब फॉर्म की वजह से किसी मैच से बाहर रहने वाले पहले भारतीय कप्तान बने। उपकप्तान जसप्रीत बुमराह आखिरी टेस्ट में कप्तानी कर रहे हैं, जिन्होंने रोहित की गैर-मौजूदगी में पहले टेस्ट में भी कप्तानी की थी। भारत ने इस दौरे पर एकमात्र टेस्ट पर्थ में 295 रन से जीता था। बुमराह ने टॉस के समय कहा ,''हमारे कप्तान ने नेतृत्व का परिचय देकर खुद को इस टेस्ट से आराम दिया है। इससे साबित होता है कि टीम में कितनी एकता है।'' रोहित तीन टेस्ट की पांच पारियों में सिर्फ 31 रन बना सके हैं। सीमित ओवरों के क्रिकेट के दिग्गज 37 वर्ष के रोहित इन पारियों में सहज नहीं लगे और अपने चिर परिचित शॉट भी नहीं खेल पाए।

### विकेट ऐसा था कि आक्रामक खेलने की मनोदशा में नहीं था: पंत

**सिडनी।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5वें टेस्ट के पहले दिन उन्होंने संयम के साथ



बल्लेबाजी की क्योंकि एससीजी की पिच ऐसी थी कि वह स्वाभाविक आक्रामक खेल दिखा ही नहीं सके। मेलबोर्न में पिछले टेस्ट में गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर विकेट गंवाने के बाद आलोचना झेल रहे पंत ने 98 गेंद में 40 रन बनाए। पंत ने पहले दिन के खेल के बाद कहा ,''इस पारी में विकेट को देखते हुए मैं आक्रामक खेलने की स्थिति में नहीं था। कई बार आपको रक्षात्मक खेलना पड़ता है। कई बार ऐसे मौके थे जब मैं 50-50 जोखिम ले सकता था, लेकिन मैंने नहीं लिया।''

### दो दिवसीय राज्य स्तरीय बॉस्केटबाल प्रतियोगिता टौणी देवी में आज से



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** टौणी देवी में दो दिवसीय अंडर-19 बॉस्केटबॉल बॉयज राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 4 जनवरी से शुरू होगी। विजेता टीम को 11 हजार रुपए और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा जबकि उपविजेता टीम को 9100 रुपए और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता का आयोजन जय माता टौणी देवी बास्केटबॉल कमेटी द्वारा किया जा रहा है, जिसके अध्यक्ष विजय कुमार मलकानिया हैं। प्रतियोगिता का आयोजन गवर्नमेंट उत्कृष्ट सीनियर सैकेंडरी स्कूल टौणी देवी के ग्राउंड में किया जाएगी। अब तक हमीरपुर, कांगड़ा, बिलासपुर, मंडी, लाहौल-स्पीति, बिलासपुर जिलों की टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

## सिडनी टेस्ट

### टीम इंडिया की पहली पारी 185 रनों पर सिमटी, ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9/1

# विराट कोहली फिर नाकाम

**एजेंसी, सिडनी**

रोहित शर्मा ने भले ही टीम के हित में खुद को बाहर रखने का फैसला किया, लेकिन नए साल में भी भारतीय बल्लेबाजों का हाल नहीं बदला और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और आखिरी टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को पूरी टीम 185 रन पर आउट हो गई।

खराब फॉर्म और तकनीकी कमजोरियों से जूझ रहे विराट कोहली 69 गेंद में 17 रन बनाकर आउट हुए। ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद उन्हें लगातार परेशान करती आ रही है और यहां भी उन्होंने अपना विकेट आसानी से गंवा दिया।

पहले दिन का खेल समाप्त होने पर ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर 9 रन बनाये थे। कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने खराब फॉर्म से जूझ रहे उस्मान ख्वाजा (दो) को पैवेलियन भेज दिया। युवा सैम कोंस्टास सात रन बनाकर खेल रहे थे, जिन्होंने बुमराह को पहली गेंद पर चौका लगाया। बुमराह और कोंस्टास के बीच हल्की बहस भी देखी गई।



पारी के दौरान गेंद छोड़ते विराट कोहली।

इससे पहले बुमराह ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों को अति रक्षात्मक खेलने का खामियाजा भुगतना पड़ा।

ऑस्ट्रेलिया के लिए स्कॉट बोलैंड ने 20 ओवर में 31 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि मिशेल स्टॉर्क ने 18 ओवर में 49 रन देकर 3 विकेट चटकाए। कप्तान पैट कमिंस को दो विकेट मिले। रोहित का मैच से बाहर रहने का फैसला जहां भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया , वहीं लगातार खराब खेल रहे कोहली को टीम में बनाए रखने का कारण समझ में नहीं आया। कोहली के पास पारंपरिक प्रारूप की टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए अब बस एक पारी बची है।

ऋषभ पंत ने मैच के हालात के अनुरूप खेला और जोखिम उठाने से बचते रहे। मेलबोर्न में गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर विकेट गंवाने वाले पंत ने कई प्रहार झेलते हुए पूरा दूसरा सत्र निकाला। उन्होंने

उन्होंने रवींद्र जडेजा के साथ 5वें विकेट के लिए 151 गेंद में 48 रन जोड़े। पहले सत्र में 25 ओवर में सिर्फ 50 रन बने थे। आखिरकार पंत का संयम टूटा और एक पूल शॉट ने उनका विकेट ले लिया

**47,566** दर्शक सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर जुटे, जो दोनों टीमों के बीच किसी टेस्ट मैच में यहां पहले दिन दर्शक संख्या का नया रिकॉर्ड है।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल क. वेबस्टर ब. बोलैंड | 10 | 26 | 1/0 |
| राहुल क. सैम ब. स्टॉर्क | 14 | 14 | 0/0 |
| गिल क. स्मिथ ब. लियोन | 20 | 64 | 2/0 |
| कोहली क. वेबस्टर ब. बोलैंड | 17 | 69 | 1/0 |
| पंत क. कमिंस ब. बोलैंड | 40 | 98 | 3/1 |
| जडेजा पगबाधा ब. स्टॉर्क | 26 | 95 | 3/0 |
| नीतिश क स्मिथ ब. बोलैंड | 00 | 01 | 0/0 |
| वॉशिंगटन क. कैरी ब. कमिंस | 14 | 30 | 3/0 |
| कृष्णा क. सैम ब. स्टॉर्क | 03 | 10 | 0/0 |
| बुमराह क. स्टॉर्क ब. कमिंस | 22 | 17 | 3/1 |
| सिराज (नाबाद) | 03 | 16 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 26 | | |
| कुल : (72.2 ओवर) | 185/10 | | |

**विकेट पतन** : 1-11, 2-17, 3-57, 4-72, 5-120, 6-120, 7-134, 8-148, 9-168, 10-185.

**गेंदबाजी :** स्टॉर्क 18-5-49-3, कमिंस 15.2-4-37-2, बोलैंड 20-8-31-4, वेबस्टर 13-4-29-0, लियोन 6-2-19-1.

| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सैम (नाबाद) | 07 | 08 | 1/0 |
| ख्वाजा क. राहुल ब. बुमराह | 02 | 10 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 00 | | |
| कुल : ( 3 ओवर) | 9/1 | | |

**विकेट पतन** : 1-9.

**गेंदबाजी :** बुमराह 2-0-7-1, सिराज 1-0-2-0.

## 25 बच्चों ने लिया आइस स्केटिंग का बेसिक प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के ग्राम पंचायत दारचा में दारचा वेली मल्टी स्पोर्ट्स एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन व युवा क्लब दारचा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सात दिवसीय आइस स्केटिंग बेसिक प्रशिक्षण शिविर समापन समारोह में विधायक अनुराधा राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

बेसिक आइस स्केटिंग कोर्स के प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के 25 बच्चों ने भाग लिया। विधायक अनुराधा राणा ने प्रतिभागी बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विधायक अनुराधा राणा ने कहा की जिला लाहौल-स्पीति में भी शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है।



पर्यटन की अपार संभावनाओं को मध्य नजर रखते हुए साहसिक व शीतकालीन खेलों को लद्दाख व स्पीति की तर्ज पर बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कार्य योजना के तहत जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है। लाहौल घाटी में साहसिक व शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त स्थलों को चिन्हित किया जा रहा है। इन खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए युवा व पंचायत राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि भी आगे आएं और अपने बहुमूल्य सुझाव भी रखें।

## ज्यादा पैरा खिलाड़ियों को 'खेल रत्न' मिलते देखना अच्छा होता : प्रवीण कुमार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऊंची कूद के पैरा एथलीट प्रवीण कुमार पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक की बदौलत चार ध्यानचंद 'खेल रत्न' पुरस्कार विजेताओं में शामिल होने से खुश हैं और उनका कहना है कि और ज्यादा पैरा खिलाड़ियों का देश के इस सर्वोच्च खेल सम्मान के लिए चयन किया जाता तो उन्हें और अधिक खुशी होती। प्रवीण के अलावा दो ओलंपिक पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश और पेरिस खेलों के कांस्य विजेता पुरुष हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ 'खेल रत्न' से सम्मानित किया जाएगा।

टोक्यो ओलंपिक के अपने कांस्य को पेरिस में स्वर्ण में बदलने वाले तीरंदाज हरविंदर सिंह जैसे कुछ पैरा खिलाड़ियों ने 'खेल रत्न' के लिए विचार नहीं किए जाने पर निराशा व्यक्त की है। पेरिस पैरालंपिक में भारत ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर 29 पदक हासिल किए जिसमें सात स्वर्ण शामिल हैं।

प्रवीण ने कहा कि अगर पेरिस ओलंपिक के कुछ पदक विजेताओं को भी 'खेल रत्न' मिलता तो उन्हें खुशी होती, लेकिन उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।

उन्होंने कहा, ''मैं उनसे सिर्फ इतना कहूंगा कि हिम्मत नहीं हारें और अच्छा प्रदर्शन करते रहें। पैरा खेलों को सिर्फ एक 'खेल रत्न' दिया गया है और यह संख्या और होनी चाहिए थी। मुझे अच्छा लगता अगर दो-तीन और पैरा खिलाड़ियों को 'खेल रत्न' दिया जाता।''

